शनिवार, 29 मार्च 2025

मौसम

तापमान 39 – 25
आर्द्रता 51%
सूर्योदय: 5:33 सूर्यास्त: 17:51

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, चैत्र कृष्णपक्ष अमावस्या, वि.स. 2081, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

**सुविचार :** गलतियां सुधारने में बुद्धिमानी है, बहस करने से समस्यायें उत्पन्न होती हैं।



सत्रह साल बाद आरसीबी ने चेन्नई सुपर किंग्स को उसके गढ़ चेपॉक पर हराया -पृष्ठ 2

# थाईलैंड और म्यांमार में शक्तिशाली भूकंप

## 150 से अधिक लोगों की मौत



म्यांमार

**बैंकाक :** म्यांमार और पड़ोसी देश थाईलैंड में शुक्रवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। भूकंप से इमारतें, एक पुल और एक बांध नष्ट हो गया। म्यांमार में कम से कम 144 लोगों की मौत हुई है। यहां के दो सबसे ज्यादा प्रभावित शहरों से ली गई तस्वीरों और वीडियो में भारी नुकसान दिख रहा है। थाईलैंड की राजधानी बैंकाक में एक निर्माणाधीन बहुमंजिला इमारत के ढह जाने से कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई। शुक्रवार दोपहर आए भूकंप की तीव्रता 7.7 दर्ज की गई और इसका केन्द्र म्यांमार के दूसरे सबसे बड़े शहर मांडले के निकट था। इसके बाद 6.4 तीव्रता का एक और शक्तिशाली झटका महसूस किया गया। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुतारेस ने कहा कि विश्व निकाय म्यांमार की अंतरराष्ट्रीय मदद की अपील पर प्रतिक्रिया देने के लिए तैयार है। भूकंप से मौतों, हताहतों और विनाश को लेकर पूरी तस्वीर अबतक स्पष्ट नहीं है, खास तौर पर म्यांमार में, जो दुनिया के सबसे गरीब देशों में से एक है। यह गृहयुद्ध में उलझा हुआ है और यहां सूचना पर कड़ा नियंत्रण है। म्यांमार की सैन्य सरकार के प्रमुख ने शुक्रवार शाम को टेलीविजन पर प्रसारित संबोधन में कहा कि भूकंप संबंधी घटनाओं में कम से कम 144 लोग मारे गए और 730 अन्य घायल हुए।

**प्रधानमंत्री मोदी ने म्यांमार, थाईलैंड में भीषण भूंकप पर चिंता जताई, हरसंभव मदद का आश्वासन दिया**

### कोलकाता, इंफाल, मेघालय के पूर्वी गारो हिल्स में भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए

थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में 7.7 तीव्रता का भूकंप आने के बाद शुक्रवार को कोलकाता, इंफाल और मेघालय के पूर्वी गारो हिल्स जिले में भी हल्के झटके महसूस किए गए। भूकंप का केन्द्र मध्य म्यांमार में, मोनयवा शहर से लगभग 50 किमी पूर्व में था। कोलकाता और आसपास के इलाकों में हल्के झटके महसूस किए। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, भूकंप के कारण शहर में जानमाल के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। मणिपुर में, भूकंप के झटकों के कारण इंफाल के थंगल बाजार में लोगों में दहशत फैल गई, जहां कई पुरानी बहुमंजिला इमारतें हैं। पुलिस ने बताया कि अभी तक नुकसान की कोई सूचना नहीं है। अधिकारियों ने बताया कि मणिपुर के उखरुल जिले में अपराह्न एक बजकर सात मिनट पर भूकंप का एक और झटका आया, जिसकी तीव्रता 2.5 दर्ज की गई।

# लंदन यात्रा की सफलता से खुश मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा– ‘जीतकर फिर आऊंगी’

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने ऑक्सफोर्ड में अपने सफल भाषण के बाद आगामी योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि चौथी बार मुख्यमंत्री चुने जाने के बाद वह फिर से लंदन यात्रा पर जाएंगी। ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में मुख्यमंत्री के भाषण के दौरान कुछ राम–बाम समर्थकों ने कार्यक्रम में हंगामा करने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने अपना संयम नहीं खोया। मुख्यमंत्री ने इस बात को साबित कर दिया कि उन पर इन कोशिशों का कोई असर नहीं पड़ा है। इन तथाकथित एसएफआई समर्थकों को केलॉग कॉलेज के सभागार से बाहर कर दिया गया। उनका मुख्य उद्देश्य मुख्यमंत्री को असहज करना और उनके भाषण को विफल करना था, लेकिन वे इसमें सफल नहीं हो सके। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस घटनाक्रम पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी और भाषण के बाद वह बेहद खुश नजर आईं।



ऑक्सफोर्ड से लौटते समय मुख्यमंत्री ममता बनर्जी बहुत अच्छे मूड में थीं। उन्होंने अपने प्रतिनिधिमंडल और पत्रकारों के साथ खुशी–खुशी यात्रा की। इस दौरान रवींद्र संगीत, अतुलप्रसाद के गाने और ’वी शैल ओवरकम’ गाया। मुख्यमंत्री के चारों ओर प्रवासी बंगाली और विदेशी लोग भी उत्साहित थे और ऑक्सफोर्ड के छात्र भी उनके विचारों से प्रभावित हुए। उन्होंने विशेष रूप से ममता बनर्जी की वैकल्पिक अर्थव्यवस्था और सामाजिक नीतियों की सराहना की। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपने इस सफल दौरे को लेकर खुशी व्यक्त की। उन्होंने ऑक्सफोर्ड से लौटते समय यह कहा कि मैं चुनाव के बाद फिर आऊंगी, जिसका मतलब है कि वह 2026 के विधानसभा चुनाव में जीतकर चौथी बार मुख्यमंत्री बनकर फिर लंदन जाएंगी। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि अब से वह हर साल दो बार लंदन आना चाहेंगी। फिलहाल, उनका ध्यान बंगाल के विकास पर है और वह पूरी तरह से आश्वस्त हैं कि बंगालवासी उनके साथ हैं। मुख्यमंत्री का यह लंदन दौरा पूरी तरह से सफल रहा। शुक्रवार को उन्होंने हिथरो एयरपोर्ट से दुबई के लिए उड़ान भरी, और शनिवार को दुबई से कोलकाता के लिए रवाना होंगी।

## सीसीएस ने 156 प्रचंड हेलीकॉप्टर खरीदने के लिए 62,500 करोड़ रुपये से अधिक के अनुबंध को मंजूरी दी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (सी–सीएस) ने शुक्रवार को हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) से 62,500 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से 156 हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर ’प्रचंड’ की खरीद को मंजूरी दे दी, जो सेना की लड़ाकू क्षमता को मजबूत बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। ‘लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर’ (एलसीएच) प्रचंड भारत का पहला स्वदेशी रूप से डिजाइन और विकसित लड़ाकू हेलीकॉप्टर है जो 5000 मीटर से अधिक की ऊंचाई पर संचालन करने की क्षमता रखता है। सीसीएस के फैसले के बाद रक्षा मंत्रालय ने खरीद के लिए एचएएल के साथ दो अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए।

## न्यायमूर्ति वर्मा के आवास से नकदी मिलने पर प्राथमिकी दर्ज करने की अपील शीर्ष अदालत ने खारिज की

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को उस जनहित याचिका को ‘‘असामयिक’’ बताते हुए खारिज कर दिया, जिसमें दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के सरकारी आवास से कथित तौर पर बड़ी मात्रा में नकदी मिलने के मामले में दिल्ली पुलिस को प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया था। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइंया की पीठ ने कहा कि आंतरिक जांच चल रही है और निष्कर्ष आने के बाद प्रधान न्यायाधीश के सामने कई विकल्प खुले होंगे। इसलिए इस पीठ ने अधिवक्ता मैथ्यूज जे नेदुम्परा और तीन अन्य की याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। पीठ ने कहा, हमने प्रार्थनाएं देखी हैं। आंतरिक जांच पूरी होने के बाद, कई विकल्प खुले होंगे। अगर (आंतरिक जांच) रिपोर्ट में कुछ गड़बड़ होने का संकेत मिलता है, तो प्रधान न्यायाधीश रिपोर्ट का परीक्षण करने के बाद प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दे सकते हैं या मामले को संसद को भेज सकते हैं।

**नकदी बरामदगी विवाद के बीच सरकार ने न्यायमूर्ति वर्मा के स्थानांतरण की अधिसूचना जारी की**

सरकार ने शुक्रवार को दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा को इलाहाबाद उच्च न्यायालय स्थानांतरित करने की अधिसूचना जारी कर दी। न्यायमूर्ति वर्मा के दिल्ली स्थित आधिकारिक आवास से कथित तौर पर भारी मात्रा में नकदी मिलने को लेकर उत्पन्न विवाद के बीच विधि मंत्रालय ने यह अधिसूचना जारी की है।

## भारत के प्रयासों, नवाचारों और विचारों को आज जो महत्व मिल रहा है, वह पहले कभी नहीं था: मोदी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि भारत के प्रयासों, नवाचारों और विचारों को आज जो महत्व मिल रहा है, वह पहले कभी नहीं था। ‘भारत आज क्या सोचता है’ विषय पर ‘टीवी9’ के शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि भारत न केवल विश्व व्यवस्था में भाग ले रहा है, बल्कि उसके भविष्य को सुरक्षित बनाने में भी योगदान दे रहा है। उन्होंने कहा, ‘‘आज दुनिया भी भारत के विकास के मॉडल को स्वीकार रही है। आज भारत सिर्फ सपनों का राष्ट्र (नेशन ऑफ ड्रीम्स) नहीं है, बल्कि ऐसा राष्ट्र है, जो करके दिखाता है (नेशन दैट डेलिवर्स)।’’ उन्होंने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) जैसी जांच एजेंसियों की आलोचना करने के लिए विपक्षी दलों पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए कहा कि जिन्होंने जनता का पैसा लूटा है, उन्हें यह पैसा लौटाना पड़ा है। उन्होंने कहा, ‘‘ईडी को दिन–रात कोसा जा रहा है। इसने 22,000 करोड़ रुपये से अधिक की वसूली की है। यह पैसा कानूनी रूप से उन लोगों को लौटाया जा रहा है, जिनसे यह लूटा गया था।’’ उन्होंने स्वास्थ्य बीमा,



रसोई गैस सिलेंडर, शौचालय निर्माण और पाइप से पेयजल आपूर्ति जैसे अपने व्यापक कल्याणकारी कार्यक्रमों का हवाला देते हुए कहा कि देश ने उनकी सरकार के 10 साल के कार्यकाल में आकांक्षा से उपलब्धि और हताशा से विकास की ओर यात्रा की है। प्रधानमंत्री ने कहा, ‘‘आज दुनिया की नजर भारत पर है। दुनिया जानना चाहती है कि भारत आज क्या सोचता है? (व्हाट इंडिया थिंक्स टुडे)। भारत आज, वर्ल्ड ऑर्डर में सिर्फ भागीदारी ही नहीं कर रहा, बल्कि भविष्य को आकार दे रहा है और सुरक्षित करने में भी योगदान दे रहा है।’’ उन्होंने यह भी कहा कि अतीत में दुनिया ने देखा है कि दूसरे विश्व युद्ध के बाद जब भी कोई वैश्विक संगठन बना, तो उसमें कुछ ही देशों का एकाधिकार रहा।

## हवाई किरायों की अधिकतम सीमा तय की जाए: लोस में विपक्षी सांसदों ने की मांग

**नयी दिल्ली :** लोकसभा में शुक्रवार को विपक्ष के कई सदस्यों ने सरकार से आग्रह किया कि विमानन कंपनियों की मनमानी पर नियंत्रण करते हुए हवाई किरायों की अधिकतम सीमा तय की जाए। सदन में गैर–सरकारी कामकाज के तहत कांग्रेस सदस्य शफी परम्बिल के ‘देश में हवाई यात्रा किराये के विनियमन के लिए उचित उपाय’ संबंधी निजी संकल्प पर चर्चा में भाग लेते हुए विपक्षी सदस्यों ने समय–समय पर हवाई किरायों में बेतहाशा बढ़ोतरी का विषय उठाया। कांग्रेस के डीन कुरियाकोस ने कहा कि हवाई किरायों में बेतहाशा बढ़ोतरी की ओर सरकार को ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार को विमानन संबंधी संसदीय समिति की उस सिफारिश पर अमल करना चाहिए जिसमें बिना वजह किराया बढ़ाने पर विमानन कंपनियों पर जुर्माने की बात की गई थी। कुरियाकोस ने कहा, ‘‘हम किसी परोपकार की मांग नहीं कर रहे हैं। हमारी मांग सिर्फ यह है कि विमान किराये की आड़ में यात्रियों का दोहन बंद होना चाहिए।’’ समाजवादी पार्टी के आनंद भदौरिया ने कहा कि ‘हवाई चप्पल वालों को हवाई यात्रा’ का सरकार का नारा विफल साबित हुआ है। उन्होंने कहा कि महाकुंभ के दौरान प्रयागराज का हवाई किराया इतना ज्यादा था कि आम आदमी विमान से यात्रा करने के बारे में सोच भी नहीं सकता था। भदौरिया ने कहा कि 1994 से पहले हवाई किराये पर सरकार का पूर्ण नियंत्रण था, लेकिन बाद में कानून में बदलाव के बाद नियंत्रण विमानन कंपनियों का हो गया। उन्होंने कहा कि हवाई किराये की अधिकतम सीमा तय होनी चाहिए ताकि विमानन कंपनियां उस तय सीमा से ऊपर किराया नहीं बढ़ा सकें। सपा सांसद ने नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू से आग्रह किया कि विमानन कंपनियों के व्यावसायिक हितों और यात्रियों के बीच संतुलन वाली नीति बनाई जाए। तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा ने कहा कि 2019 से 2024 के बीच भारत घरेलू विमानन बाजार में हवाई किरायों में 43 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई।

## पश्चिम बंगाल छोड़कर, सभी राज्य आयुष्मान भारत योजना में शामिल : नड्डा

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने शुक्रवार को संसद को बताया कि 26 मार्च तक, पश्चिम बंगाल को छोड़कर, देश के सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को आयुष्मान भारत–प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी–पीएमजेएवाई) में शामिल कर लिया गया है। नड्डा ने कहा कि आयुष्मान भारत–प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की शुरुआत से लेकर एक मार्च 2025 तक इसके तहत 8.9 करोड़ से अधिक मरीज अस्पताल में भर्ती हुए। एक सवाल के लिखित जवाब में नड्डा ने लोकसभा को बताया कि 20 मार्च तक इस योजना के तहत मान्यता प्राप्त सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं (आशा), आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और आंगनवाड़ी सहायिकाओं (एडब्ल्यूएच) के लाभार्थी परिवारों के लिए क्रमशः 10.21 लाख, 14.47 लाख और 14.76 लाख से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि एक मार्च 2025 तक 13,866 निजी और 17,091 सार्वजनिक अस्पतालों सहित 30,957 अस्पतालों को इस योजना के तहत सूचीबद्ध किया गया है।

RED-X
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
‘X’ Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

### मनोज कुमार अग्रवाल बंगाल के नए मुख्य निर्वाचन अधिकारी नियुक्त

**कोलकाता, समाज्ञा :** मनोज कुमार अग्रवाल बंगाल के नए मुख्य निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किए गए है। आरिज आफ़ताब की सेवानिवृत्ति के तीन महीने बाद शुक्रवार को उन्हें नियुक्त किया गया है। बता दें कि अब तक अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी दिव्येंदु दास उस पद की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। चुनाव आयोग ने 1990 बैच के आईएएस अधिकारी को पूर्णकालिक मुख्य निर्वाचन अधिकारी नियुक्त करने की घोषणा की है। पश्चिम बंगाल में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। उस वोट का प्रबंधन करना मनोज कुमार अग्रवाल की मुख्य जिम्मेदारी बन गई है। मनोज वर्तमान में वन विभाग के साथ–साथ आपदा प्रबंधन एवं नागरिक सुरक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव के पद पर कार्यरत हैं। चुनाव आयोग ने घोषणा की है कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी का पदभार ग्रहण करने के बाद वह अन्य सभी कर्तव्यों से मुक्त हो जाएंगे। वह केवल राज्य निर्वाचन विभाग की जिम्मेदारियां संभालेंगे।

## रेलवे काउंटर से लिया गया ट्रेन टिकट ऑनलाइन रद्द किया जा सकता है : वैष्णव

**नयी दिल्ली :** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को संसद में कहा कि टिकट काउंटर से खरीदे गए टिकट को आईआरसीटीसी वेबसाइट या पूछताछ नंबर 139 के माध्यम से ऑनलाइन रद्द कराया जा सकता है, लेकिन राशि प्राप्त करने के लिए रेलवे आरक्षण केंद्र जाना होगा। भाजपा सांसद मेधा विश्राम कुलकर्णी ने सवाल किया था कि क्या टिकट रद्द कराने के लिए ट्रेन के प्रस्थान से पहले स्टेशन जाने की आवश्यकता है। वैष्णव ने इस सवाल के लिखित जवाब में राज्यसभा में कहा कि रेलवे



यात्री (टिकट रद्द करना और किराया वापसी) नियम 2015 में निर्धारित समय सीमा के अनुसार पीआरएस काउंटर (रेलवे आरक्षण केंद्र) से लिए गए प्रतीक्षा सूची वाले टिकट को सौंपने पर आरक्षण काउंटर पर टिकट को रद्द कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा, ‘‘हालांकि, सामान्य परिस्थितियों में, पीआरएस काउंटर टिकट को रेलवे यात्री (टिकट रद्द करना और किराया वापसी) नियम 2015 के अनुसार निर्धारित समय सीमा के भीतर आईआरसीटीसी वेबसाइट या 139 के माध्यम से ऑनलाइन भी रद्द किया जा सकता है और आरक्षण काउंटरों के मूल पीआरएस काउंटर पर टिकट जमा कर रिफंड राशि ली जा सकती है।’’

## प्रधानमंत्री मोदी तीन से छह अप्रैल तक थाईलैंड, श्रीलंका की यात्रा पर जाएंगे

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अगले सप्ताह थाईलैंड और श्रीलंका की यात्रा पर जाएंगे, जिसमें भारत की नई घोषित ‘महासागर नीति’ के तहत क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देने और स्थिर तथा समृद्ध हिंद–प्रशांत के लिए दृष्टिकोण पर व्यापक ध्यान केंद्रित किया जाएगा। यात्रा के पहले चरण में, प्रधानमंत्री थाईलैंड द्वारा आयोजित छठे ‘बिम्सटेक’ शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए तीन से चार अप्रैल तक बैंकॉक का दौरा करेंगे। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि यह प्रधानमंत्री की थाईलैंड की तीसरी यात्रा होगी। थाईलैंड से, मोदी कोलंबो के शीर्ष नेतृत्व के साथ बातचीत करने की खातिर तीन दिवसीय यात्रा के लिए श्रीलंका जाएंगे।

## बिधाननगर में फिर अंतरराष्ट्रीय फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़, 3.7 करोड़ रुपये नकद बरामद व दो गिरफ्तार

- **सोने के आभूषण, 14 एंड्रॉयड फोन, दो नोटबुक, एक नकदी गिनने की मशीन, छह डेस्कटॉप और चार मोबाइल फोन भी जब्त**
- **अमेरिकी सहित विदेशी नागरिकों को तकनीकी सहायता उपलब्ध कराने के नाम पर ठगी का आरोप**

**कोलकाता, समाज्ञा :** बिधाननगर में फिर अंतरराष्ट्रीय फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़ हुआ है। जानकारी के अनुसार, बिधाननगर डिटेक्टिव पुलिस की साइबर अपराध और बिधाननगर इलेक्ट्रॉनिक्स कॉम्प्लेक्स थाने द्वारा संयुक्त अभियान में दो स्थानों पर तलाशी ली गई और कुल 3.7 करोड़ रुपये नकद बरामद किया गया। पुलिस ने सेक्टर 5 में बिल्डिंग से 67 लाख रुपये बरामद किए गए, जबकि बागुईआटी चिनार पार्क में एक घर से 3.3 करोड़ रुपये बरामद किया। इसके अलावा, सोने के



आभूषण, 14 एंड्रॉयड फोन, दो नोटबुक, एक नकदी गिनने की मशीन, छह डेस्कटॉप और चार मोबाइल फोन जब्त किए गए। पुलिस ने इस घटना में 2 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि यहां अमेरिकी नागरिकों सहित विदेशी नागरिकों को तकनीकी सहायता उपलब्ध कराने के नाम पर ठगा जा रहा था। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गुरुवार को एक गुप्त सूचना के आधार पर, खुफिया अधिकारियों ने सेक्टर पांच स्थित इमेजिन टेक पार्क नामक इमारत पर संयुक्त छापेमारी की। वहां जाकर पता चला कि आरोपियों ने एक कार्यालय बना रखा था और धोखाधड़ी का गिरोह चला रहे थे। छापे के दौरान इमारत में दो लोग मौजूद थे। वहां उनके लैपटॉप और डेस्कटॉप के साथ 67 लाख रुपये बरामद किया गया। अधिकारियों ने उनसे पूछताछ के बाद बागुईआटी चिनार पार्क स्थित एक फ्लैट पर छापा मारा। उस घर की फॉल्स सिलिंग और बेड रूम से भारी मात्रा में नकद बरामद किया गया। शुक्रवार को बिधाननगर कमिश्नरेट के डीसी (हेड क्वार्टर) कुलदीप एस.एस. ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि गिरफ्तार लोगों के लैपटॉप और डेस्कटॉप को देखने के बाद पता चला कि आरोपी वहां मौजूद डायलर का इस्तेमाल करके विदेश में कॉल करते थे। उनसे पूछताछ के बाद पता चला कि उनके पास अमेरिकी नागरिकों सहित अन्य देशों के निवासियों का डेटा है। वहां से वे उन विदेशी नागरिकों को कॉल करते थे और उन्हें तकनीकी सहायता देकर ठगते थे। यह पैसा गिफ्ट कार्ड और बिटकॉइन के जरिए लिया जाता था। फिर, पैसे को दूसरे देश में भेजकर भुनाया जाता था। पुलिस गिरफ्तार लोगों से पूछताछ कर यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इस धोखाधड़ी के गिरोह में कोई और भी शामिल है या नहीं।

अष्टम् पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि



रीमा देवी जायसवाल

आप 29.03.2017 को परलोक गमन कर गयीं।
भगवान आपकी आत्मा को शान्ति प्रदान करें।

शोकाकुल :
राधेश्याम जायसवाल (पति)
रेशमा जायसवाल (सास), अशोक–सुषमा (पुत्र–पुत्रवधू), मनोज–सोनी (पुत्र–पुत्रवधू), मोनिका–सोनू (पुत्री–दामाद) राजाराम, धरमराज, घनश्याम, प्रदीप (देवर), विग्यांश, वेदांश, शौर्य, अवनीश (पौत्र)

R S ENTERPRISES
45/42, M S P C Lane, Howrah-711101



# हरियाणा में रोजगारपरक शिक्षा को दें बढ़ावा

हरियाणा विधानसभा के मौजूदा सत्र में कई महत्वपूर्ण विधायी पहल हुई हैं, जो एक लोककल्याणकारी सरकार की प्राथमिकताएं सुनिश्चित करती हैं। इसमें किसानों को नकली इनपुट से सुरक्षा कवच देना भी सराहनीय कदम रहा है। वहीं हाल ही में सुनहरे भविष्य की आकांक्षा लेकर विदेश जाने वाले युवाओं की हितरक्षा में उठाये गए कदम निश्चय ही सराहनीय हैं। हरियाणा के मौजूदा विधानसभा सत्र में हरियाणा ट्रैवल एजेंट पंजीकरण और विनियमन विधेयक, 2025 पारित किया जाना एक महत्वपूर्ण कदम है, जो वक्त की सख्त जरूरत भी थी। ट्रैवल एजेंसियों के पंजीकरण को अनिवार्य करना और उल्लंघन पर सख्त दंड का प्रावधान उम्मीद जगाता है कि अब विदेश जाने वाले लोगों के साथ होने वाली धोखाधड़ी पर अंकुश लग सकेगा। इस कानून का उल्लंघन करने पर सात साल की कैद और पांच लाख रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान किया गया है। निश्चित रूप से सरकार ने अपने नागरिकों को धोखे और मानव तस्करी से बचाने के लिये एक आवश्यक कदम उठाया है। लगातार होने वाले आव्रजन घोटालों की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि के मद्देनजर, इस कानून की लंबे समय से प्रतीक्षा की जा रही थी। लेकिन जहां सख्त कानून का सही ढंग से क्रियान्वयन इस दिशा में सफलता सुनिश्चित करेगा, वहीं इसके लिये जन जागरूकता अभियान चलाने की भी जरूरत है। साथ ही प्रभावी प्रवर्तन के साथ ही यह सुनिश्चित करना भी जरूरी है कि लोग अनधिकृत एजेंटों के चक्रव्यूह में न फंसें। वास्तव में यह विधेयक एक महत्वपूर्ण कदम तो है, लेकिन इसे बेरोजगारी को दूर करने की व्यापक रणनीति का हिस्सा भी होना चाहिए। यदि हम राज्य के युवाओं के लिये अपने देश में बेहतर रोजगार के अवसर पैदा कर सकें तो युवाओं को फिर अपने सपने पूरे करने के लिये विदेश जाने की जरूरत ही नहीं होगी। निस्संदेह, कोई भी व्यक्ति अपना घर-परिवार, अपना धार्मिक-सांस्कृतिक परिवेश छोड़कर परदेश नहीं जाना चाहता। लेकिन जब आकांक्षाओं के अनुरूप रोजगार के अवसर नहीं मिलते तो ही वह मजबूरी में विदेश जाने की लालसा रखता है।

यह एक निर्विवाद सत्य है कि बेहतर रोजगार की स्थितियां हमारे शैक्षिक वातावरण पर भी निर्भर करती हैं। यदि हम परंपरागत शिक्षा से इतर रोजगार व कौशल विकास की शिक्षा को अपनी प्राथमिकता बनाएं तो स्थिति बदल सकती है। इसके लिये जरूरी है कि राज्य में रोजगारपरक शिक्षा के अनुकूल वातावरण बनाया जाए। इस दिशा में गंभीर प्रयासों की सख्त जरूरत है। उम्मीद की जा रही थी कि विधानसभा सत्र में राज्य में सरकारी स्कूलों के बुनियादी ढांचे को सुधारने के लिये उत्साहजनक पहल की जाएगी। इस मुद्दे को प्राथमिकताओं में शामिल करके इस बार गंभीर बहस होगी। दरअसल, हाल के दिनों में कई स्कूलों के भवनों की स्थिति व सुरक्षा आदि को लेकर अभिभावक चिंता जताते रहे हैं। हर अभिभावक चाहता है कि सरकारी स्कूलों में बेहतर साफ-सफाई, शौचालयों और पीने के पानी जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध रहें। दरअसल, देखने में आया है कि कई ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में छात्रों की संख्या जितनी अधिकता में है, उस अनुपात में शिक्षक उपलब्ध नहीं हैं। हालांकि, विपक्ष ने इस मुद्दे पर सरकार का ध्यान तो खींचा, लेकिन अन्य राजनीतिक मुद्दों में उलझाव के चलते शिक्षा के मुद्दे पर वैसे गंभीर बहस नहीं हो पायी , जैसी अपेक्षित थी। वैसे सरकार की तरफ से इस बाबत प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए बजट आवंटन और भविष्य में सुधार का आश्वासन तो दिया गया, लेकिन इन वायदों का हकीकत में बदलना भी उतना ही जरूरी है। ये नौकरशाही का भी दायित्व बनता है कि छात्र सुरक्षित परिस्थितियों में अध्यापन करें। निस्संदेह, नौकरशाही की अक्षमताएं प्रगति के मार्ग में बाधा बनती हैं। जरूरत इस बात की भी है कि हमारी शिक्षा वक्त की जरूरतों के साथ जुड़ी हो। ताकि छात्र विदेशों में रोजगार तलाशने की बजाय अपने रोजगार खुद सृजित कर सकें। यह तभी संभव है जब हमारी शिक्षा व्यवस्था में आमूलचूल परिवर्तन होगा। शिक्षा व्यवस्था छात्र छात्राओं की मौलिक प्रतिभा का न केवल विकास करे, बल्कि उसका संवर्धन भी करे। भारत युवाओं का देश है। युवाओं की क्षमताओं व योग्यता का न्यायसंगत उपयोग होना चाहिए।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 29 मार्च, शनिवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2081, चैत्र कृष्णपक्ष अमावस्या, 16:26 तक, नक्षत्र : उत्तरभाद्रपदा, 19:17 तक, योग : ब्रह्मा, 21:55 तक, सूर्योदयः 5:33, सूर्यास्तः 17:51, चन्द्रोदय : 05:15, चन्द्रास्तः 17:49, शक सम्वतः 1946 क्रोधी, सूर्य राशि : मीन, चन्द्र राशि : मीन, राहू काल : 08:38 से 10:10

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि वालों के लिए दिन करियर के लिए बहुत अच्छा है। भाग्य का साथ मिलेगा और तरक्की के रास्ते खुलेंगे। धन और सम्मान में वृद्धि होगी जिससे मन खुश रहेगा।

**वृष :** वृषभ राशि वालों के लिए दिन करियर में सफलता लेकर आएगा। तरक्की मिलने की संभावना है और सांसारिक सुखों में भी वृद्धि होगी। शाम को आर्थिक मदद मिल सकती है।

**मिथुन :** मिथुन राशि वालों को करियर में मेहनत करने से सफलता मिलेगी। रुके हुए काम पूरे होंगे और नए काम में निवेश करने से लाभ होगा। अचानक खर्च बढ़ सकता है।

**कर्क :** कर्क राशि वालों के लिए दिन करियर में फायदेमंद है। हर काम में सफलता मिलेगी, जिससे मन प्रसन्न रहेगा। आध्यात्मिक ज्ञान में वृद्धि होगी और आगे बढ़ने के नए मौके मिलेंगे।

**सिंह :** सिंह राशि वालों के लिए दिन लाभदायक है। किसी बहुमूल्य वस्तु की प्राप्ति हो सकती है। शान-शौकत पर खर्च करेंगे, लेकिन गरीबों की मदद करने से खुशी मिलेगी और पुण्य मिलेगा।

**कन्या :** कन्या राशि वालों के लिए तरक्की का दिन है। प्रभाव और प्रताप में वृद्धि होगी। शाम के समय कुछ अनचाहा खर्च आ सकता है, लेकिन मजबूरी में करना पड़ेगा।

**तुला :** तुला राशि वालों को परिश्रम से सफलता मिलेगी और समाज और परिवार से सहयोग मिलेगा। नौकरीपेशा लोगों के अधिकार में वृद्धि होगी, लेकिन साथ ही जिम्मेदारियां भी बढ़ेंगी।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि वालों के लिए दिन मिलाजुला रहेगा। अनावश्यक खर्च बढ़ सकते हैं, जिससे चिंता हो सकती है। लेकिन शाम को कोई खुशखबरी मिल सकती है।

**धनु :** नौकरी में बदलाव की योजना बना रहे लोग किसी दूसरी जगह अप्लाई कर सकते हैं। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से आपको धन लाभ मिलने की संभावना है।

**मकर :** आज का दिन आपके लिए प्रसन्नता दिलाने वाला रहेगा। आपकी कमाई के अवसर दूर होंगे। आपको अपने अनुभवों का पूरा लाभ मिलेगा। आप संतान की संगति पर विशेष ध्यान दें।

**कुम्भ :** आज आपको समाज में अच्छे कामों से मान-सम्मान भरपूर मात्रा में मिलेगा। आपको बिजनेस में लंबे समय से चली आ रही समस्याओं से भी काफी हद तक राहत मिलेगी।

**मीन :** आज आपको अपनी सेहत का ध्यान देने की आवश्यकता है, क्योंकि मौसम का विपरीत प्रभाव आपके स्वास्थ्य पर पड़ सकता है और लाभ के चक्कर में किसी गलत योजना में धन ना लगाएं।

# भारत के सशक्त स्वास्थ्य मोर्चे का दुनिया ने लोहा माना



ललित गर्ग

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'स्वस्थ भारत मिशन' के तहत देश भर में चलाई जा रही विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं से देश में व्यापक पैमाने पर बदलाव ही नहीं, बल्कि आमूल-चूल परिवर्तन आया है। यह बात हम नहीं कह रहे, बल्कि पूरी दुनिया इस योजना का लोहा मान रही है। संयुक्त राष्ट्र ने भारत में विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं के तहत शिशु मृत्यु दर में कमी लाने की तारीफ की है। इतना ही नहीं यूएन ने प्रधानमंत्री मोदी की आयुष्मान भारत योजना को भी शानदार, अनूठी एवं प्रेरक बताया है। एक कार्यक्रम के दौरान विश्व निकाय ने 'आयुष्मान भारत' जैसी स्वास्थ्य पहलों का उदाहरण देते हुए शिशु मृत्यु दर में कमी लाने में भारत के प्रयासों और प्रगति की सराहना की तथा इसे 'अनुकरणीय' बताया। मोदी सरकार के ऐसे कामों एवं उपलब्धियों की आलोचना करने वालों को प्रशंसा भी करनी चाहिए, क्योंकि अच्छे काम के लिए प्रशंसा सरकारों को मूल्यवान महसूस कराती हैं और उन्हें अपने काम के प्रति अधिक वफ़ादार एवं जिम्मेदार बनाती हैं। अनेक शोध के अनुसार, जो देश एवं प्रांत अपनी सरकारों की उल्लेखनीय उपलब्धियों को मान्यता देते हैं, उनकी उत्पादकता और प्रदर्शन में अधिक वृद्धि देखी जाती है और दुनिया इसकी प्रशंसा करती है। प्रशंसा और आभार व्यक्त करने से समुदाय की भावना, जिम्मेदारी और राष्ट्र के लिये कुछ अधिक सशक्त करने का एक कारण मिलता है। ऐसे कारणों से नया भारत, विकसित भारत एवं सशक्त भारत का निर्माण होता है।

मोदी सरकार अनेक क्षेत्रों में अनूठा एवं विलक्षण करते हुए देश से न केवल गरीबी का कलंक मिटाया है बल्कि अनेक समस्याओं से मुक्ति भी दिलायी है। स्वास्थ्य मोर्चे पर भारत की उपलब्धियों आश्चर्यकारी रही है, कोरोना-काल में भारत ने दुनिया को स्वास्थ्य-सहायता पहुंचायी है। वर्ष 2000 के बाद भारत में नौनिहालों का जीवन बचाने की सार्थक एवं प्रभावी मुहिम छेड़ी है, जो एक बड़ी छलांग एवं उपलब्धि है। संयुक्त राष्ट्र की एक एजेंसी के इस आकलन से मोदी सरकार अपनी पीठ थपथपा सकती है कि संयुक्त राष्ट्र एजेंसी की रिपोर्ट में उन योजनाओं और कार्यक्रमों का उल्लेख किया गया है, जिनके चलते शिशुओं की मृत्युदर कम करने में सफलता मिली है। इसका अर्थ है कि बीते कुछ समय में स्वास्थ्य सेवाओं और ढांचे को बेहतर करने के लिए वास्तव में कई उल्लेखनीय कदम उठाए गए हैं। इनमें आयुष्मान भारत योजना भी है। इसका उल्लेख भी संयुक्त राष्ट्र एजेंसी ने विशेष रूप से किया है। यह स्वास्थ्य संबंधी विश्व की सबसे बड़ी योजना है। यह निर्धन परिवारों के लिए वरदान सिद्ध हुई है। आश्चर्य नहीं कि संयुक्त राष्ट्र एजेंसी ने कहा कि भारत ने रणनीतिक निवेश के माध्यम लाखों लोगों के जीवन को बचाने का काम किया है। आयुष्मान भारत योजना की उपयोगिता को देखकर ही हाल में 70 वर्ष की आयु के सभी बुजुर्गों को इस योजना के दायरे में लाया गया है। इसने दिखाया है कि राजनीतिक इच्छाशक्ति, साक्ष्य-आधारित रणनीतियों और निरंतर निवेश से शिशु मृत्यु दर में ही नहीं, बल्कि अन्य स्वास्थ्य चुनौतियों में पर्याप्त कमी लाई जा सकती है।



संयुक्त राष्ट्र अंतर-एजेंसी समूह की बाल मृत्युदर आकलन रिपोर्ट में भारत, नेपाल, सेनेगल, घाना व बुरुंडी का उदाहरण दिया गया। वर्ष 2000 से भारत ने पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों की मृत्युदर में 70 व नवजात शिशुओं की मृत्युदर में 61 प्रतिशत की कमी हासिल की है। स्वास्थ्य कवरेज बढ़ाने, सशक्त स्वास्थ्य नीतियों एवं योजनाओं से मौजूदा स्थिति को सुधारने के लिए किए गए उपायों के कारण ऐसा संभव हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया है कि हर गर्भवती महिला मुफ्त प्रसव की हकदार है और शिशु देखभाल संस्थानों में मुफ्त परिवहन, दवाएं, निदान और आहार इसमें सहायता प्रदान करती है। भारत ने प्रसूति प्रतीक्षा गृहों, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य विंग, बीमार नवजात की देखभाल, मातृ देखभाल और जन्म दोष जांच के लिए बुनियादी ढांचे को मजबूत किया है। भारत ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए दाइयों व कुशल प्रसव सहायकों के प्रशिक्षण और तैनाती को भी प्राथमिकता दी है। दुनिया भर में लगभग एक अरब बच्चे पहले से ही उच्च जोखिम वाले जलवायु खतरों का सामना कर रहे हैं और बच्चों के जलवायु जोखिम सूचकांक में भारत 26वें स्थान पर है। रिपोर्ट में पूर्वानुमान व्यक्त किया गया है कि जलवायु संकट बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा पर तथा पानी जैसे आवश्यक संसाधनों तक उनकी पहुंच पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। लेकिन भारत इन स्थितियों में स्वास्थ्य चुनौतियों को कम करने के लिये सशक्त योजनाओं एवं सोच के साथ तत्पर है।

मोदी सरकार की प्रभावी स्वास्थ्य योजनाओं के बावजूद अब भी स्वास्थ्य के मोर्चे पर बहुत कुछ किया जाना बाकी है। बड़ी हकीकत यह भी है कि एक बड़ी संख्या में लोग सरकारी अस्पतालों में मजबूरी में ही उपचार कराना पसंद करते हैं। छोटे शहरों और गांवों में न केवल डॉक्टरों, स्वास्थ्य कर्मियों की कमी है, बल्कि अस्पतालों और मेडिकल उपकरणों की भी। इसके चलते इन क्षेत्रों के लोग शहरों के बड़े अस्पतालों की ओर दौड़ लगाते हैं, जहां निजी क्षेत्र के अस्पतालों के मुकाबले सरकारी अस्पताल बहुत पीछे नजर आते हैं। यह सही है कि बीते कुछ वर्षों में अनेक नए मेडिकल कॉलेज खुले हैं, लेकिन सरकार के सामने बड़ी समस्या है कि इन मेडिकल कॉलेजों से निकले डॉक्टर ग्रामीण इलाकों में सेवाएं देने के लिए तैयार नहीं होते। सरकारी अस्पतालों को सशक्त एवं सर्वसुविधायुक्त किया गया है लेकिन समय के साथ उपचार महंगा होता जा रहा है। यदि किसी गंभीर बीमारी से ग्रस्त व्यक्ति को निजी अस्पताल में उपचार कराना पड़ता है तो वह कर्जे में डूब जाता है। इसका एक कारण यह भी है कि अपने यहां स्वास्थ्य बीमा का उतना चलन नहीं, जितना आवश्यक है। सरकारें इससे अनभिज्ञ नहीं हो सकतीं कि अधिक आयु के लोगों के लिए स्वास्थ्य बीमा महंगा होता जाता है और इसके बाद भी उसमें अच्छा-खासा जीएसटी लगता है। सरकार को अधिक प्रभावी स्वास्थ्य परिणामों के लिये स्वास्थ्य सेवाओं एवं दवाओं को जीएसटी से मुक्त करना चाहिए।

बच्चों की बढ़ती आबादी के साथ नित नई चुनौतियाँ भी बढ़ेंगी। इसलिए इन चुनौतियों से निपटने के लिए बच्चों और युवाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और कौशल विकास में अधिक निवेश करना बहुत जरूरी है। जलवायु परिवर्तन से जुड़े खतरों से बहुत अधिक गर्मी, बाढ़, जंगल में आग और चक्रवात जैसी घटनाओं में आठ गुना वृद्धि होने का अनुमान है और इनका सीधा असर बच्चों पर पड़ेगा। निश्चित ही मोदी सरकार इन चुनौतियों से लड़ने में सक्षम है। एक अच्छा लीडर किसी चीज का ब्लेम थोड़ा ज्यादा लेता है और क्रेडिट लेने के मामले में पीछे रहता है। दरअसल, दीर्घकालिक दृष्टिकोण के बिना कोई भी कार्रवाई स्थायी परिवर्तन लाने में विफल ही रहेगी। इतिहास अक्सर किसी आदमी से ऐसा काम करवा देता है, जिसकी उम्मीद नहीं होती। और जब राष्ट्र की आवश्यकता का प्रतीक कोई आदमी बनता है तब भले ही उसकी प्रशंसा क्यों न हो, उसका कद स्वतः बढ़ जाता है। मोदी ने इस युग को वह दिया जिसकी उसे जरूरत है, वह नहीं जिसकी कि वह प्रशंसा करे।

जीवन को परिभाषित करने तक ही प्रधानमंत्री मोदी उपदेश नहीं देते, अपितु उन्होंने भारत के जीवन को बदलने एवं जीवनस्तर को ऊंचा उठाने के कार्यक्रम दिये हैं जिनमें बूढ़े, बच्चे, महिलाएं, युवा सब होते हैं, वे उनसे सीधा सम्पर्क करते हैं एवं उन्हें दिशाबोध देते हैं। अब संयुक्त राष्ट्र ने मोदी के कार्यों एवं योजनाओं को अनुकरणीय एवं अनूठा माना है तो इससे देश का सीना तना है, गर्व से ऊंचा हुआ है। आपने साल का वृक्ष देखा होगा- काफी ऊंचा! शील का वृक्ष भी देखें- जो जितना ऊंचा है उससे ज्यादा गहरा है। आखिर इस गहराई को मापने वाले संयुक्त राष्ट्र का आभार। जो भी कोई मूल्य स्थापित करता है, जो भी कोई पात्रता पैदा करता है, जो भी कोई सृजन करता है, जो देश का गौरव बढ़ाता है, जो देश की ज्वलंत समस्याओं एवं त्रासदियों से मुक्ति दिलाता है, जो गीतों में गाया जाता है, उसे सलाम। मोदी के मजबूत इरादों एवं मनोबल को सलाम।

-लेखक, पत्रकार, स्तंभकार

## समीक्षा स्पोर्ट्स

# सत्रह साल बाद आरसीबी ने चेन्नई सुपर किंग्स को उसके गढ चेपॉक पर हराया

**चेन्नई :** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने कप्तान रजत पाटीदार के अर्धशतक के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर सीएसके को 50 रनों से हराया। आरसीबी की यह चेपॉक स्टेडियम पर 2008 के बाद पहली जीत है। आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में सात विकेट पर 196 रन बनाए थे, लेकिन चेन्नई की टीम में निर्धारित ओवर में आठ विकेट पर 146 रन ही बना सकी। सीएसके की ओर से सबसे ज्यादा रन रचिन रवींद्र ने बनाए जिन्होंने 31 गेंदों पर 41 रन की पारी खेली। विकेटकीपर बल्लेबाज महेंद्र सिंह धोनी 16 गेंदों पर तीन चौकों और दो छक्कों की मदद से 30 रन बनाकर नाबाद लौटे। आरसीबी की टीम ने आईपीएल के पहले सत्र में सीएसके को उसके घर में हराया था और तब से वह इस मैदान पर हार का सामना कर रही थी। आरसीबी ने शुक्रवार को चेपॉक का तिलिस्म तोड़ा और 6155 दिन के लंबे अंतराल के बाद यहां जीत हासिल की। आरसीबी की जीत में कप्तान पाटीदार के बाद गेंदबाजों का योगदान महत्वपूर्ण रहा जिन्होंने सीएसके के बल्लेबाजों को किसी भी वक्त सुखद स्थिति में नहीं आने दिया।



### खराब रही सीएसके की बल्लेबाजी

लक्ष्य का पीछा करते हुए सीएसके की शुरुआत अच्छी नहीं रही और जोश हेजलवुड ने उसे दो झटके दिए। इसके बाद दीपक हुड्डा के रूप में उसे तीसरा झटका लगा। इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर उतरे शिवम दुबे ने रचिन के साथ मिलकर साझेदारी करने की कोशिश की, लेकिन यश दयाल ने इन दोनों बल्लेबाजों को अपना शिकार बनाया। शिवम 19 रन बनाकर पवेलियन लौटे। अंतिम ओवर में धोनी ने क्रुणाल पांड्या पर लगातार दो छक्के और एक चौका जड़ा, लेकिन आरसीबी चेपॉक का तिलिस्म तोड़ने में सफल रही।

### जडेजा ने हासिल की खास उपलब्धि

जडेजा ने कुछ अच्छी बल्लेबाजी की और वह आईपीएल में 3000 रन और 100 विकेट पूरे करने वाले पहले खिलाड़ी बने। जडेजा ने मैच में 25 रन बनाए, जबकि अश्विन 11 रन बनाकर आउट हुए। आरसीबी की ओर से हेजलवुड ने तीन विकेट लिए, वहीं यश और लियाम लिविंगस्टोन को दो-दो विकेट और भुवनेश्वर कुमार को एक विकेट मिला। आरसीबी ने 2025 सीजन की शानदार शुरुआत की है। पहले उसने गत चैंपियन केकेआर को हराया और अब सीएसके को मात देकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की और अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है।

### पाटीदार का अर्धशतक

इससे पहले, सीएसके ने टॉस जीतकर आरसीबी को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया। कप्तान रजत पाटीदार के अर्धशतक और अंतिम ओवर में टिम डेविड की शानदार बल्लेबाजी से आरसीबी ने सीएसके के सामने 197 रनों का लक्ष्य रखा। आरसीबी अगर 190 रन का आंकड़ा पार करने में सफल रही तो उसका श्रेय पाटीदार के अलावा टिम डेविड को भी जाता है। डेविड ने आखिरी ओवर डालने आए सैम करन पर लगातार तीन छक्के लगाए और ओवर से कुल 19 रन जुटाए। डेविड 22 गेंदों पर एक चौका और तीन छक्कों की मदद से 22 रन बनाकर नाबाद रहे।

आरसीबी के कप्तान रजत पाटीदार ने सीएसके के खिलाफ अर्धशतक जड़ा। उन्होंने 32 गेंदों पर चार चौकों और तीन छक्कों की मदद से 51 रन बनाए। यह किसी आरसीबी कप्तान का चेपॉक पर दूसरा सर्वाधिक स्कोर है। आरसीबी के कप्तान के तौर पर चेपॉक में कोहली ने सबसे ज्यादा रन बनाए हैं। उन्होंने 2013 में सीएसके के खिलाफ चेपॉक पर 47 गेंदों पर 58 रन बनाए थे। आरसीबी को सॉल्ट और कोहली ने अच्छी शुरुआत दिलाई, लेकिन सीएसके वापसी करने में सफल रहा। आरसीबी के लिए सॉल्ट ने 32 रन, कोहली ने 31 रन, देवदत्त पडिक्कल ने 27, जितेश शर्मा ने 12 और लियाम लिविंगस्टोन ने 10 रन बनाए। सीएसके की ओर से स्पिनर नूर अहमद ने तीन विकेट लिए, जबकि मथीशा पथिराना ने दो, खलील अहमद और रविचंद्रन अश्विन को एक-एक विकेट मिले।

## पंड्या की वापसी से मुंबई को मिलेगी मजबूती, सिराज की लय गुजरात के लिए चिंता का सबब

**अहमदाबाद :** कप्तान हार्दिक पंड्या की एक मैच के प्रतिबंध के बाद बहुप्रतीक्षित वापसी शनिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 में गुजरात टाइटंस के खिलाफ होने वाले मैच में मुंबई इंडियंस की टीम को जरूरी संतुलन प्रदान करेगी। दोनों टीमें मौजूदा सत्र में अपनी पहली जीत की तलाश में हैं। चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ मुंबई इंडियंस आईपीएल सत्र के शुरुआती मैच में हारने के अपने लंबे समय से चले आ रहे मिथक को नहीं तोड़ सकी। चेन्नई ने इस मैच को आसानी से चार विकेट से अपने नाम किया। दूसरी तरफ गुजरात टाइटंस ने पंजाब किंग्स के खिलाफ बड़े स्कोर वाला मैच को 11 रन से गंवा दिया। मुंबई इंडियंस ने पहले और दूसरे मैच के बीच लगभग एक सप्ताह के अंतराल के दौरान रिलायंस की जामनगर स्थित सुविधा में कुछ दिन बिताए। टीम ने यहां आराम करने के साथ आपसी समझ बढ़ाने वाली गतिविधियों पर ध्यान दिया। टूर्नामेंट अभी अपने शुरुआती दिनों में ही है लेकिन तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के बिना मुंबई की गेंदबाजी इकाई संघर्ष करते हुए दिखी।

## मनीषा भानवाला स्वर्ण से एक जीत दूर, अंतिम कांस्य के लिए चुनौती पेश करेंगी



**अम्मान (जॉर्डन):** अनुभवी भारतीय पहलवान मनीषा भानवाला ने शुक्रवार को यहां महिलाओं की 62 किग्रा भार वर्ग के फाइनल में पहुंचकर एशियाई चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक की दौड़ में खुद को बनाए रखा है, जबकि अंतिम पंघाल को सेमीफाइनल में हारने के बाद कांस्यपदक के लिए संघर्ष करना पड़ेगा। मनीषा ने कजाखस्तान की टाइनिस डुबेक पर तकनीकी श्रेष्ठता से आसान जीत के साथ शुरुआत की और कोरिया की हनबिट ली को चित्त करके एक और शानदार जीत हासिल की। मनीषा ने सेमीफाइनल में कलमीरा बिलिमबेक काजी के खिलाफ भी दबदबा बनाते हुए केवल एक अंक गंवाते हुए 5-1 से जीत दर्ज की।

## केकेआर और लखनऊ सुपर जाइंट्स का मैच अब कोलकाता में छह की बजाय आठ अप्रैल को

**कोलकाता :** बीसीसीआई ने शुक्रवार को कोलकाता नाइट राइडर्स और लखनऊ सुपर जाइंट्स के बीच छह अप्रैल को ईडन गार्डंस पर होने वाला आईपीएल मैच रामनवमी के कारण आठ अप्रैल को कराने का फैसला किया। मैच कोलकाता में ही होगा जबकि पहले अटकलें लगाई जा रही थी कि यह मैच गुवाहाटी में कराया जा सकता है। बीसीसीआई ने एक विज्ञप्ति में कहा ,'' कोलकाता पुलिस ने बंगाल क्रिकेट संघ (कैब) से इस मैच के कार्यक्रम में बदलाव का अनुरोध किया था क्योंकि त्योहार के कारण शहर भर में पुलिस की भारी तैनाती होगी।'' इसमें कहा गया ,'' अधिकारियों ने यह मैच आठ अप्रैल को 3.30 से कराने का अनुरोध किया था जिसे मान लिया गया है। अब आठ अप्रैल को दो मैच होंगे। दोपहर में केकेआर और एलएसजी का मैच जबकि शाम को न्यू चंडीगढ में पंजाब किंग्स और चेन्नई सुपर किंग्स का मैच खेला जायेगा।''

## वर्ग पहेली नं. 3046

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ■ | 2 | ■ | 3 | | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | | ■ | ■ | 7 | 8 | |
| 9 | | | ■ | 10 | | | | | ■ |
| | ■ | 11 | 12 | | ■ | ■ | 13 | | 14 |
| ■ | 15 | | | ■ | 16 | 17 | ■ | ■ | |
| ■ | 18 | | ■ | 19 | | | 20 | ■ | |
| 21 | | ■ | 22 | | ■ | ■ | 23 | | |
| | ■ | 24 | ■ | | ■ | 25 | | ■ | ■ |
| 26 | | | | | | ■ | 27 | | |

**बायें से दायें :-** 3) ख़बर; सूचना; *न्यूज़*, 6) दुराचारी; दुर्जन; अवैध *(संतान)*, 7) झूठमूठ का, 9) कारगर; कामयाब, 10) मल्ल, 11) एक फल, 13) स्तब्धता, 15) ज़बान खोलना; कथन, 16) त्यौहार पर होनेवाली भीड़, 18) एक सार्वजनिक यान, 19) गलना; द्रविभूत होना, 21) संपर्क; तुषार; कुश्तीमैदान, 22) एक संख्या, 23) जिसकी थाह बहुत नीचे हो, 25) आँख का काँटा, 26) लगभग, 27) आचरण.

**ऊपर से नीचे :-** 1) उद्देश्य, 2) रौनक, 3) नजदीकी, 4) ज़नानख़ाना, 5) छर्रा *(बंदूक)*, 8) सोना, 12) द्रव पदार्थ को मुख द्वारा ग्रहण करना, 14) एक बाजा, 15) एक कटु फल *(सागसब्ज़ी)*, 16) जलधर; बादल, 17) क्रांति-सूचक रंग, 19) एक उपकरण जिससे तरल पदार्थ अंदर खींचे व बाहर फेंके जाते हैं, 20) भारत में एक मध्यवर्ति शहर, 21) एक साग, 24) अत्यधिक.

*(उत्तरः अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| खा | रों | च | ■ | ■ | ब | बु | आ | ■ | ति |
| नि | ■ | म | ज | बू | र | ■ | पा | य | ल |
| क | ल | क | ल | ■ | त | ना | ■ | ■ | ह |
| ■ | ■ | दा | ■ | आ | न | न | फा | न | न |
| क | द | र | दा | न | ■ | क | ■ | र | ■ |
| ला | ■ | ■ | ■ | न | शा | ■ | च | म | ड़ा |
| कु | रे | द | ना | ■ | दी | म | क | ■ | ■ |
| श | ■ | म | क | र | ■ | दा | वा | न | ल |
| ल | गा | न | ■ | ब | क | री | ■ | क्र | य |

शब्दवेधी

## सुडोकू-पहेली-3006

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 5 | | | 2 | | |
| | | 1 | | 4 | | | | |
| | 9 | | | | | | | |
| 2 | | | | | | 6 | 8 | |
| 5 | | 4 | | | | | | |
| | | | | 9 | | | | |
| | | | | | | | 9 | 1 |
| 3 | | | 6 | | | | | |
| | 7 | | 3 | | | | | |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 3005 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 2 | 6 | 4 | 5 | 1 | 9 | 7 | 8 |
| 4 | 9 | 5 | 8 | 7 | 2 | 1 | 3 | 6 |
| 1 | 8 | 7 | 3 | 6 | 9 | 2 | 4 | 5 |
| 7 | 4 | 1 | 6 | 9 | 3 | 8 | 5 | 2 |
| 8 | 3 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 | 1 | 7 |
| 6 | 5 | 2 | 1 | 8 | 7 | 3 | 9 | 4 |
| 5 | 6 | 3 | 7 | 1 | 8 | 4 | 2 | 9 |
| 2 | 7 | 4 | 9 | 3 | 6 | 5 | 8 | 1 |
| 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 4 | 7 | 6 | 3 |

# 'आरजी कर पीड़िता के साथ नहीं हुआ है सामूहिक दुष्कर्म', सीबीआई का हाई कोर्ट में खुलासा

## दो सप्ताह बाद फिर सुनवाई, केस डायरी तलब

**कोलकाता, समाज्ञा :** आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्प-ताल में ट्रेनी महिला डॉक्टर से कोई सामूहिक दुष्कर्म नहीं हुआ था। एक व्यक्ति ने ही उसके साथ दुष्कर्म किया था। सीबीआई ने शुक्रवार को कलकत्ता हाई कोर्ट को यह जानकारी दी। बता दें कि अदालत ने पिछली सुनवाई में सीबीआई से इस मुद्दे पर स्पष्टीकरण मांगा था। इस दिन, केंद्रीय जांच एजेंसी ने अदालत को बताया कि अब तक के सभी पहलुओं की जांच में यह निष्कर्ष सामने आया है। हाई कोर्ट ने मामले में पुलिस की केस डायरी मांगी है। इस मामले की अगली सुनवाई दो सप्ताह बाद होगी। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष नौ अगस्त को अस्प-ताल के सेमिनार कक्ष से पीड़िता का शव बरामद हुआ था। दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या की गई थी। सियालदह कोर्ट ने मामले में एकमात्र दोषी संजय राय को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इस दिन, सीबीआई ने हाई कोर्ट को बताया है कि वह अब इस बात की जांच कर रही है कि क्या मामले में कोई बड़ी साजिश थी। यह भी जांच की जा रही है कि सबूत नष्ट करने में कौन शामिल थे। घटना के समय जो लोग अस्पताल में थे, उनके मोबाइल टावर की लोकेशन देखकर उनसे पूछताछ की जा रही है। अस्पताल के डॉक्टरों और नर्सों से पूछताछ की गई है। राज्य की ओर से पेश सीनियर वकील ने कहा कि हालांकि, राज्य ने घटना को कथित तौर पर छुपाने की जांच पर कोई आपत्ति नहीं जताई, लेकिन कानूनी तौर पर सवाल यह है कि क्या अदालत समाप्त जांच को फिर से शुरू कर सकती है, जो मुकदमे के समापन के साथ समाप्त हो गई, जिसमें संजय रॉय को अपराध में शामिल होने के लिए आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। वकील ने सवाल किया कि क्या मुकदमे को फिर से शुरू किया जा सकता है? अगर इसे फिर से शुरू नहीं किया



जा सकता तो आप मुकदमे के समापन के बाद आगे की जांच का आदेश कैसे दे सकते हैं? तदनुसार, अदालत ने सीबीआई को निर्देश दिया कि वह उन गवाहों की सूची पेश करे, जिनकी उसने जांच की थी। साथ ही, कोलकाता पुलिस से प्राप्त केस डायरी भी पेश करे, जब सीबीआई ने जांच अपने हाथ में ली थी। न्यायाधीश तीर्थंकर घोष ने पूछा कि जांच में कितना समय लगेगा। सीबीआई ने कहा कि कई लोगों के बयान लिये गए हैं। इसलिए, यह कहना संभव नहीं है कि इसमें कितना समय लगेगा।

❑ **सीबीआई ने सियालदह कोर्ट में जमा की स्टेटस रिपोर्ट, तीन नए लोगों की कॉल डिटेल खंगाल रही सीबीआई**

वहीं, दूसरी ओर, इस दिन, सीबीआई ने सियालदह कोर्ट की एक विशेष अदालत में मामले में अपनी जांच की प्रगति पर तीन पेज की स्टेटस रिपोर्ट पेश की। रिपोर्ट में कहा गया है कि तीन नए लोगों की कॉल डिटेल देखी जा रही है। 24 नए लोगों के बयान दर्ज किए गए हैं। अस्पताल के अन्य क्षेत्रों से सीसीटीवी फुटेज एकत्र कर उनकी जांच की जा रही है। सीबीआई ने विशेष अदालत को बताया कि वह मामले में आरोपित अस्पताल के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष और टाला पुलिस स्टेशन के पूर्व प्रभारी अभिजीत मंडल के खिलाफ अदालत में नए सबूत पेश करेगी। हालांकि, सुनवाई के दौरान न तो घोष और न ही मंडल अदालत में पेश हुए। कोर्ट ने दोनों को 16 अप्रैल को पेश होने का आदेश दिया गया है। न्यायाधीश ने सीबीआई को 28 अप्रैल को अगली स्टेटस रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया है। वहीं, न्यायाधीश ने जल्द जांच पूरी करने की मांग कर रहे पीड़िता के पिता को धैर्य रखने की सलाह दी।

e-tenders are invited by Prodhan, Amarpur Gram Panchayat under Ausgram-II Dev. Block, Dist-Purba Bardhaman, from resourceful/ bonafide contractors with experience and requisite credential from 15th CFC (Tied, '24-'25 financial year) fund vide id 2025_ZPHD_831513_1 & 2025_ZPHD_831513_2. Date of closing for submission of Technical Bid & Financial Bid on 19/04/2025 up to 12.30 PM. For Details Visit the website: http://wbtenders.gov.in

**Name Change**

I, Pushp Lata w/o Amit Kumar D/o Gupteshwar Ram, residing at Apartment " Club Town Housing Complex", 199/07 Holding No. Teghoria, VIP Road, P.O- Airport, P.S Rajarhat now Baguiati, Dist- North 24 Parganas Kolkata – 700052 have changed my daughter's Name from ARSHEYA RAJ to IRA ALISHA and henceforth my daughter will be known as IRA ALISHA for all purpose. ARSHEYA RAJ and IRA ALISHA both are same and one identical person, i.e., my daughter vide affidavit no. 1118 dated 25.03.25 sworn before Ld. 1st Class Judicial Magistrate at Barasat.

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं.: आरईएचएबी-आर2-25-26, दिनांक 24.03.2025,** उप मुख्य यांत्रिक अभियंता/सी, पूर्व रेलवे वर्कशॉप, काँचरापाड़ा, कैरिज/लोको कॉम्प्लेक्स, उत्तर 24 परगना, पीओः काँचरापाड़ा, पिन-743145 द्वारा निम्नवर्णित कार्य के लिए ई-निविदा (खुली निविदा) आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम एवं इसका स्थान:** 01 (एक) वर्ष की अवधि के अंदर कैरिज कॉम्प्लेक्स/ काँचरापाड़ा में पीबी नं.752/2024-25 के माध्यम से अनुमोदित बल्क आरएसपी कार्य के तहत 106 कोचों के लिए प्रमुख ध्यान रखे जाने के दौरान साइकिल डाउनटाइम करने के लिए कोचों का पुनरुद्धार/जीर्णोद्धार। **कार्य का अनुमानित मूल्य :** रु.8,92,35,761.86, **बोली प्रतिभूति जमा की जाएगी:** 5,96,200/-, **निविदा कागजात का मूल्य (टीडीसी):** शून्य। **कार्य की समापन अवधि:** 01 वर्ष। **वेबसाइट जहाँ निविदा कागजात उपलब्ध होगा :** निविदा कागजात का संपूर्ण सेट भारतीय रेल की ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर दिनांक 24.03.2025 से 15.04.2025 को 14.00 बजे तक उपलब्ध होगा। **विज्ञापन अवधि:** दिनांक 24.03.2025 से 15.04.2025 को 14.00 बजे तक। **प्रस्ताव जमा देने की अवधि:** 15 (पंद्रह) दिन पूर्व से 15.04.2025 को 14.00 बजे तक। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 15.04.2025 को 14.00 बजे तक। **निविदा की वैधता:** 66 (छियासठ) दिन। **निविदा के खुलने की तिथि और समय:** निविदा दिनांक 15.04.2025 को 15.00 बजे और उसके बाद खोली जाएगी। MISC-403/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं.: एमसी-4-डब्ल्यूजीएनआरपीआर-एसडीएनजी-वाईडी-पीकेआर-आर, दिनांक 26.03.2025,** वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर /पर्यावरण और गृह व्यवस्था प्रबंधन एवं मालभाड़ा, पूर्व रेलवे, हावड़ा, रेलवे स्टेशन के पास डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए **निविदा सं.: एमसी-4-डब्ल्यूजीएन आरपीआर-एसडीएनजी-वाईडी-पीकेआर-आर** के प्रतिपक्ष खुली ई- निविदा आमंत्रित की जाती है। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नाम:** 02 वर्ष के लिए पाकुड़ सी एंड डब्ल्यू डिपो एवं लोडिंग साइडिंग में अनलोडेबल वैगन का ट्रेन बॉडी मरम्मत कार्य। **विज्ञापित मूल्य :** रु. 6,56,15,029.83, **बयाना राशि :** रु. 4,78,100/-, **अनुबंध की अवधि :** कार्य शुरू होने की तिथि से 24 माह। **बोली प्रणाली:** एकल पैकेट प्रणाली। **निविदा अपलोड करने की तिथि और समय:** दिनांक 25.03.2025 को 19.55 बजे। **प्रस्ताव की वैधता :** 60 दिन। **बोली प्रारंभ होने की तिथि:** दिनांक 03.04.2025, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 17.04.2025 को 14.00 बजे तक। **निविदा ऑनलाइन जमा करने के लिए वेबसाइट का विवरण:** www.ireps.gov.in HWH-700/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## शादी समारोह में चोरी हुआ मोबाइल फोन गृहिणी के पास से बरामद, की आत्महत्या

**कोलकाता, समाज्ञा**

एक शादी समारोह में मेहमान बनकर पहुंची एक गृहिणी के पास से उक्त समारोह से एक व्यक्ति का चोरी हुआ फोन बरामद हुआ। उसके बाद से एक सप्ताह तक उसे नहीं देखा गया। पुलिस ने गुरुवार की सुबह गृहिणी का शव उसके घर से लटका हुआ बरामद किया। यह घटना उत्तर 24 परगना के हाबरा थाना अंतर्गत कुमरा काशीपुर पंचायत के अनोखाला गांव में हुई। मृतका की पहचान कविता बैद्य (36) के रूप में की गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गृहिणी हाल ही में इलाके में एक शादी में शामिल हुई थी। उस शादी में एक व्यक्ति का मोबाइल फोन चोरी हो गया था। हाबरा थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई। जांच के बाद पुलिस ने कविता के पास से चोरी हुआ मोबाइल फोन बरामद किया। परिवार का दावा है कि कविता तब से मानसिक अवसाद से ग्रस्त थी। उसने खुद को घर में नजरबंद कर लिया। गुरुवार को उसका शव उसके घर से लटका हुआ बरामद किया गया। परिवार के सदस्यों का दावा है कि उसने अवसाद और आत्म-घृणा के कारण आत्महत्या कर ली। परिवार ने अभी तक इस संबंध में पुलिस में शिकायत दर्ज नहीं कराई है। हालांकि, पुलिस ने स्वतः संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज कर लिया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। जांचकर्ता रिपोर्ट मिलने का इंतजार कर रहे हैं।

## लंदन में ममता के बयान पर भड़के शुभेंदु, विदेश मंत्री को पत्र लिखकर की शिकायत

❑ **विदेश मंत्री से ममता की भविष्य की विदेश यात्राओं पर रोक लगाने की मांग**

❑ **ममता पर भारत की छवि को अंतरराष्ट्रीय मंच पर धूमिल करने का लगाया आरोप**

**कोलकाता, समाज्ञा :** विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के मौजूदा ब्रिटेन यात्रा के दौरान उनके द्वारा दिए गए कथित विवादास्पद बयानों को लेकर शुक्रवार को कड़ा ऐतराज जताते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर को पत्र लिखकर उनकी भविष्य की विदेश यात्राओं पर रोक लगाने की मांग की है। शुभेंदु ने ममता पर अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत को कमतर आंकने और देश की छवि को धूमिल करने का आरोप लगाया है। भाजपा नेता ने विदेश मंत्रालय से ममता की टिप्पणियों की जांच करने और उन्हें भविष्य में विदेश यात्रा की अनुमति नहीं देने का आग्रह किया है। अपने पत्र में शुभेंदु ने दावा किया कि लंदन में ममता बनर्जी की टिप्पणी औपनिवेशिक आकाओं के प्रति भक्ति और प्रशंसा प्रदर्शित करती है, जिसे उन्होंने एक बंगाली के लिए अकल्पनीय बताया। उन्होंने यूके में एक व्यावसायिक कार्यक्रम में ममता के भाषण का हवाला दिया, जहां मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे यूके से प्यार है क्योंकि हमारे बीच भावनात्मक संबंध हैं, ऐतिहासिक संबंध हैं। विरासत के दृष्टिकोण से, हमारे और आपके भी। 190 साल, आपने भारत में शासन किया। आपने बंगाल पर शासन किया तो हम इसे भूल गए? हमेशा भारत आपको याद करता है, और बंगाल भी आपको याद करता है। शुभेंदु ने उनकी इस टिप्पणी की निंदा करते हुए कहा कि बंगाल स्वतंत्रता आंदोलन में सबसे आगे रहा है, जिसने ब्रिटिश शासन का विरोध किया।

**आवश्यकता**

कोलकाता के प्रतिष्ठित ड्रेस मटेरियल शोरूम में अनुभवी मैनेजर की आवश्यकता है

Age Limit- 45 Years.
Attractive Salary-
सम्पर्क– 9836991752

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं. टीआरएस/एचडब्ल्यूएच/10/ ओटी/149 दिनांक 28.03.2025,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (टीआरएस)/बामनगाछी, पूर्व रेलवे, हावड़ा-711106 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निविदाकारों से ई-निविदा के माध्यम से निम्नलिखित ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **कार्य का विवरण:** ईएलएस/ हावड़ा में "हेवी रिपेयर क्रेन बे गैंट्री गर्डर और 50/6 टन ईओटी क्रेन ट्रैक रेल की मरम्मत"। **अनुमानित मूल्य:** रु.9,91,770/-, **बोली प्रतिभूति:** रु. 19,800/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** शून्य। **समापन अवधि:** 15 दिन। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 21.04.2025 को 15.00 बजे। ई-निविदा का विवरण बेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। इच्छुक/ योग्य फर्मों से अनुरोध है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। किसी भी संशोधन को यहाँ दी गई वेबसाइट अर्थात **www.ireps.gov.in** पर प्रकाशित किया जाएगा। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा। HWH-707/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के एक कॉलेज में ममता बनर्जी के भाषण के दौरान प्रदर्शनकारियों ने डाला व्यवधान

**लंदन/कोलकाता :** ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के एक कॉलेज में गुरुवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भाषण के दौरान कुछ लोगों ने उनके राज्य में चुनावी हिंसा तथा आरजी कर कॉलेज दुष्कर्म मामले को लेकर तख्तियां दिखाते हुए एवं टोकाटोकी करते हुए व्यवधान डाला। 'स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई), ब्रिटेन' द्वारा अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा किए गए एक वीडियो के अनुसार, प्रदर्शनकारियों ने उनके विभिन्न दावों पर बार-बार उनके भाषण को बाधित किया तथा अन्य बातों के अलावा, 2023 में तृणमूल कांग्रेस प्रायोजित चुनावी हिंसा का उल्लेख करते हुए तख्तियां दिखाईं। बता दें कि इस दिन, ममता बनर्जी ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के केलॉग



कॉलेज में 'सामाजिक विकास: पश्चिम बंगाल में बालिका, बाल और महिला सशक्तीकरण' विषय पर एक सभा को संबोधित कर रही थीं और अपने भाषण के लगभग 30 मिनट बाद वह अपने राज्य में आने वाले उद्योगों के बारे में बात कर रही थीं। श्रोताओं में से कुछ लोगों ने तृणमूल प्रमुख ममता बनर्जी को याद दिलाया कि कैसे टाटा समूह उनके राज्य से चला गया था। जाहिर तौर पर ये लोग 2008 में ममता बनर्जी की पार्टी द्वारा किए गए सिंगूर विरोध प्रदर्शन का जिक्र कर रहे थे, जिसके कारण टाटा समूह को नैनो कार निर्माण के लिए अपना संयंत्र पश्चिम बंगाल से बाहर ले जाना पड़ा था। ममता बनर्जी ने जवाब दिया कि टाटा समूह वापस आ गया है और उन्होंने खड़गपुर एवं राजारहाट क्षेत्र में अपना उद्योग स्थापित कर लिया है। लेकिन, जल्द ही पीछे खड़े लोगों ने ममता बनर्जी के भाषण में उठाए गए मुद्दों पर टोकाटोकी करना शुरू कर दिया। उनके हाथों में राज्य में 2023 में चुनावी हिंसा और तृणमूल कार्यकर्ताओं द्वारा कथित रूप से की गई हिंसा जैसी घटनाओं की ओर इशारा करते हुए तख्तियां भी थीं। कुछ देर तक हंगामा जारी रहा, जिसके बाद उन्होंने करीब आधे घंटे तक अपना भाषण जारी रखा।

### टेंगरा में डंपर की चपेट में आने से महिला की मौत, पति घायल

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता नगर निगम के डम्पर की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई, जबकि उनके पति को गंभीर चोटें आई है। घटना शुक्रवार की सुबह 36 नंबर डीसी डे रोड पर हुई। सूत्रों के अनुसार, इस दिन, सुबह करीब 7 बजे स्कूटी पर सवार होकर दंपत्ति कहीं जा रहे थे। कोलकाता नगर निगम के एक डम्पर ने 36 नंबर डीसी डे रोड के पास स्कूटी को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि वे स्कूटी का नियंत्रण खो बैठे और छिटककर गिर पड़े। दोनों को एनआरएस अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने पत्नी को मृत घोषित कर दिया। पति का इलाज चल रहा है। खबर लिखे जाने तक किसी की पहचान नहीं हो पाई है। घटना की सूचना पाकर यातायात पुलिस मौके पर पहुंची और मामले का जायजा लिया। नगर निगम के डंपरों से जुड़ी ऐसी दुर्घटनाएं डंपरों की गति पर सवाल उठाए जा रहे हैं। पुलिस घटना की जांच में जुट गई है।

## पुलिस छापे को लेकर अर्जुन सिंह ने गृह मंत्री शाह से की शिकायत

**कोलकाता, समाज्ञा :** बैरकपुर के भाजपा नेता अर्जुन सिंह ने अपने घर पर पुलिस छापे को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर शिकायत की है। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस उन्हें झूठे मामलों में बार-बार परेशान कर रही है। उल्लेखनीय है कि बुधवार की रात जगद्दल स्थित मेघना मिल में श्रमिकों के बीच झड़प हुई थी। इस दौरान, वार्ड 18 के पार्षद के बेटे नमित सिंह वहां पहुंचे। झड़प बढ़ने पर गोलीबारी भी हुई, जिसमें एक युवक घायल हो गया। पूर्व सांसद अर्जुन सिंह का दावा है कि जब यह घटना हुई, तब वे मजदूर भवन में थे। उन्होंने अचानक दो राउंड गोलियों की आवाज सुनी और तुरंत घटनास्थल की ओर बढ़े। उनका आरोप है कि हमले का मुख्य लक्ष्य वे ही थे। घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया। इस मामले में अर्जुन सिंह को दो बार थाने में पेश होने के लिए बुलाया गया, लेकिन उन्होंने जाने से इनकार कर दिया। गुरुवार को जगद्दल थाना पुलिस मजदूर भवन पहुंची और अर्जुन सिंह से पूछताछ की। इस कार्रवाई से नाराज अर्जुन सिंह ने इसे राजनीतिक प्रतिशोध करार दिया और गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर शिकायत की। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस उन्हें झूठे मामलों में फंसा रही है और बमबाजी के मामले में एनआईए जांच से बचने के लिए विस्फोट की धाराएं नहीं जोड़ी गईं। उन्होंने मांग की कि सीसीटीवी फुटेज जारी किया जाए ताकि सच्चाई सामने आ सके।

❑ **पुलिस उत्पीड़न का आरोप, जगद्दल गोलीकांड मामले में हाई कोर्ट पहुंचे अर्जुन सिंह**

जगद्दल गोलीकांड मामले में भाजपा नेता अर्जुन सिंह को दो दिनों में तीन बार थाने में तलब किया गया है। पुलिस ने उनके आवास, मज़दूर भवन, पर भी छापा मारा। इस स्थिति से परेशान होकर शुक्रवार सुबह अर्जुन सिंह कोलकाता हाई कोर्ट पहुंचे और इस मामले में याचिका दायर की। उनका आरोप है कि सिर्फ विपक्षी दल का नेता होने के कारण पुलिस उन्हें परेशान कर रही है। इस बीच, अर्जुन सिंह को परेशान किए जाने का आरोप लगाकर उनके वकील हाई कोर्ट पहुंच गए हैं और इस मामले में कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## अगर भाजपा नहीं जीती, तो बंगाल में हिंदू बंगालियों का अस्तित्व खतरे में पड़ जाएगा : मिथुन चक्रवर्ती

❑ **भाजपा नेता ने कहा... 'बांग्लादेश से बंगाल के हिंदुओं को सीख लेने की जरूरत'**

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा का लक्ष्य हिंदुत्व पर जोर देकर हिंदू वोटरों को एकजुट करना है। इस बीच, भाजपा की राष्ट्रीय कार्यसमिति के सदस्य व दिग्गज अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती ने कहा कि बंगाल में हिंदू यदि एकजुट होकर वोट नहीं करेंगे तो यहां भी बांग्लादेश जैसी स्थिति हो जाएगी। दरअसल, मिथुन चक्रवर्ती ने गुरुवार की शाम न्यू बैरकपुर थाने के निकट बसंत मिलन समारोह में भाग लेने के दौरान यह संदेश दिया। मिथुन ने कहा कि बांग्लादेश ने ट्रेलर दिखा दिया है





और सवाल उठ खड़ा हुआ है कि क्या उसके बाद बंगाल में हिंदू बंगाली रहेंगे। यह हमारे अस्तित्व की लड़ाई है। इसलिए बांग्लादेश से बंगाल के हिंदुओं को सीख लेने की जरूरत है। मिथुन ने कहा कि जो हिंदू यहां मतदान में हिस्सा लेने नहीं जाते है, उनसे अनुरोध है कि वे वोट करें। वहीं, पिछले साल हुए लोकसभा चुनाव में जमकर प्रचार के बावजूद बंगाल में अच्छे नतीजे नहीं आने के सवाल पर मिथुन ने कहा कि हमने जमीनी स्तर पर लड़ाई नहीं लड़ी। हम अपने आप से लड़े। उनका इशारा बंगाल में पार्टी के भीतर अंदरूनी लड़ाई की ओर था। मिथुन चक्रवर्ती ने कहा कि हम इस बार यानी आगामी विधानसभा चुनाव में ऐसा नहीं होने देंगे। मिथुन ने आगे कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर मुझे बहुत बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। हालांकि, इसका खुलासा उन्होंने नहीं किया। उन्होंने कहा कि आपको यह बाद में पता चलेगा। हमारी पार्टी में हर किसी को जिम्मेदारियों में बांटा गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार, नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु और अन्य नेता अपना काम करेंगे। मैं भी अपना काम करूंगा। वास्तव में, हम सभी मिलकर तृणमूल कांग्रेस के खिलाफ लड़ेंगे। अभिनेता ने यह भी कहा कि यदि राज्य पुलिस तटस्थ हो जाए तो राज्य में हिंसा रातों- रात रूक जाएगी।

**मेट्रो रेलवे, कोलकाता**

भारत [illegible] प्रधान मुख्य अभियंता, मेट्रो रेलवे, कोलकाता द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा प्रणाली के तहत निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम:** मेट्रो रेलवे, कोलकाता के ग्रीन लाइन कॉरिडोर में सेंट्रल पार्क डिपो एवं सहायक भवन सहित किमी. (-) 0.310 से किमी. 15.657 से सम्मिलित सॉल्ट लेक सेक्टर-V (एसवीएसए) से हावड़ा मैदान (एचडब्ल्यूएमएम) तक ग्रीन लाइन की संरचनाओं के रखरखाव के लिए जोनल अनुबंध। **कार्य का अनुमानित मूल्य:** रु.1,21,94,078.75, **बयाना राशि:** रु.2,11,000./-, **समापन अवधि:** चौदह (14) माह। **अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 21.04.2025 को 12.00 बजे। निविदा कागजात और अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** से प्राप्त किए जा सकते हैं। किसी संयोजनी/संशोधनी को केवल वेबसाइट पर जारी किया जाएगा।

**संक्षिप्त ई-निविदा सूचना सं. : सिविल-2516-2025 (खुली)**

हमें यहाँ देखें: /metrorailwaykol /metrorailkolkata

**पूर्व रेलवे**

मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, रेलवे स्टेशन के पास डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा-711101 **[वरिष्ठ डीईएन/सी/हावड़ा के क्षेत्राधिकार के लिए]** द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **एनआईटी सं.: 387_2024-25, कार्य का विवरण** : वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय)/हावड़ा के अधीन हावड़ा मंडल/अन्य मंडल में कहीं भी साइट पर इंजीनियर के निर्देशानुसार सभी प्रकार की पी.वे सामग्रियों का परिवहन जैसे रेल, स्विच, क्रॉसिंग इत्यादि, जिसमें टेलर का उपयोग अपेक्षित है, साथ ही ईआरसी, बोल्ट और नट, बेयरिंग प्लेट और अन्य पी.वे सामग्री तथा ट्रैक मशीन के स्पेयर पार्ट्स जैसे कन्वेयर बेल्ट, कटर, चेन, वियर प्लेट, फिल्टर, वाल्व, सिलिंडर, बैटरी, पम्प, मोटर इत्यादि जिसके लिए ट्रक का उपयोग अपेक्षित है, जिसमें यांत्रिक लोडिंग, अनलोडिंग और स्टैकिंग, पृथक्करण इत्यादि सभी लीड, लिफ्ट के साथ, 30 मीटर की लीड के अंदर कई ट्रैकों की क्रॉसिंग शामिल है। **अनुमानित मूल्य :** रु. 4,04,54,805/-, **बयाना राशि :** रु. 3,52,300/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य। **समापन अवधि** : 06 (छह) माह । यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** दिनांक 16.04.2025 को 14.00 बजे । निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps. gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। ईएमडी और टीडीसी का भुगतानः ई-निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा। HWH-704/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी आमंत्रण सूचना**

**ई-नीलामी सूचना सं.:सीओएम/पीयूबी/एचडब्ल्यूएच/ईएमयू/ओओएच/2024, दिनांक: 26.03.2025,** वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, 4था तल, यात्री निवास, हावड़ा स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा वाणिज्यिक प्रचार के अधिकारों का ठेका प्रदान करने हेतु ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है।

**कैटलॉग सं. पीयूबी-एचडब्ल्यूएच-25-13**

**क्रम सं.: एए/1, लॉट सं.: एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-एचडब्ल्यूएच-ओएच-142-25-1 (विज्ञापन-आउट ऑफ होम), विवरण:** हावड़ा रेलवे स्टेशन में मनुमेंटल फ्लैग एरिया के सामने 04 (चार) ग्लोबॉल टावरों के संस्थापन एवं रखरखाव के माध्यम से वाणिज्यिक प्रचार की प्रदर्शनी। **क्रम सं.:एबी/1, लॉट सं.: एडीवीटी-आईएनटीईएक्सटी-एस1-ईएमयूआर22-25-1 (विज्ञापन-ट्रेन इंटीरियर एवं एक्सटीरियर), विवरण:** हावड़ा मंडल में चलने वाली 12 कोच की ईएमयू रेक के कोचों के अंदर निर्दिष्ट स्थानों पर और संपूर्ण साइड वॉल (खिड़कियों और अनिवार्य साइनेज को छोड़कर) की बाहरी सतह पर विनाइल रैपिंग (आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन के अनुसार ग्राफिक फिल्म) के माध्यम से वाणिज्यिक प्रचार का अधिकार प्रदान करना। **क्रम सं.: एबी/2, लॉट सं.:एडीवीटी-आईएनटीईएक्सटी-एस1-ईएमयूआर24-25-1 (विज्ञापन-ट्रेन इंटीरियर एवं एक्सटीरियर), विवरण:** हावड़ा मंडल में चलने वाली 12 कोच की ईएमयू रेक के कोचों के अंदर निर्दिष्ट स्थानों पर और संपूर्ण साइड वॉल (खिड़कियों और अनिवार्य साइनेज को छोड़कर) की बाहरी सतह पर विनाइल रैपिंग (आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन के अनुसार ग्राफिक फिल्म) के माध्यम से वाणिज्यिक प्रचार का अधिकार प्रदान करना। **नीलामी शुरू होने की तिथि और समय:** दिनांक 11.04.2025 को 12.00 बजे। HWH-706/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**ईद-ऊल-फितर के दौरान हावड़ा एवं आजिमगंज के बीच अनारक्षित स्पेशल ट्रेनें**

ईद-ऊल-फितर उत्सव के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ से निपटने के लिए **हावड़ा एवं आजिमगंज** के बीच नीचे उल्लेखित ट्रेनें निम्नलिखित संक्षिप्त समय-सूची, यात्रा के दिन, ठहराव एवं गठन के अनुसार चलाई जाएगी:-

**03017/03018 हावड़ा-आजिमगंज-हावड़ा अनारक्षित स्पेशल**

| हावड़ा-आजिमगंज | | | 03017 03018 | आजिमगंज-हावड़ा | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| तारीख | आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान | तारीख |
| 29.03.25 एवं 30.03.25 | - | 12.25 ↓ | हावड़ा | 23.00 | - | 29.03.25 एवं 30.03.25 |
| | 13.25 | 13.27 | बैण्डेल | 21.18 | 21.20 | |
| | 15.35 | 15.40 | कटवा | 19.08 | 19.13 | |
| | 16.31 | 16.33 | लालबाग कोर्ट रोड | 18.09 | 18.11 | |
| | 17.00 | - | आजिमगंज ↑ | - | 18.00 | |

ऊपर उल्लेखित स्पेशल ट्रेनें यात्रा के दौरान दोनों दिशाओं में मार्ग में अम्बिका कालना, नवद्वीप धाम, सालार, बाजार सौ एवं खगड़घाट रोड स्टेशनों पर भी ठहरेगी। **यात्रा की तारीख एवं दिन : हावड़ा - 03017** दिनांक 29.03.2025 (शनिवार) एवं 30.03.2025 (रविवार) तथा **आजिमगंज से - 03018** दिनांक 29.03.2025 (शनिवार) एवं 30.03.2025 (रविवार) = 2 ट्रिप प्रत्येक। **गठन :** साधारण द्वितीय श्रेणी (जीएस) - 14, एसएलआरडी - 2 = 16 कोच। **श्रेणी :** मेल/एक्सप्रेस (अनारक्षित)।

**मंडल रेल प्रबंधक, हावड़ा**

**पूर्व रेलवे**

हमें अनुसरण करें @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

वरिष्ठ मंडल अभियंता/सी/हावड़ा, पूर्व रेलवे, हावड़ा, रेलवे स्टेशन के पास डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: वरिष्ठ डीईएन/मुख्यालय/हावड़ा के अधीन। **ई-निविदा सं. : 385_2024-25, कार्य का विवरण :** (i) एईएन/मुख्यालय/हावड़ा के तहत बीएमजी में 140 बीडी क्रेन को कवर करने के लिए एक्सटेंशन रूफ शेड का प्रावधान। (ii) ईएलएस/हावड़ा में शेड फ्लोर के अन्य सहायक कार्यों सहित लीकेज रूफ शीट, वैली गटर और रेन वाटर पाइप के प्रतिस्थापन के लिए प्रावधान। (iii) हावड़ा ओल्ड स्टेशन कॉम्प्लेक्स और हावड़ा न्यू स्टेशन कॉम्प्लेक्स में ऑफिसर्स रेस्ट हाउस (ओआरएच) के लिए 02 पैसेंजर लिफ्ट का प्रतिस्थापन। **अनुमानित मूल्य :** रु.95,39,837.24, **बयाना राशि :** रु. 1,90,800/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य** : रु.0.00, **समापन अवधि** : स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 08 (आठ) माह । यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 24.04.2025 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। ईएमडी और टीडीसी का भुगतानः ई-निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। **टिप्पणी:** आईआरईपीएस (ई-निविदा पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में कोई फिक्सड डिपॉजिट रिसीट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा। HWH-702/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

वरिष्ठ मंडल अभियंता/सी/हावड़ा, पूर्व रेलवे, हावड़ा, रेलवे स्टेशन के पास डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: वरिष्ठ डीईएन/ मुख्यालय/हावड़ा के अधीन। **क्रम सं.1, ई-निविदा सं.: 383_2024-25, कार्य का विवरण :** (i) हावड़ा स्टेशन में तीन टीटीई रेस्ट रूम में ड्राइवर/गार्ड के रनिंग रूम के समान सुविधाओं का प्रावधान। (ii) हावड़ा में गार्ड/लोको पायलट के रनिंग रूम के समान टीटीई रेस्ट रूम में सुविधाओं का प्रावधान। **अनुमानित मूल्य :** रु.54,59,197.56, **बयाना राशि:** रु. 1,09,200/-, **समापन अवधि:** स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 04 (चार) माह। **क्रम सं. 2, ई-निविदा सं.: 384_2024-25, कार्य का विवरण:** एईएन/मुख्यालय/हावड़ा के तहत चांदमारी ब्रिज, ओल्ड कॉम्प्लेक्स के सड़क उपयोगकर्ताओं और ट्रेनों की सुरक्षा के लिए चेकर्ड प्लेट में परिवर्तित किए गए डेक स्लैब और आरसीसी फुटपाथ स्लैब आदि के लिए तत्काल मरम्मत और सुदृढ़ीकरण कार्य। **अनुमानित मूल्य :** रु.71,67,782.09, **बयाना राशि :** रु. 1,43,400/-, **समापन अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 06 (छह) माह। **क्रम सं. 3, ई-निविदा सं.: 386_2024-25, कार्य का विवरण:** पूर्व रेलवे/मुख्यालय, फेयरली प्लेस में रोलिंग स्टॉक ऑफिस का पुनर्गठन एवं नवीनीकरण। **अनुमानित मूल्य:** रु.5,70,23,612.55, **बयाना राशि :** रु. 4,35,100/-, **समापन अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 12 (बारह) माह। **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** रु.0.00 (क्रम सं. 1, 2 एवं 3 प्रत्येक हेतु)। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 21.04.2025 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। ईएमडी और टीडीसी का भुगतानः ई-निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। **टिप्पणी:** आईआरईपीएस (ई-निविदा पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में कोई फिक्सड डिपॉजिट रिसीट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा। HWH-703/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**हावड़ा मंडल के तहत सीमित ऊंचाई के सबवे निर्माण के लिए ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था**

हावड़ा मंडल के तहत खाना-गुमानी अनुभाग में गुसकरा एवं पिचकुरीढाल स्टेशनों के बीच लेवल क्रॉसिंग सं. 5/बी/टी (अप लाइन के लिए किमी. 24/23-25 तथा डाउन लाइन के लिए किमी. 24/24-26) के स्थान पर सीमित ऊंचाई के सबवे के निर्माण के लिए आरसीसी बॉक्स सेगमेंटों तथा बेस स्लैबों की स्थापना के लिए **दिनांक 09.04.2025 (बुधवार)** को **06 घंटे के लिए (रात 03.30 बजे से सुबह 09.30 बजे तक) ट्रैफिक एवं पावर ब्लॉक** की आवश्यकता होगी। फलस्वरूप, **दिनांक 09.04.2025 (बुधवार)** को नीचे उल्लेखित ट्रेनें निम्नानुसार नियंत्रित की जाएंगीः • **निरसन (दिनांक 09.04.2025 को): बर्द्धमान से: 63063** बर्द्धमान-तीनपहाड़ एमईएमयू, **63011** बर्द्धमान-रामपुरहाट एमईएमयू, **63581** बर्द्धमान-रामपुरहाट एमईएमयू। **रामपुरहाट से: 63582** रामपुरहाट-बर्द्धमान एमईएमयू, **63012** रामपुरहाट-बर्द्धमान एमईएमयू। **तीनपहाड़ से: 63034** तीनपहाड़-बर्द्धमान एमईएमयू। **आजिमगंज से: 63021** आजिमगंज-रामपुरहाट एमईएमयू। • **नियंत्रण (दिनांक 09.04.2025 को) :** (1) **13182 डाउन** सिलघाट टाउन-कोलकाता काजीरंगा एक्सप्रेस मालदा मंडल में **40 मिनट के लिए** नियंत्रित की जाएगी। (2) **22309 अप** हावड़ा-भागलपुर वंदे भारत एक्सप्रेस मार्ग में **25 मिनट के लिए** नियंत्रित की जाएगी। (3) **13175 अप** सियालदह-सिलचर कंचनजंघा एक्सप्रेस मार्ग में **15 मिनट के लिए** नियंत्रित की जाएगी। • **मार्ग परिवर्तन (अप दिशा) [दिनांक 09.04.2025 को]: 13017 अप** हावड़ा-आजिमगंज गणदेवता एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग बैण्डेल-कटवा-आजिमगंज होकर चलेगी साथ में बैण्डेल, कटवा, आजिमगंज स्टेशनों में ठहरेगी। • **मार्ग परिवर्तन (डाउन दिशा) [दिनांक 09.04.2025 को]: 12378 डाउन** न्यू अलीपुरद्वार-सियालदह एक्सप्रेस तथा (2) **13150 डाउन** अलीपुरद्वार जंक्शन-सियालदह कंचनकन्या एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग न्यू फरक्का-आजिमगंज-कटवा-बैण्डेल होकर चलेगी साथ में जंगीपुर रोड, आजिमगंज, कटवा, नवद्वीप धाम एवं बैण्डेल स्टेशनों में ठहरेगी। (3) **53048 डाउन** रामपुरहाट-हावड़ा पैसेंजर परिवर्तित मार्ग अहमदपुर-कटवा-बैण्डेल-हावड़ा होकर चलेगी साथ में कटवा, नवद्वीप धाम एवं बैण्डेल स्टेशनों में ठहरेगी। • **पुनर्निर्धारण (दिनांक 09.04.2025 को):** (1) **13428 डाउन** साहिबगंज-हावड़ा इंटरसिटी एक्सप्रेस साहिबगंज से सुबह 05.20 बजे के स्थान पर पुनर्निर्धारित समय **सुबह 06.00 बजे** रवाना होगी। (2) **13012 डाउन** मालदा टाउन-हावड़ा इंटरसिटी एक्सप्रेस मालदा टाउन से सुबह 04.30 बजे के स्थान पर पुनर्निर्धारित समय **सुबह 06.00 बजे** रवाना होगी। **टिप्पणी:** स्पेशल ट्रेन/ विलम्ब से चलने वाली ट्रेनें, यदि कोई हो, आवश्यकतानुसार परिवर्तित मार्ग पर चलाई जाएंगी अथवा मार्ग में नियंत्रित की जाएंगी। यात्रियों से स्टेशनों की सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली का अनुसरण करने का अनुरोध किया जाता है। असुविधा के लिए खेद है।

**मंडल रेल प्रबंधक, हावड़ा**

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# रिटायर होने से चार दिन पहले हटाए गए जादवपुर यूनिवर्सिटी के वीसी भास्कर गुप्ता

❑ **राज्यपाल की मंजूरी से भास्कर गुप्ता को कुलपति पद से हटाया गया**

❑ **शिक्षा मंत्री ने राज्यपाल पर साधा निशाना, गतिरोध बढ़ाने का लगाया आरोप**




**कोलकाता, समाज्ञा :** भास्कर गुप्ता को जादवपुर विश्वविद्यालय के कार्यवाहक कुलपति के पद से हटा दिया गया है। प्रोफेसर के तौर पर उनका कार्यकाल 31 मार्च को समाप्त होने वाला है। चार दिन पहले 27 मार्च को राजभवन से एक अधिसूचना जारी कर कहा गया है कि भास्कर अब कुलपति के पद पर नहीं रहेंगे। यानी, उन्हें समय से पहले ही हटा दिया गया। यह अधिसूचना विश्वविद्यालय के कुलाधिपति एवं राज्यपाल सीवी आनंद बोस की मंजूरी से जारी की गई है। राजभवन की अधिसूचना में कहा गया है कि जादवपुर विश्वविद्यालय के कार्यवाहक कुलपति के रूप में प्रोफेसर भास्कर गुप्त को दिया गया कार्यभार, जो 20 अप्रैल, 2024 को दिया गया था, वापस लिया जा रहा है। यह अधिसूचना इसके जारी होने की तारीख से प्रभावी होगी। यह अधिसूचना कुलाधिपति के अनुमोदन से जारी की जा रही है। इस आशय के निर्देश विश्वविद्यालय रजिस्ट्रार को भेज दिए गए हैं। राजभवन के इस निर्देश के बारे में भास्कर ने कहा कि मैंने 22 अप्रैल, 2024 से कार्यवाहक कुलपति के रूप में कार्यभार संभाला है। यह पत्र चार दिन पहले दिया गया था। मैं 31 तारीख तक विश्वविद्यालय के इलेक्ट्रानिक्स और दूरसंचार विभाग में प्रोफेसर के रूप में कार्यरत रहूंगा। जब तक मैं कुलपति के पद पर था, मैंने जादवपुर के विकास के लिए काम किया। भास्कर को हटाए जाने के परिणामस्वरूप, जादवपुर विश्वविद्यालय फिलहाल कुलपति विहीन है। कई लोगों का मानना है कि इससे विश्वविद्यालय में नया गतिरोध पैदा हो सकता है। इस संबंध में, राज्य के शिक्षा मंत्री ब्रात्य बसु ने कहा कि जिस तरह रवींद्र भारती और कलकत्ता विश्वविद्यालय में अशांति देखी गई थी, जादवपुर भी उसी राह पर आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री द्वारा उपलब्ध कराई गई सूची में से किसी एक व्यक्ति को स्थायी कुलपति नियुक्त किया जा सकता था। राज्यपाल ने ऐसा नहीं किया। इसके बजाय, उन्होंने गतिरोध पैदा कर दिया।

## सलवार-कमीज पहनकर स्कूल जाने पर शिक्षिका से दुर्व्यवहार के खिलाफ हाई कोर्ट का सख्त निर्देश

**कोलकाता :** सलवार-कमीज पहनकर स्कूल आने पर शिक्षिका के साथ मारपीट और दुर्व्यवहार करने का मामला सामने आया था। यहां तक कि उनके बाल भी काट दिए गए थे। इस मामले में पिछले पांच सालों से कानूनी प्रक्रिया चल रही थी। अब कोलकाता हाई कोर्ट ने इस केस को जल्द निपटाने का आदेश दिया है। साथ ही, दक्षिण 24 परगना के स्कूल निरीक्षक को निर्देश दिया गया है कि वे पूरे मामले की जांच कर शिक्षिका को पुनः नियुक्त करने की व्यवस्था करें।

अदालत के सूत्रों के अनुसार, यह घटना दिसंबर 2010 की है, जब इंग्लिश की शिक्षिका मधुरीमा दास को सलवार-कमीज पहनकर स्कूल आने के कारण अपमानित किया गया। यह मामला दक्षिण 24 परगना के महेशपुर प्रफुल्ल बालिका विद्यालय का है। शिक्षिका का आरोप है कि स्कूल की प्रधानाध्यापिका और प्रबंधन समिति के कुछ सदस्यों ने फरमान जारी किया कि स्कूल में केवल साड़ी पहनकर ही आना होगा। लेकिन शिक्षिका ने बताया कि वह हर दिन बांसद्रोनी से बसंती तक बस और ट्रेन से सफर करती हैं, इसलिए साड़ी पहनकर आना उनके लिए संभव नहीं है।

इस बात को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि कुछ अन्य शिक्षिकाओं और अभिभावकों की उपस्थिति में उनके साथ दुर्व्यवहार किया गया। आरोप है कि शिक्षिका को बुरी तरह पीटा गया और उनके बाल भी काट दिए गए। इस हमले के बाद वह बीमार पड़ गईं और पुलिस ने उन्हें स्कूल से बाहर निकाला।

आरोप यह भी है कि इस घटना के बाद से शिक्षिका को स्कूल में घुसने नहीं दिया गया और स्कूल प्रशासन ने उनकी सैलरी भी बंद कर दी। लंबे समय तक शिक्षिका स्वास्थ्य समस्याओं से जूझती रहीं और उन्होंने शिक्षा विभाग से भी गुहार लगाई, लेकिन उन्हें कोई समाधान नहीं मिला।

अब इस मामले में न्यायाधीश राय चटर्जी ने स्कूल प्रशासन को निर्देश दिया है कि वे पूरी घटना की निष्पक्ष जांच करें और शिक्षिका को दोबारा नियुक्त किया जाए।

### अमेजन का होम शॉपिंग स्प्री समर एडिशन: 1 से 5 अप्रैल तक बेहतरीन ऑफर्स का उठाएं लाभ

**कोलकाता, समाज्ञा :** अमेजन अपने होम शॉपिंग स्प्री समर एडिशन के साथ इस गर्मी में घर को नया लुक देने का शानदार मौका दे रहा है। ग्राहक 1 से 5 अप्रैल 2025 के बीच 1,000 रुपये तक के कैशबैक, 40% तक की छूट और अन्य रोमांचक ऑफर्स का लाभ उठा सकते हैं। इस दौरान, होम, किचन और आउटडोर उत्पादों पर चुनिंदा बैंक कार्ड्स के साथ 10% तक की अतिरिक्त छूट भी मिल रही है। एयर कूलर, रिक्लाइनर, वैक्यूम क्लीनर, पर्दे और अन्य उत्पादों पर शानदार डील्स उपलब्ध हैं। बाय मोर सेव मोर ऑफर के तहत दो या अधिक उत्पाद खरीदने पर अतिरिक्त 3% छूट भी प्राप्त की जा सकती है। आकर्षक डील्स और बेहतरीन संग्रह के साथ यह अवसर न चूकें और अपने घर को गर्मी के लिए तैयार करें।

## 'वे तो नोबेल व्यक्ति हैं, उनका वेतन रोकिए, गिरफ्तार करिए', सीआईडी पर कोई दबाव है या नहीं, जानना चाहते हैं न्यायाधीश

**कोलकाता :** तृणमूल के शिक्षक नेता सिराजुल पर भ्रष्टाचार के आरोप के चलते उन्हें तुरंत नौकरी से बर्खास्त करने का निर्देश दिया था न्यायमूर्ति राजशेखर मंथा की डिवीजन बेंच ने। लेकिन शुक्रवार को इस आदेश में बदलाव किया गया। चूंकि मामला सिंगल बेंच में लंबित है, इसलिए बर्खास्तगी के बजाय फिलहाल उन्हें निलंबित कर दिया गया। हालांकि, इससे भी उन्हें राहत नहीं मिली। डिवीजन बेंच ने पहले का आदेश वापस ले लिया, लेकिन न्यायमूर्ति विश्वजीत बसु की अदालत में उन्हें फिर से मुश्किलों का सामना करना पड़ा।

अदालत ने सवाल किया कि जब सिराजुल के खिलाफ आरोप लगे हुए हैं, तो अब तक उन्हें गिरफ्तार क्यों नहीं किया गया? क्या सीआईडी पर कोई दबाव है कि गिरफ्तारी नहीं की जा रही? न्यायाधीश ने यहां तक पूछा कि क्या उन्हें शुक्रवार को ही गिरफ्तार किया जा सकता है या नहीं।

सीआईडी को संबोधित करते हुए न्यायमूर्ति बसु ने टिप्पणी की, वे तो नोबेल व्यक्ति हैं, उनका वेतन बंद करिए। उन्हें दो-तीन दिनों के भीतर गिरफ्तार करिए। उन्होंने यह भी जानना चाहा कि सिराजुल को जेल ले जाकर पूछताछ की गई है या नहीं। उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा, उन्हें 2001 में ही जेल भेज देना चाहिए था। क्या आप पर कोई दबाव है? उन्हें जेल क्यों नहीं भेजा जा रहा?

सीआईडी ने अदालत को बताया कि वे जरूरी दस्तावेज इकट्ठा कर रहे थे, इसलिए गिरफ्तारी नहीं की गई। इस पर न्यायाधीश बसु और अधिक नाराज हो गए और कहा, बात को घुमाने की कोशिश मत कीजिए। एक बार हाई कोर्ट ने आदेश दिया है, फिर कमेटी की रिपोर्ट भी कह रही है कि नियुक्ति अवैध थी, फिर और किस जानकारी की जरूरत है? उन्होंने सीआईडी से सीधे सवाल किया, क्या आप आज ही उन्हें गिरफ्तार कर सकते हैं? इस पर सीआईडी ने जवाब दिया, हम कोशिश करेंगे।

न्यायाधीश बसु ने राज्य प्रशासन को भी चेतावनी दी कि अगर सिराजुल स्कूल में प्रवेश करते हैं, तो गंभीर कार्रवाई की जाएगी। इस मामले की अगली सुनवाई 9 अप्रैल को होगी।

## ममता बनर्जी 'भारत को बदनाम करने वाले समूह' का हिस्सा बन गयी हैं : गौरव भाटिया

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** भाजपा ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर ब्रिटेन के केलॉग कॉलेज में उनके भाषण के दौरान हुए विरोध प्रदर्शन को लेकर निशाना साधा और उन पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के साथ 'भारत को बदनाम करने वाले समूह' का हिस्सा बनने का आरोप लगाया। इस दिन, भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने यहां पार्टी मुख्यालय में प्रेसवार्ता में कहा कि कॉलेज में एक कार्यक्रम के दौरान श्रोताओं ने उनसे तीखे सवाल पूछकर उन्हें आईना दिखाया, जिनमें आरजी कर मेडिकल कॉलेज की छात्रा के दुष्कर्म और हत्या मामले से संबंधित सवाल भी शामिल था। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी 'क्लीन बोल्ड' हो गईं। भाटिया ने पश्चिम बंगाल में दुष्कर्म और हत्या मामले के कारण भारत की बदनामी के लिए ममता



बनर्जी को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने आरोप लगाया कि यह दर्शाता है कि यदि भारत की छवि खराब हुई है तो यह आपके (ममता बनर्जी के) कुकृत्यों के कारण है। यदि आपके राज्य में किसी महिला के साथ बलात्कार होता है तो इसकी गूंज विदेश तक पहुंचती है। भाटिया ने भारतीय अर्थव्यवस्था की अनुमानित वृद्धि पर बनर्जी की टिप्पणियों की भी आलोचना की और उन पर इन 'वैश्विक अनुमानों' से 'भिन्न' रूख अपनाकर भारत को बदनाम करने का आरोप लगाया कि भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी संशय में थीं। उनका माननाथा कि भारत के लिए यह संभव नहीं है। भाजपा प्रवक्ता ने दावा किया कि मुख्यमंत्री ने मीडिया में भारत विरोधी सुर्खियां बटोरने और भारत में विदेशी निवेशकों का भरोसा तोड़ने के लिए इस तरह की टिप्पणी की है। उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसा लगता है कि राहुल गांधी उनके गुरु हैं। यह मंडली 'भारत बदनाम करो मंडली' बन गई है। भाटिया ने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी जब विदेश जाते हैं तो अपनी टिप्पणियों से भारत को बदनाम करते हैं।

### ममता बनर्जी का विदेश में भारत को अपमानित करना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण : गिरिराज सिंह

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के हालिया बयान को लेकर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने उन पर तीखा हमला बोला। गिरिराज सिंह ने कहा कि ममता बनर्जी विदेश में जाकर भारत का अपमान कर रही हैं, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। गिरिराज सिंह ने कहा कि ममता बनर्जी सच छुपाने और भारत का अपमान करने में लगी रहती हैं। आज पूरा विश्व हमारी बढ़ती अर्थव्यवस्था का सम्मान कर रहा है, लेकिन जब ममता और तथाकथित 'टुकड़े-टुकड़े गैंग' विदेश जाते हैं, तो वे भारत का अपमान करते हैं। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

### गाजीपुर फ्रेंड्स क्लब का इफ्तार पार्टी संपन्न



**कोलकाता, समाज्ञा :** गाजीपुर फ्रेंड्स क्लब का इफ्तार पार्टी हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम हल्दीराम प्रभुजी में आयोजित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक नयना बंद्योपाध्याय, पार्षद विजय उपाध्याय, पार्षद महेश शर्मा, शमीमा रेहान खान, प्रकाश दुग्गड़, राजीव राय, श्यामनारायण सिंह (बंगाली), दारा सिंह, एजाज अहमद, उमाशंकर प्रसाद, विकास शर्मा, अयाज अहमद खान, स्वर्णाली मिश्रा, आशा माझी, रतन बनिक, असलम हुसैन, रविशंकर पांडेय, संतोष सिंह, आनंद सिंह (गड्डू), औरंगजेब नासिर, समीर आलम, सरफराज अहमद, आदिल लिलिधर, फैयाज अहमद, तारिक चौहान सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। यह जानकारी अनीस सिद्दीकी एवं मोहम्मद आफताब ने दी।

## सिंगल बेंच के बाद डिवीजन बेंच में भी झटका! बारूणी मेले के नियंत्रण की लड़ाई में शांतनु को फिर मिली हार

**कोलकाता :** सिंगल बेंच के बाद डिवीजन बेंच में भी केंद्रीय राज्यमंत्री शांतनु ठाकुर को करारा झटका लगा। शुक्रवार को कोलकाता हाई कोर्ट के जस्टिस देवांशु बसाक की डिवीजन बेंच ने सिंगल बेंच के फैसले को बरकरार रखते हुए आदेश दिया कि बारूणी मेले का आयोजन ऑल इंडिया मतुआ संघ के नाम पर ही किया जाएगा। अदालत ने यह भी स्पष्ट कर दिया कि मेले के नियंत्रण को लेकर मामला अभी निचली अदालत में विचाराधीन है, और वही इस पर अंतिम फैसला लेगी। फिलहाल दोनों पक्षों को शांति और व्यवस्था बनाए रखते हुए मेले का संचालन करने का निर्देश दिया गया है।

गुरुवार से उत्तर 24 परगना के ठाकुरनगर में श्री हरिचांद ठाकुर की 214वीं आविर्भाव तिथि के अवसर पर बारूणी मेला शुरू हुआ। ठाकुरनगर के ठाकुरबाड़ी के कामना सागर में लाखों मतुआ भक्तों ने पवित्र स्नान किया, और सात दिनों तक चलने वाले इस मेले की शुरुआत हुई। इस बार मेले के नियंत्रण को लेकर ममताबाला ठाकुर और शांतनु ठाकुर के बीच विवाद गहराया, जो हाई कोर्ट तक पहुंच गया।

इस मामले की सुनवाई जस्टिस अमृता सिन्हा की सिंगल बेंच में हुई, जिसमें जिला परिषद को नियमों के अनुसार अनुमति देने का निर्देश दिया गया। इस फैसले के बाद मेले की जिम्मेदारी ममताबाला ठाकुर को मिली, और उनके नेतृत्व में मेले का आयोजन किया गया। लेकिन मेले का नियंत्रण पाने के लिए शांतनु ठाकुर ने फिर जिला प्रशासन के फैसले को हाई कोर्ट में चुनौती दी।

सिंगल बेंच ने शांतनु की याचिका खारिज कर दी, जिसके बाद उन्होंने डिवीजन बेंच में अपील की। शुक्रवार को जस्टिस देवांशु बसाक की डिवीजन बेंच ने भी शांतनु की याचिका को खारिज कर दिया और सिंगल बेंच के फैसले को बरकरार रखा। अदालत ने दोनों पक्षों को निर्देश दिया कि वे शांति बनाए रखते हुए मेले का आयोजन करें।




**लंदन में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के 'अपमान' के खिलाफ महिला तृणमूल कांग्रेस ने मौलाली से धर्मतला तक निकाली विरोध रैली, जिसमें मंत्री शशि पांजा, मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य, पूर्व विधायक स्मिता बक्शी, पार्षद पूजा पांजा, पूर्व पार्षद सुमन सिंह समेत सैकड़ों महिला कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।**

### भागलपुर और आनंद विहार के बीच चलेंगी स्पेशल अनारक्षित ट्रेन

**कोलकाता, समाज्ञा :** रेलवे द्वारा यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को नियंत्रित करने के लिए भागलपुर और आनंद विहार के बीच एक विशेष अनारक्षित ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। इसके तहत, 04429 भागलपुर-आनंद विहार टर्मिनल विशेष अनारक्षित ट्रेन 29, 30 और 31 मार्च 2025 को भागलपुर से 14:30 बजे रवाना होगी और अगले दिन 14:30 बजे आनंद विहार टर्मिनल पहुंचेगी। वहीं, 04430 आनंद विहार टर्मिनल-भागलपुर विशेष अनारक्षित ट्रेन 28, 29 और 30 मार्च 2025 को आनंद विहार से 12:40 बजे रवाना होकर अगले दिन 12:10 बजे भागलपुर पहुंचेगी। यह ट्रेन यात्रा के दौरान 15 स्टेशनों पर रुकेगी, जिनमें सुल्तानगंज, जमालपुर और अभयपुर जैसे स्टेशन शामिल हैं।

### वीवो ने भारत में वाई39 5जी के लॉन्च के साथ अपनी ध सीरीज़ लाइनअप का विस्तार किया

**कोलकाता :** इनोवेटिव ग्लोबल स्मार्टफोन ब्रैंड वीवो ने आज वीवो वाई39 लॉन्च किया, जो इसकी वाई सीरीज़ लाइनअप में एक नया और बेहतरीन प्रोडक्ट है। इस स्मार्टफोन में स्टाइलिश और रिफाइंड ग्लेज्ड सिरेमिक जैसे कैमरा मॉड्यूल और डायनामिक लाइटिंग इफ़ेक्ट के साथ प्रीमियम डिज़ाइन है, जो इसकी मज़बूत बनावट में चार चाँद लगा देता है। वीवो वाई39 अपनी केटेगरी के साथ में सबसे बेहतरीन, अल्ट्रा-थिन 6,500 एमएएच बैटरी के साथ एक शानदार एक्सपीरियंस देता है, जो ब्लूवोल्ट टेक्नीक द्वारा संचालित है, जो पाँच साल तक की बैटरी लाइफ सुनिश्चित करता है। स्मार्टफोन में मिलिट्री-ग्रेड सर्टिफाइड14 टिकाऊपन, शील्ड ग्लास प्रोटेक्शन, रॉक-सॉलिड बॉडी और एसजीएस सर्टिफिकेशन है।

### सियालदह मंडल में 'कार्यस्थल पर मानसिक स्वास्थ्य' पर सत्र का आयोजन



**कोलकाता :** सियालदह मंडल के रवींद्र सभा कक्ष (डीआरएम मीटिंग रूम) में 'कार्यस्थल पर मानसिक स्वास्थ्य' विषय पर एक विशेष सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सियालदह मंडल के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) दीपक निगम, अतिरिक्त मंडल रेल प्रबंधक (एडीआरएम), मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) डॉ. कल्पना मंडल और अन्य वरिष्ठ शाखा अधिकारी उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम सियालदह मंडल की मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की पहल के तहत आयोजित किया गया था। सत्र में कार्यस्थल पर उत्पन्न होने वाले तनाव, उसके कारण, लक्षण, प्रबंधन रणनीतियों और व्यक्तिगत व संगठनात्मक स्तर पर तनाव कम करने के उपायों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस आयोजन में विचार-विमर्श और संवाद के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया गया। पूर्वी रेलवे द्वारा कर्मचारियों के कल्याण को प्राथमिकता देने की प्रतिबद्धता इस सत्र में स्पष्ट रूप से झलकी। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा उठाए गए इस तरह के कदम कार्यस्थल पर तनाव मुक्त वातावरण बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## ब्लू लाइन पर दो और डालियन रेक्स (एमआर-504 और एमआर-512) सेवा में शामिल



**कोलकाता :** कोलकाता मेट्रो रेलवे ने 28 मार्च 2025 को, अपनी ब्लू लाइन पर दो और नए डालियन रेक्स, एमआर-504 और एमआर-512 को सेवा में शामिल कर लिया है। अब तक, कुल पांच डालियन रेक्स मेट्रो नेटवर्क पर चल रहे हैं। इन रेक्स को वाणिज्यिक सेवा में लाने से पहले 27 मार्च 2025 को ईआईजी (इलेक्ट्रिकल इंस्पेक्टर टू गवर्नमेंट) द्वारा विद्युत सुरक्षा की जांच की गई थी। यह जांच विद्युत सुरक्षा और बिजली आपूर्ति से संबंधित सीईए विनियम 2010 के तहत की गई।

इन दोनों रेक्स ने नोआपाड़ा स्टेशन से अपनी पहली यात्रा शुरू की। एमआर-504 ने सुबह 11:58 बजे और एमआर-512 ने 12:35 बजे अपनी यात्रा प्रारंभ की। ये क्रमशः दोपहर 12:56 बजे और 1:39 बजे कवी सुभाष मेट्रो स्टेशन पहुंचे। वहां से, एमआर-504 ने दोपहर 1:01 बजे और एमआर-512 ने 1:41 बजे अपनी वापसी यात्रा शुरू की और क्रमशः 2:05 बजे और 2:45 बजे दक्षिणेश्वर स्टेशन पहुंचे। ये नए रेक्स यात्रियों के लिए अधिक आरामदायक और सुविधाजनक बनाए गए हैं। इनमें मौजूदा एसी रेक्स की तुलना में 100 मिमी चौड़े दरवाजे दिए गए हैं, जिससे खासतौर पर भीड़भाड़ के समय यात्रियों के प्रवेश और निकास में आसानी होगी। साथ ही, इन रेक्स में अधिक सीटों की व्यवस्था की गई है, जिससे वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांग यात्रियों को विशेष सुविधा मिलेगी। बेहतर एयर कंडीशनिंग, शोर कम करने की विशेषता और आकर्षक रोशनी यात्रियों के सफर को अधिक सुगम और आनंददायक बनाएंगे।

नए रेक्स में सुरक्षा का भी विशेष ध्यान रखा गया है। इनमें अत्याधुनिक डिस्क ब्रेक सिस्टम, नियंत्रित अग्निशमन यंत्र, चौड़े आपातकालीन दरवाजे और फिसलनरोधी रैंप जैसी विशेषताएं शामिल हैं, जो यात्रियों की सुरक्षा को और मजबूत करेंगी। इसके अलावा, इन रेक्स का स्टेनलेस स्टील बॉडी पेंट-फ्री है, जिससे ये अधिक टिकाऊ और पर्यावरण के अनुकूल होंगे। फिलहाल, कोलकाता मेट्रो के पास पूरी तरह से एयर-कंडीशन्ड 31 रेक्स ब्लू लाइन, 3 रेक्स ऑरेंज लाइन, 2 रेक्स पर्पल लाइन और 14 रेक्स ग्रीन लाइन के लिए मौजूद हैं।

### हावड़ा के डिवीजनल रेलवे अस्पताल ने डायबेटिक रेटिनोपैथी स्क्रीनिंग कैंप का किया आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** हावड़ा के डिवीजनल रेलवे अस्पताल ने शुक्रवार को पूर्व रेलवे के ऑर्थोपेडिक अस्पताल के सहयोग से सफलतापूर्वक एक डायबेटिक रेटिनोपैथी स्क्रीनिंग कैंप का आयोजन किया। इस पहल का उद्देश्य रेलवे कर्मचारियों और सेवानिवृत्त कर्मचारियों में डायबिटीज के कारण होने वाली रेटिनोपैथी का शीघ्र पता लगाना और उसे रोकथाम करना था।



इस स्क्रीनिंग कैंप में कुल 128 व्यक्तियों ने भाग लिया। इस आयोजन में हावड़ा के डीआरएम, सीनियर डिवीजनल इंजीनियर (कोऑर्डिनेशन), हावड़ा और सीनियर डिवीजनल पर्सनल ऑफिसर, हावड़ा ने भी आंखों की जांच कराई। यह कैंप एसीएमएस डॉ. देबजानी मुखर्जी के नेतृत्व में और चीफ मेडिकल सुपरिंटेंडेंट, हावड़ा के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। स्क्रीनिंग के परिणामस्वरूप 9 मरीजों (9.07%) को डायबेटिक रेटिनोपैथी का निदान हुआ, जबकि 4 मरीजों में डायबेटिक मैकुलोपैथी के साथ रेटिनोपैथी की पहचान हुई, जो केंद्रीय दृष्टि के लिए खतरे का कारण बन सकती है। इसके अलावा, 36 मरीजों को मोतियाबिंद का निदान हुआ, जिनके लिए सर्जरी की आवश्यकता है। एक मरीज में मैकुलर होल पाया गया, जो दृष्टि की स्पष्टता को प्रभावित करने वाली एक गंभीर स्थिति है। इस दौरान लोगों के बीच जागरूकता और रोकथाम पर विशेष ध्यान दिया गया।

## सिलीगुड़ी में डीवाईएफआई का विरोध प्रदर्शन, पुलिस से झड़प

❑ **पुलिस ने दागे आंसू गैस गोले, लाठीचार्ज भी किया**

**सिलीगुड़ी :** सिलीगुड़ी में डीवाईएफआई कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच झड़प देखने को मिली है। बताया जा रहा है कि डेमोक्रेटिक यूथ फेडरेशन ऑफ इंडिया (डीवाईएफआई) के कार्यकर्ताओं ने राज्य में भ्रष्टाचार बढ़ने का आरोप लगाया है और इसके खिलाफ मोर्चा खोला है। डीवाईएफआई कार्यकर्ता शुक्रवार को राज्य में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए और रोजगार की मांग करते हुए उत्तरकन्या की ओर विरोध मार्च निकाल रहे थे। इस मार्च को रोकने के लिए पुलिस ने कई जगहों पर बैरिकेडिंग की। कार्यकर्ताओं ने पहले ही इस प्रदर्शन को लेकर चेतावनी दी थी। पुलिस ने कार्यकर्ताओं को उत्तरकन्या तक जाने से रोकने के लिए बैरिकेडिंग की थी। जब कार्यकर्ता पुलिस की बैरिकेडिंग पर नहीं रूके तो सुरक्षा कर्मियों ने डीवाईएफआई कार्यकर्ताओं को तितर-बितर करने के लिए पानी की बौछारें और आंसू गैस के गोले दागे। ये कार्यकर्ता राज्य में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए और रोजगार की मांग करते हुए उत्तरकन्या, मिनी सचिवालय की ओर विरोध मार्च निकाल रहे थे। प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए पुलिस ने बैरिकेड्स लगा दिए। डीवाईएफआई द्वारा किए जा रहे विरोध मार्च पर एक प्रदर्शनकारी रत्ना चौबे ने कहा कि युवा शांतिपूर्ण मार्च निकाल रहे थे। हम उनके साथ मौजूद थे। जिस तरह से पुलिस ने लाठीचार्ज किया। पुरुष पुलिस कर्मियों ने महिला प्रदर्शनकारियों को पीटा। डीवाईएफआई की मीनाक्षी को गिरफ्तार किया गया। हमारी तरफ से कोई हिंसा नहीं हुई, यह सब शांतिपूर्ण था। युवा बेरोजगारी के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे। पुलिस को इस बारे में जानकारी थी, लेकिन उन्हें रोक दिया गया। पश्चिम बंगाल में भ्रष्टाचार एक बड़ा मुद्दा है। डीवाईएफआई के विरोध मार्च पर सिलीगुड़ी मेट्रोपॉलिटन पुलिस के डीसीपी राकेश सिंह ने कहा कि स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। अब स्थिति शांतिपूर्ण है। यातायात की नियमित आवाजाही जल्द ही फिर से शुरू हो जाएगी।

## प्रेमिका ने शादी का वादा कर दिया धोखा, युवक ने की आत्महत्या

**नदिया :** नदिया के हांसखाली में एक युवक ने प्यार में धोखा खाते हुए आत्महत्या कर ली। मृत युवक का नाम प्रबीर बिश्वास (पापाई) है। मिली जानकारी के अनुसार, प्रबीर के घर की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं थी। जिस कारण वह काम करने बाहर चला गया था। इस बीच, प्रबीर की फोन के माध्यम से एक लड़की के साथ दोस्ती हुई, जो बाद में प्यार में बदल गई। बताया जा रहा है कि प्रबीर और उस लड़की ने शादी करने का फैसला किया था। जिसके बाद, प्रबीर ने अपने घर वालों को भी यह बात बतायी। घर में शादी का माहौल था की प्रबीर को पता चला की उसकी प्रेमिका के



कई लोगों से संबंध है। परिवार का दावा है कि इस बात का पता चलते ही युवक पूरी तरह से टूट गया और मानसिक अवसाद से गुजर रहा था। इस कारण युवक ने आत्महत्या कर ली। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस मामले की जांच जारी है।

## 9 साल बाद बर्दवान विकास परिषद के चेयरमैन को कारावास की सजा

**बर्दवान :** तृणमूल कार्यकर्ता के पिता की हत्या के प्रयास के मामले में बर्दवान विकास परिषद के चेयरमैन को दोषी करार दिया गया है। बर्दवान अदालत ने उन्हें तीन साल की सजा सुनाई है। तृणमूल के ब्लॉक अध्यक्ष और बर्दवान विकास परिषद के चेयरमैन कैंसर से पीड़ित हैं और गंभीर सांस की समस्या से जूझ रहे हैं। उनकी शारीरिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए अदालत ने उन्हें तीन साल की सजा सुनाई, जबकि बाकी 12 दोषियों को 10 साल के कारावास की सजा दी गई।

यह मामला 2017 का है, जिसमें बीते सोमवार बर्दवान-1 ब्लॉक तृणमूल अध्यक्ष और बर्दवान विकास परिषद की चेयरपर्सन काकली ता गुप्ता, रायान-1 ग्राम पंचायत के प्रधान कार्तिक बाग, बर्दवान-1 ब्लॉक युवा तृणमूल अध्यक्ष और पंचायत समिति के निर्माण कार्य प्रमुख मानस भट्टाचार्य, रायान-1 क्षेत्र तृणमूल अध्यक्ष शेख जमाल समेत कुल 13 तृणमूल नेताओं को दोषी करार दिया गया।

घटना के दिन रायान-1 ग्राम पंचायत के तत्कालीन तृणमूल सदस्य जीवन पाल के पिता देवु पाल पर हमला किया गया था। उन पर जानलेवा हमला और मारपीट करने के आरोप लगे थे। इस मामले में पुलिस ने अदालत में चार्जशीट दाखिल की थी। सोमवार को अदालत ने सभी 13 आरोपियों को दोषी करार दिया और न्यायिक हिरासत में भेज दिया। लेकिन जब उन्हें जेल ले जाया जा रहा था, तभी काकली, मानस, जमाल और कार्तिक की तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें बर्दवान मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया।

मंगलवार को सजा का ऐलान किया जाना था, लेकिन चारों आरोपियों की गैरमौजूदगी के कारण अदालत ने फैसला टाल दिया। बुधवार को काकली को छोड़कर बाकी तीन आरोपी अदालत में पेश हुए, जबकि काकली ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अदालत में हाजिरी दी। सभी आरोपियों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने फैसला सुनाया।

काकली के वकीलों ने भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 360 के तहत उनके लिए राहत की अपील की थी। अदालत ने उन्हें लिखित में याचिका देने का निर्देश दिया। उनकी गंभीर शारीरिक स्थिति को देखते हुए अदालत ने उन्हें तीन साल की सजा सुनाई, जबकि अन्य 12 दोषियों को 10 साल की सजा मिली।

# 'सुरक्षा सुनिश्चित करना राज्य की जिम्मेदारी', मालदा हिंसा पर डीएम-एसपी से रिपोर्ट तलब, हाई कोर्ट का आदेश

**कोलकाता :** मालदा में हुई हिंसा का मामला अब कोलकाता हाई कोर्ट तक पहुंच गया है। शुक्रवार को हाई कोर्ट ने पुलिस अधीक्षक (एसपी) और जिला मजिस्ट्रेट (डीएम) से कार्रवाई रिपोर्ट (एक्शन टेकन रिपोर्ट) तलब की। अदालत ने उन्हें बुधवार तक रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है। कुछ दिन पहले डीजे बजाने को लेकर दो गुटों के बीच विवाद हुआ था, जिसकी वजह से गुरुवार को मोथाबाड़ी इलाके में स्थिति विस्फोटक हो गई। आरोप है कि उपद्रवियों ने कई दुकानों और पुलिस की गाड़ियों में तोड़फोड़ की। पुलिस पर भी पथराव किया गया।



हालात संभालने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज किया, लेकिन स्थिति नियंत्रण में नहीं आई, जिससे उन्हें आंसू गैस के गोले दागने पड़े। मौके पर पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार यादव पहुंचे और शाम के बाद हालात कुछ हद तक नियंत्रण में आए, लेकिन इलाके में अब भी तनाव बना हुआ है। स्थिति को देखते हुए मोथाबाड़ी के संवेदनशील इलाकों में बीएसएफ की तैनाती कर दी गई है। इस बीच, घटना को लेकर कोलकाता हाई कोर्ट में मामला दायर किया गया। शुक्रवार को हुई सुनवाई में राज्य सरकार ने अदालत को बताया कि गुरुवार को दो दुकानों में तोड़फोड़ हुई थी। फिलहाल इलाके में 500 पुलिसकर्मियों की तैनाती है और अब तक 25 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। सरकार ने यह भी दावा किया कि सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो पूरी तरह से सच नहीं है। इसके बाद न्यायाधीश ने कहा, घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए यह राज्य की जिम्मेदारी बनती है कि वह सुरक्षा सुनिश्चित करे। इसी के साथ अदालत ने पुलिस अधीक्षक और जिला मजिस्ट्रेट से विस्तृत रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया।

## मोथाबाड़ी में केंद्रीय बलों की तैनाती की मांग, शुभेंदु अधिकारी ने राज्यपाल को लिखा पत्र

**कोलकाता, समाज्ञा :** विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस को पत्र लिखकर मालदह जिले के मोथाबाड़ी में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) की तैनाती की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस इलाके में हिंदुओं पर बड़े पैमाने पर हमले किए गए हैं और राज्य सरकार पूरी तरह विफल साबित हुई है। शुभेंदु अधिकारी ने पत्र में लिखा कि गत 27 मार्च को एक चौंकाने वाली घटना सामने आई, जहां एक विशेष समुदाय के उपद्रवियों के एक बड़े समूह ने सनातनी हिंदुओं को निशाना बनाकर उन पर भीषण हमला किया। यह शर्मनाक घटना राज्य में पूरी तरह से कानून व्यवस्था की विफलता को दर्शाती है। उन्होंने राज्यपाल से आग्रह किया कि इस हमले को देखते हुए तुरंत केंद्रीय बलों की तैनाती सुनिश्चित की जाए ताकि हिंदुओं को सुरक्षा मिल सके। शुभेंदु अधिकारी ने दावा किया कि मोथाबाड़ी में उपद्रवी पूरी तरह से हिंसा पर उतारू थे। उन्होंने कहा कि वे बेकाबू होकर लूटपाट, तोड़फोड़ और हमले कर रहे थे। उनके निशाने पर हिंदू थे। इसलिए मुझे लगता है कि सीएपीएफ की तैनाती ही एकमात्र उपाय है। राज्य पुलिस पूरी तरह असहाय दिखी, वे सिर्फ हाथ जोड़कर विनती करते रहे और उपद्रवी मुख्य सड़कों पर कब्जा कर खुलेआम वाहनों में तोड़फोड़ करते रहे। शुभेंदु अधिकारी ने राज्य सरकार और सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि वे तुष्टिकरण की राजनीति के जरिए ग्रेटर बांग्लादेश बनाने की साजिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं इस मामले को अंत तक देखूंगा। मैं इन उपद्रवियों को कानूनी तरीके से जवाब देना जानता हूं, जैसा कि मैंने पहले भी बंगाल के अन्य इलाकों में किया है।

## हावड़ा नगर निगम के खिलाफ सीपीएम का विरोध प्रदर्शन

**हावड़ा, समाज्ञा :** सीपीएम द्वारा विभिन्न मांगों के साथ शुक्रवार को हावड़ा नगर निगम के खिलाफ अभियान चलाया गया। इस दौरान बेलगछिया डंपिंग ग्राउंड से प्रभावित निवासियों के पुनर्वास, शहर के कचरे की सफाई और जल निकासी व्यवस्था में सुधार की मांग की गई। सीपीएम कार्यकर्ता रैली निकालते हुए हावड़ा नगर निगम के गेट पर पहुंचे। इससे पहले पुलिस ने गेट पर बैरिकेड लगा दिया था। घटनास्थल पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। सीपीएम कार्यकर्ताओं को हावड़ा नगर निगम के अंदर घुसने से रोका गया, जिससे तनाव की स्थिति उत्पन्न हुई। बैरिकेड को पार करने की कोशिश में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया।

## हावड़ा मैदान में स्कूल बस की लैंपपोस्ट से टक्कर, महिला की मौत

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के मैदान इलाके में एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में एक महिला की मौत हो गई। वहीं, चार अन्य लोग घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार, गुरुवार को हावड़ा मैदान इलाके में एक स्कूल बस तेज रफ्तार से जा रही थी। बस जब एक मोड़ लेने लगी तभी अनियंत्रित होते हुए सड़क किनारे लगे एक लैंपपोस्ट से टकरा गई। इस दुर्घटना में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस घायलों को तुरंत हावड़ा जिला अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने एक महिला को मृत घोषित कर दिया। वहीं, अन्य चार घायल अस्पताल में भर्ती हैं और उनकी हालत भी गंभीर बताई जा रही है। इस दुर्घटना के कारण रास्ते में जाम लग गया था, जो बाद में स्वाभाविक हो गया। इस मामले की जांच जारी है।

## कालिगंज विधानसभा सीट खाली, उपचुनाव से पहले 'भूतिया' वोटरों पर चुनाव आयोग का ऐतिहासिक फैसला

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव से पहले उप-चुनाव की तैयारियां शुरू हो गई हैं। नदिया जिले की कालिगंज विधानसभा सीट तृणमूल कांग्रेस विधायक नासिरुद्दीन अहमद के निधन के बाद खाली पड़ी है। इस सीट पर उपचुनाव कराने के लिए राष्ट्रीय चुनाव आयोग ने एक ऐतिहासिक फैसला लिया है। आयोग ने मई महीने के भीतर इस विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची को संशोधित करने का निर्देश दिया है। इस साल 1 फरवरी को नासिरुद्दीन अहमद का निधन हो गया था, जिसके बाद यह सीट खाली हो गई। नियमों के अनुसार, 31 जुलाई तक इस सीट पर उप-चुनाव कराना अनिवार्य है। लेकिन इस बीच पूरे राज्य में 'भूतिया' (फर्जी) वोटरों की पहचान करने का काम चल रहा है, जिससे संशोधित मतदाता सूची तैयार होने में समय लग सकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए आयोग ने कालिगंज विधानसभा क्षेत्र के लिए एक विशेष मतदाता सूची संशोधन प्रक्रिया (स्पेशल समरी रिवीजन) लागू करने का निर्णय लिया है। सूत्रों के अनुसार, 8 अप्रैल तक संशोधित मतदाता सूची का ड्राफ्ट जारी कर दिया जाएगा, जबकि 5 मई तक अंतिम सूची प्रकाशित होगी। उसके बाद ही उपचुनाव की तारीख की घोषणा की जाएगी। चुनाव आयोग ने इस संबंध में जिला प्रशासन को विशेष निर्देश जारी किए हैं और मतदाता सूची से फर्जी नाम हटाने की प्रक्रिया तेज करने को कहा है।

## लिलुआ के जूट मिल में लगी भीषण आग, मौके पर पहुंची दमकल की 10 गाड़ियां

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के लिलुआ स्थित जूटमिल में शनिवार को भयावह आग लगने से हड़कंप मच गया। मिली जानकारी के अनुसार, लिलुआ के एक्सरा इलाके में स्थित जूट का बैग बनाने वाले कारखाने में आग लग गयी। इस जूटमिल में लगभग 500 कर्मचारी काम कर रहे थे। रोज की तरह इस दिन भी काम चल रहा था, लेकिन दोपहर को अचानक मिल के आसपास के क्षेत्रों में धुआं देखा गया। इसके बाद, कर्मचारियों ने देखा कि जूटमिल के एक हिस्से में लपटें उठ रही हैं। आनन-फानन में दमकल विभाग को सूचित किया गया। दमकल की 10 गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने की कोशिश करने लगी। हालांकि, मिल में रखे सामानों के कारण आग तेजी से



फैल गई और दमकल इंजन के घटनास्थल पर पहुंचने से पहले ही एक हिस्सा जलकर राख हो गया था। दमकल अधिकारी रंजन कुमार घोष ने बताया कि जैसे ही आग की सूचना मिली, घटनास्थल पर तुरंत 10 दमकल गाड़ियां भेजी गईं। साथ ही, तीन पंपों के माध्यम से तालाब से पानी लाकर आग पर काबू पाने की कोशिश की गई। फिलहाल, दमकल विभाग आग को नियंत्रित करने में जुटा हुआ है। इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है और आग लगने का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। इस घटना के कारण इलाके के लोगों में दहशत फैल गई है।

## बेलगछिया का कचरा हटाने के आदेश के बावजूद कार्रवाई क्यों नहीं हुई, हाई कोर्ट ने मांगी रिपोर्ट

**कोलकाता :** हावड़ा के बेलगछिया में जमा कचरे को हटाने का निर्देश दिया गया था, लेकिन हावड़ा नगर निगम ने अब तक इस आदेश का पालन नहीं किया। इस लापरवाही को लेकर कोलकाता हाई कोर्ट ने स्टेटस रिपोर्ट तलब की है।

पिछले कुछ दिनों से बेलगछिया के कचरा डंपिंग ग्राउंड को लेकर विवाद बढ़ता जा रहा है। कचरे की समस्या के साथ-साथ इलाके में पीने के पानी की किल्लत, मकानों के ढहने और बिजली कटौती जैसी परेशानियों ने स्थानीय निवासियों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। इस स्थिति को लेकर नगर विकास मंत्री फिरहाद हकीम को भी विरोध प्रदर्शन का सामना करना पड़ा।

स्थिति को सुधारने के लिए प्रशासन ने कचरा हटाने की वैकल्पिक योजना बनाई है। बेलगछिया से हटाए गए कचरे को अब हुगली के बैद्यबटी में फेंका जाएगा। जानकारी के मुताबिक, वहां करीब 250 मीट्रिक टन कचरा स्थानांतरित किया जाएगा। नगर विकास मंत्री फिरहाद हकीम के निर्देश के बाद बैद्यबटी नगर पालिका ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है।

प्रशासन ने बेलगछिया के कचरे को दूसरी जगह ले जाने की योजना बनाई थी और इसके लिए शिबपुर के अरुपाड़ा क्षेत्र को वैकल्पिक स्थान के रूप में चुना गया था। वहां एक नया कचरा निपटान केंद्र बनाने की योजना थी, लेकिन स्थानीय लोगों के विरोध के कारण यह संभव नहीं हो सका। इस बीच, बेलगछिया में कचरे के ढेर के कारण पूरे जिले में सफाई व्यवस्था बाधित हो रही है।

## पार्थ के क्षेत्र बेहाला पश्चिम से तृणमूल में संगठनात्मक फेरबदल की शुरुआत, 10 वार्डों में अध्यक्ष नियुक्त

**कोलकाता :** तृणमूल कांग्रेस में लंबे समय से प्रतीक्षित संगठनात्मक फेरबदल की शुरुआत आखिरकार हो गई। यह प्रक्रिया जेल में बंद पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी के निर्वाचन क्षेत्र बेहाला पश्चिम विधानसभा सीट से शुरू की गई है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की मंजूरी के बाद इस विधानसभा क्षेत्र के 10 वार्डों में ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है। इन 10 वार्ड अध्यक्षों में से 7 नए चेहरों को जिम्मेदारी सौंपी गई है, जबकि 3 पुराने अध्यक्षों को फिर से नियुक्त किया गया है।

तृणमूल कांग्रेस ने 119 नंबर वार्ड के पूर्व पार्षद अशोका मंडल के पति अशोक मंडल और 125 नंबर वार्ड के मिहिर बसाक को उनके पद से हटा दिया है, क्योंकि



वे अपनी जिम्मेदारियां निभाने में विफल रहे थे। उनकी जगह अंशु कुमार चटर्जी (119 नंबर वार्ड) और विश्वजीत अधिकारी (125 नंबर वार्ड) को नया अध्यक्ष बनाया गया है।

इसके अलावा, 128, 129, 130 और 131 नंबर वार्ड में लंबे समय से कोई अध्यक्ष नहीं था। आगामी विधानसभा चुनाव और 'भूतिया' (फर्जी) मतदाताओं के मुद्दे पर काम करने के लिए इन वार्डों में भी ममता बनर्जी की मंजूरी के बाद चार नए अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है।

हालांकि, पार्थ चटर्जी के कार्यकाल में भी 118 नंबर वार्ड के अंजन चक्रवर्ती, 127 नंबर वार्ड के उत्पल दत्त और 132 नंबर वार्ड के अभिजीत डे अध्यक्ष के रूप में काम कर रहे थे, और उन्हें फिर से जिम्मेदारी सौंपी गई है।

दक्षिण कोलकाता जिला तृणमूल अध्यक्ष और विधायक देबाशीस कुमार ने 10 वार्ड अध्यक्षों को नियुक्ति पत्र सौंपा। तृणमूल सूत्रों के अनुसार, नई जिम्मेदारी पाने वाले सभी 10 अध्यक्षों को स्पष्ट रूप से चेतावनी दी गई है कि अगर वे अपने कर्तव्यों का 100% पालन नहीं करते हैं, तो 6 महीने बाद उन्हें पद से हटा दिया जाएगा।

## बेलेघाटा में युवक की रहस्यमयी मौत, घर से शव बरामद

**कोलकाता, समाज्ञा :** बेलेघाटा में एक युवक का शव उसके घर से बरामद होने की घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। जांचकर्ता रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं। मृतक की पहचान रोहन मंडल (27) के रूप में की गई है। बताया गया है कि युवक अपने बड़े भाई के साथ रहता था। स्थानीय लोगों का दावा है कि रोहन की शादी एक साल पहले हुई थी। हालांकि, उसकी पत्नी उसी घर में नहीं रहती थी। गुरुवार को रोहन उस घर के एक कमरे में बिस्तर पर लेटा हुआ देखा गया। उसकी पीठ पर खून का धब्बा था। तुरंत बेलेघाटा थाने को सूचित किया गया। पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस बात पर संशय बना हुआ है कि रोहन ने आत्महत्या की या उसकी हत्या की गई। परिवार के सदस्यों का दावा है कि रोहन कई महीनों से मानसिक अवसाद से ग्रस्त था। इससे पहले भी उसने कई बार आत्महत्या का प्रयास किया था। परिवार का दावा है कि उसने आत्महत्या की है। हालांकि, रोहन की पीठ पर खून के धब्बे जांचकर्ताओं के लिए चिंता का विषय हैं। पुलिस को संदेह है कि युवक की हत्या की गई है। इस मामले में, यह अभी भी स्पष्ट नहीं है कि इस घटना में कौन शामिल है। पुलिस फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। जांचकर्ता रोहन के परिवार के सदस्यों से भी बात कर रहे हैं।

## कैनिंग में मोटर पंप की चोरी को लेकर दो परिवारों में मारपीट, आठ घायल

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिला के कैनिंग में खेत से मोटर पंप की चोरी को लेकर हुए विवाद से भारी तनाव फैल गया। दो परिवारों के बीच झगड़ा हो गया और एक-दूसरे पर छेड़छाड़ के आरोप लगाए गए। इस घटना में आठ लोग घायल बताए गए हैं। घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, दो परिवारों के बीच विवाद को लेकर हुई मारपीट में दोनों पक्षों के कुल पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह घटना गुरुवार की रात कैनिंग थाना अंतर्गत तालडी पंचायत के राजापुर गांव में घटी। तपस कुमार वैद्य, तारक सरदार, कंगाल चंद्र वैद्य और रमेश वैद्य तथा एक गृहिणी गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों परिवारों ने घटना के संबंध में कैनिंग पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू



कर दी है। रमेश वैद्य तालडी राजापुर गांव का निवासी हैं। आरोप है कि उसकी खेत से मोटर पंप चोरी हो गई। मोटर पंप चोरी को लेकर पहले तारक सरदार नामक एक पड़ोसी की जमकर पीटा गया। बात यहीं तक सीमित नहीं रही। गुरुवार की रात रमेश, राजीव और निखिल वैद्य ने फिर तारक सरदार के घर पर हमला बोला। आरोप है कि तारक सरदार और तापस वैद्य को लाठी और बांस से बुरी तरह पीटा गया। बुजुर्ग कंगालचंद्र वैद्य और तापस की पत्नी पीड़ितों को बचाने के लिए गए। कथित तौर पर उनके साथ मारपीट भी की गई। गृहिणी के साथ छेड़छाड़ की गई। कपड़े फाड़ने के भी आरोप लगे हैं। इस घटना में परिवार के चार सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए। बाद में, उन्हें लहूलुहान अवस्था में बचाया गया और कैनिंग उपजिला अस्पताल ले जाया गया।

## खेल के दौरान हुए झगड़े में एक नाबालिग ने ली 4 साल के मासूम की जान

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के डोमजूर में चार साल के बच्चे की हत्या के मामले में एक चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है। बताया जा रहा है कि खेल के दौरान हुए विवाद के कारण इस मासूम की हत्या 14 वर्षीय नाबालिग ने की थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। बता दें कि, गुरुवार की सुबह दासपाड़ा के रहने वाले चार साल का शेख आयुष अचानक लापता हो गया था। जिसके कुछ देर बाद इलाके के एक मैदान में बच्चे का शव बुरी तरह क्षत-विक्षत पड़ा हुआ मिला। सूचना मिलते ही पुलिस ने शव को बरामद किया और जांच शुरू की। इस जांच के दौरान एक नाबालिग का नाम सामने आया। यह नाबालक दक्षिण



24 परगना का निवासी है, जो 14 साल का है। वह सिलाई का काम सीखने के लिए अपने मामा के घर दासपाड़ा में आया था। गुरुवार को वह शेख आयुष के साथ खेल रहा था। इस दौरान दोनों के बीच गेंद को लेकर विवाद हुआ था। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, गुस्से में आकर आरोपी ने बच्चे की गला घोंटकर हत्या कर दी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद आरोपी नाबालक को गिरफ्तार कर लिया।

## सियालदह मंडल में स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**❑ यात्रियों, विक्रेताओं और रेलवे उपयोगकर्ताओं को स्वच्छता बनाए रखने के लाभों के बारे में किया गया जागरूक**

**कोलकाता :** पूर्वी रेलवे स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण बनाए रखने के प्रति सदैव प्रतिबद्ध रहा है। इसी संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से सियालदह मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य यात्रियों और रेलवे उपयोगकर्ताओं को स्वच्छता के महत्व और कचरे के सही निस्तारण के प्रति जागरूक करना था।

यह कार्यक्रम विशेष रूप से सियालदह और बालीगंज स्टेशनों पर आयोजित किया गया, जहां यात्रियों, विक्रेताओं और रेलवे परिसर में कार्यरत लोगों को स्वच्छता बनाए रखने, कचरे के




उचित निस्तारण तथा रेलवे परिसरों में थूकने की मनाही के विषय में विस्तार से समझाया गया।

सियालदह स्टेशन पर चलाए गए स्वच्छता अभियान के दौरान यात्रियों, विक्रेताओं और फेरीवालों को स्टेशन परिसर को स्वच्छ बनाए रखने में उनकी भूमिका के प्रति जागरूक किया गया। उन्हें सलाह दी गई कि वे रेलवे परिसर में उपलब्ध कूड़ेदानों का उपयोग करें तथा पटरियों या स्टेशन परिसर में कचरा न फेंकें।

इस अभियान के अंतर्गत एक विशेष पहल के रूप में, स्टेशन परिसर में कचरा फैलाने वाले विक्रेताओं और फेरीवालों को प्रतीकात्मक रूप से एक गुलाब का फूल भेंट किया गया। इस अनोखी पहल का उद्देश्य उन्हें यह अहसास कराना था कि वे स्टेशन पर गंदगी फैलाने में सबसे अधिक योगदान दे रहे हैं। यह संदेश उनके मन में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने और स्वच्छ आदतें अपनाने के लिए प्रेरित करने का एक प्रभावी माध्यम बना।

पूर्वी रेलवे सभी यात्रियों से अपील करता है कि वे स्टेशन परिसर में थूकने या कचरा फैलाने से बचें, क्योंकि इस प्रकार की अस्वच्छ आदतें न केवल स्टेशन की स्वच्छता को नुकसान पहुंचाती हैं बल्कि गंभीर स्वास्थ्य संबंधी खतरे भी उत्पन्न कर सकती हैं। स्टेशन परिसर को स्वच्छ और स्वस्थ बनाए रखने में यात्रियों और रेलवे प्रशासन का सामूहिक प्रयास अत्यंत आवश्यक है।

## घरेलू विवाद के चलते चार वर्षीय बेटे की गला घोंटकर हत्या के दोषी पिता को आजीवन कारावास की सजा



**हुगली, समाज्ञा :** घरेलू विवाद के चलते अपने चार वर्षीय बेटे की गला घोंटकर हत्या करने के जुर्म में एक पिता को आरामबाग अदालत के न्यायाधीश किशन अग्रवाल ने शुक्रवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही, दोषी पिता पर 10,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया है। अदालत के सूत्रों के अनुसार, दोषी का नाम मोंटू पान है। बताया गया है कि घटना 17 मार्च 2017 को गोघाट के कुमारगंज इलाके में घटी थी। पारिवारिक विवाद के चलते मोंटू ने चार साल के बच्चे की हत्या कर दी। अगले दिन 18 मार्च को आरोपी की पत्नी राखी ने अपने पति के खिलाफ पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। गोघाट थाने में धारा 302 के तहत शिकायत दर्ज की गई। तब से यह मामला चल रहा है। 27 मार्च को अदालत ने मोंटू पान को दोषी पाया। राखी के वकील विकास रॉय ने बताया कि इस मामले में 11 लोगों की गवाही हुई। हालांकि, प्रतिवादी के वकील संग्राम सरकार ने कहा कि सजा 14 साल जेल की है। उन्होंने कहा कि वह उच्च न्यायालय जाएंगे।

## बंगाल में दोराहे पर कांग्रेस : अस्तित्व का संकट गठबंधन व पुनरुत्थान योजनाओं पर मतभेदों को बढ़ा रहा

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल में अस्तित्व के संकट से जूझ रही कांग्रेस 2026 के विधानसभा चुनाव के लिए अपनी रणनीति को लेकर बंटी हुई है और उसमें तीन गुट उभर रहे हैं। पहला धड़ा तृणमूल कांग्रेस के साथ गठबंधन की वकालत कर रहा है, दूसरा वाम मोर्चे के साथ निरंतर समायोजन का पक्षधर है जबकि तीसरा पार्टी के पुनरुत्थान के लिए अकेले चुनाव लड़ने पर जोर दे रहा है। बंगाल में कांग्रेस अपने नेताओं के तृणमूल और भाजपा में चले जाने तथा लगातार अंदरूनी कलह के कारण कमजोर संगठनात्मक ढांचे से जूझ रही है। पार्टी को आखिरी महत्वपूर्ण चुनावी सफलता 2011 में मिली थी, जब तृणमूल के साथ गठबंधन करके उसने वाम मोर्चे के 34 साल के शासन को समाप्त करने में भूमिका निभाई थी। कांग्रेस का वोट शेयर 2011 में 14 प्रतिशत था जो 2021 के विधानसभा चुनाव में घटकर तीन प्रतिशत रह गया और फिलहाल विधानसभा में कांग्रेस का कोई विधायक नहीं है। कांग्रेस के भीतर एक धड़े का मानना है कि ऐतिहासिक गठबंधनों ने पार्टी को केवल कमजोर ही किया है। इस धड़े ने 2009 के लोकसभा चुनाव और 2011 के विधानसभा चुनाव में तृणमूल-कांग्रेस गठबंधन को दोषी ठहराया और तर्क दिया कि इसने इस सबसे पुरानी पार्टी को कमजोर कर दिया क्योंकि इसके कई नेता ममता बनर्जी के खेमे में चले गए। इस धड़े ने इसी तरह 2016 में बने कांग्रेस-वाम गठबंधन की भी यह कहते हुए आलोचना की कि कांग्रेस के जमीनी जनाधार को फिर से खड़ा करने के बजाय सीट-बंटवारे को प्राथमिकता दी गयी।

पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप भट्टाचार्य ने मौजूदा मतभेदों पर टिप्पणी करते हुए कहा कि यह सच है कि हम बंगाल में राजनीतिक अस्तित्व के संकट का सामना कर रहे हैं। प्रदेश इकाई अब तीन मतों पर विभाजित है - क्या वामपंथियों के साथ बने रहना है, तृणमूल कांग्रेस के साथ गठबंधन करना है, या अकेले चुनाव लड़ना है। हालांकि, मेरा मानना है कि हमें संबंधित गठबंधन के लिए वामपंथियों के साथ बने रहने से लाभ होगा। इसके विपरीत, दूसरे गुट ने तर्क दिया कि राज्य में अपनी मौजूदा कमज़ोर उपस्थिति को देखते हुए कांग्रेस 2026 का विधानसभा चुनाव अकेले नहीं लड़ सकती। वे सीट बंटवारे के लिए ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस को एकमात्र व्यवहार्य विकल्प मानते हैं।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष शुभंकर सरकार गठबंधन पर कोई भी निर्णय लेने से पहले पार्टी के आधार को मजबूत करने पर जोर दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को वर्षों तक नुकसान उठाना पड़ा है क्योंकि गठबंधनों ने हमारी नहीं बल्कि अन्य साझेदारों की मदद की है। मेरा काम राज्य भर में पार्टी की उपस्थिति बढ़ाना है। केवल तभी हम चुनाव में गठबंधन या अकेले जाने पर चर्चा कर सकते हैं। उन्होंने तृणमूल के साथ गठबंधन करने के तुक पर सवाल उठाते हुए कहा कि बंगाल में इसने पार्टी को बर्बाद कर दिया है। उन्होंने दावा किया कि वामपंथियों के साथ गठबंधन से सीट-बंटवारे की व्यवस्था से परे कांग्रेस को कोई लाभ नहीं मिला।

वैसे तीनों पार्टियां - कांग्रेस, वाम और तृणमूल - राष्ट्रीय स्तर पर विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन का हिस्सा हैं, लेकिन पश्चिम बंगाल में कांग्रेस-वाम गठबंधन तृणमूल और भाजपा दोनों का विरोध करता है। राज्य में 2011-2021 के दौरान कांग्रेस की उपस्थिति में लगातार गिरावट आई है, जब लगभग 70 विधायक और एक सांसद तृणमूल में चले गए। 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का वोट प्रतिशत 2019 के 5.6 प्रतिशत से घटकर 4.6 प्रतिशत रह गया और पार्टी को सिर्फ़ एक सीट मिली। कांग्रेस के एक प्रमुख नेता और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी वाम-कांग्रेस गठबंधन को बनाए रखने के प्रबल समर्थक रहे हैं। उन्होंने रेखांकित किया कि कांग्रेस-वाम गठबंधन ने 2024 के लोकसभा चुनावों में अच्छा प्रदर्शन किया है, जिसमें कांग्रेस ने 12 विधानसभा क्षेत्रों में बढ़त बनाई, यहां तक कि उन क्षेत्रों में वोटों के मामले में तृणमूल और भाजपा दोनों से आगे रही। चौधरी ने कहा कि पिछले लोकसभा चुनाव में हम 12 विधानसभा सीटों पर आगे रहे। वाम दलों और कांग्रेस के संयुक्त प्रयास से हमें यह हासिल करने में मदद मिली है। हमें अपनी आगे की राह का मूल्यांकन करते समय इन सकारात्मक पहलुओं को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। कांग्रेस संयुक्त मोर्चा सरकार के संक्षिप्त काल को छोड़कर 1977 तक राज्य में सत्तारूढ़ रही।

## बीएसएफ ने सीमांत इलाके के स्कूली बच्चों में बांटे खेलकूद के सामान

**❑ मेडिकल कैंप में 500 लोगों की चिकित्सा जांच भी की गई**

**कोलकाता, समाज्ञा :** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की 57वीं वाहिनी ने दक्षिण दिनाजपुर जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा से संलग्न विभिन्न सीमावर्ती गांवों के स्कूली बच्चों में शुक्रवार को खेलकूद के सामान और किसानों में खेती के औजारों का वितरण किया। इस दौरान, ग्रामवासियों के लिए निः शुल्क मेडिकल कैंप भी लगाया गया था, जिसका बड़ी संख्या में लोगों ने लाभ उठाया। सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत आयोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन बल के रायगंज सेक्टर के डीआईजी मोहिंदर सिंह ने किया। उद्घाटन के उपरांत डीआईजी ने 57वीं वाहिनी के कमांडेंट बिभूति भूषण कुमार के साथ स्कूली बच्चों में खेलकूद के सामानों एवं किसानों में औजारों का वितरण किया। एक



बयान में बताया गया कि स्कूली बच्चों को क्रिकेट किट, कैरम बोर्ड, फुटबाल, वालीबाल और नेट जबकि जरूरतमंद किसानों को फावड़े, खुरपी आदि प्रदान किया गया। वहीं, मेडिकल कैंप में लगभग 500 ग्रामीणों का चिकित्सा परीक्षण किया गया और उन्हें मुफ्त में दवाइयां भी दी गई। सीमावर्ती बातुन ग्राम पंचायत के अंतर्गत गांव कोइतारा बातुन, माधवपुर चकबंसी देवीपुर सैपाडा, घुसी डंगबराल के ग्रामवासी मेडिकल कैंप से लाभांवित हुए। कार्यक्रम में उप कमांडेंट सीता राम, उप कमांडेंट राजेंद्र शर्मा, सहायक कमांडेंट अमित कुमार, डा पंकज कुमार (एसीएमओ) एवं बालुरघाट जिला अस्पताल से डॉ. विदिशा सरकार के अलावा ग्राम प्रधान एवं इलाके के गणमान्य व्यक्ति उप-स्थित थे।

## न्यूज इन ब्रीफ

### झारखंड में जंगली हाथियों के हमले में महिला समेत दो की मौत

**सिमडेगा (झारखंड) :** झारखंड के सिमडेगा जिले में शुक्रवार को अलग-अलग घटनाओं में जंगली हाथियों के हमले में दो लोगों की मौत हो गई। एक वन अधिकारी ने यह जानकारी दी। वन अधिकारी ने बताया कि महाबुआंग पुलिस थाना अंतर्गत बुरुइर्गी देबाटोली गांव में शुक्रवार देर रात करीब एक बजे अपने घर के बाहर सो रहे 28 वर्षीय विकास ओहदार नामक व्यक्ति को हाथी ने कुचलकर मार डाला। सिमडेगा के प्रभागीय वन अधिकारी (डीएफओ) शशांक शेखर सिंह ने बताया कि दूसरी घटना बानो थाना क्षेत्र के जामंग गांव में सुबह करीब छह बजे हुई। यहां पास के जंगल में महुआ के फूल एकत्र करने गई सिबिरिया लुगुन नामक 45 वर्षीय महिला को हाथी ने हमला कर मार डाला।

### मौलाना ने सलमान खान के 'राम एडिशन' घड़ी पहनने को 'हराम' करार दिया

**बरेली (उप्र) :** 'ऑल इंडिया मुस्लिम जमात' के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने फिल्म अभिनेता सलमान खान के 'राम एडीशन' घड़ी पहनने को 'हराम' करार दिया है। मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने शुक्रवार को प्रेस को जारी एक बयान में कहा कि मुझसे सलमान खान के कृत्य पर शरियत का हुक्म पूछा गया है। उन्होंने कहा, 'मुझसे सलमान खान के कृत्य पर शरियत का हुक्म पूछा गया है, मैं उनके द्वारा किए गए कार्य के बारे में शरियत का हुक्म बताता हूं। उन्होंने राम मंदिर के प्रचार के लिए बनाई गई राम एडीशन घड़ी अपने हाथों में पहन रखी है और मुसलमान होने के नाते अपने हाथ में इस तरह की घड़ी को पहनना नाजायज और हराम है।'

### पटना में वक्फ संशोधन विधेयक के खिलाफ जुमे की नमाज के दौरान मुसलमानों ने काली पट्टी बांधी

**पटना :** बिहार की राजधानी पटना में वक्फ (संशोधन) विधेयक के विरोधस्वरूप हाथ पर काली पट्टी बांधकर रमजान महीने के आखिरी (अलविदा) जुमे की नमाज पढ़ने के लिए बड़ी संख्या में मुसलमान मस्जिद पहुंचे। शुक्रवार की नमाज के लिए मस्जिदों में प्रवेश करने से पहले राज्य की राजधानी में जामा मस्जिद (पटना रेलवे स्टेशन के पास) और दरियापुर मस्जिद के बाहर मुसलमानों को काली पट्टी बांटी गई।

# लोकतंत्र के तीनों स्तंभ साथ काम करते हैं तो सुशासन स्थापित करने में मदद मिलती है: योगी आदित्यनाथ

■ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकबंधु अस्पताल पहुंचकर बीमार बच्चों का कुशलक्षेम जाना




**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि जब लोकतंत्र के तीनों स्तंभ (विधायिका, कार्यपालिका, न्यायपालिका) मिलकर काम करते हैं तो सुशासन के लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद मिलती है। यहां विधान भवन में आयोजित राज्य स्तरीय 'विकसित भारत युवा संसद महोत्सव-2025' के उद्घाटन सत्र को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यह बात कही। उन्होंने कहा, 'भारत ने लोकतंत्र की जिस विधा को अपनाया है वह संसदीय लोकतंत्र है। इसके तीन स्तंभ-विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका हैं। इन तीन स्तंभों से ही देश की सारी व्यवस्था का संचालन होता है।' योगी ने कहा, 'जब तीनों (स्तंभ) मिलकर काम करते हैं तो सुशासन के लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद मिलती है। इसीलिए युवा संसद का उद्देश्य है कि हर व्यक्ति आज से शुरू कर दे कि हमें तो नेता ही बनना है। नेता का मतलब जीवन के किसी भी क्षेत्र में नेतृत्व का गुण विकसित होना चाहिए।' उन्होंने कहा कि अगर कहीं कोई शिकायत है तो जनता के पास कार्यपालिका और न्यायपालिका के मंच भी उपलब्ध हैं और यह व्यवस्था लोकतंत्र की ताकत है। युवाओं को संबोधित करते हुए योगी ने कहा, 'आप विधायिका, कार्यपालिका, न्यायपालिका के जरिये भी अपनी सेवाएं दे सकते हैं। इन क्षेत्रों में लीक से अलग हटकर जब कुछ करते हैं तो वही प्रेरणादायी बन जाती है।' मुख्यमंत्री ने कहा, 'जब हम लकीर का फकीर बनते हैं और अपने कार्य से मुंह चुराते हैं तो वही हमारे पराभव का कारण बनता है, जब हम लीक से हटकर कुछ नया करते हैं, कुछ अच्छा करने का प्रयास करते हैं तो वह समाज के लिए प्रेरणा बनता है। लोग उसे हाथों हाथ लेकर जब सम्मान देते हैं तभी नेतृत्व का बोध होता है।' इससे पहले योगी ने युवा प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा, 'मैं सबसे पहले आप सभी का देश की सबसे बड़ी विधायिका में हृदय से स्वागत और अभिनंदन करता हूं।' उन्होंने कहा, 'भावी भारत में युवाओं की भूमिका के निर्धारण के लिए प्रधानमंत्री जी का प्रेरणादायी मार्गदर्शन मिल रहा है। इसी को ध्यान में रखकर 2019 से युवा संसद के इस नये संकल्प को आगे बढ़ाने का कार्य शुरू हुआ है।' एक आधिकारिक बयान के अनुसार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में आयोजित राज्य स्तरीय विकसित भारत युवा संसद महोत्सव में मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में 2019 से शुरू हुई युवा संसद की यह पहल जीवन के हर क्षेत्र में नेतृत्व गुण विकसित करने के उद्देश्य से आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री ने संविधान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह संविधान 140 करोड़ भारतीयों को बिना भेदभाव के मताधिकार का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा, 'संविधान हमें अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों का भी बोध कराता है। केवल अधिकारों की मांग से राज्य तबाह हो जाते हैं, जैसा कि हमने कई उदाहरणों में देखा। कर्तव्यों का पालन ही देश को समृद्ध बनाता है।' मुख्यमंत्री ने आजादी के अमृत महोत्सव के संदर्भ में प्रधानमंत्री मोदी के 2047 तक विकसित भारत के दृष्टिकोण को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि जब देश अपनी आजादी का शताब्दी महोत्सव मनाएगा तब आप युवा देश का नेतृत्व करेंगे। उन्होंने कहा, 'नेतृत्व के लिए आचरण और विचार में समन्वय जरूरी है।

### बिहार : ईडी ने आईएएस अधिकारी हंस के मामले में छापेमारी कर करीब 11 करोड़ रुपये की नकदी जब्त की

**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को बताया कि उसने बिहार में पदस्थ रहे भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी संजीव हंस के खिलाफ धन शोधन मामले की जांच के दौरान संदेह के दायरे में आए कुछ लोगों के खिलाफ ताजा छापेमारी के दौरान 11.64 करोड़ रुपये की नकदी जब्त की है। संघीय एजेंसी ने बताया कि पटना में सात स्थानों पर बृहस्पतिवार को छापेमारी की गई थी। प्रवर्तन निदेशालय ने एक बयान में कहा कि उसने बिहार निर्माण विभाग (बीसीडी) के मुख्य अभियंता तारिणी दास, बिहार सरकार के वित्त विभाग में संयुक्त सचिव मुमुक्षु चौधरी और शहरी विकास एवं आवास विभाग (यूडीएचडी) के कार्यकारी अभियंता उमेश कुमार सिंह के परिसरों की तलाशी ली। संघीय एजेंसी के मुताबिक, बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड (बीयूआईडीसीओ) के उप परियोजना निदेशक अयाज अहमद, बिहार चिकित्सा सेवा एवं आधारभूत संरचना निगम लिमिटेड (बीएमएसआईसीएल) के डीजीएम (परियोजनाएं) सागर जायसवाल, बीएमएसआईसीएल के डीजीएम विकास झा और बिहार निर्माण विभाग (बीसीडी) के कार्यपालक अभियंता साकेत कुमार के ठिकानों पर भी छापेमारी की गई।

## न्यूज अपडेट

### किसी घुसपैठिए के लिए भारत 'खाला' का घर नहीं होगा: केशव प्रसाद मौर्य



**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने 'आप्रवास और विदेशी विषयक विधेयक,2025' पर शुक्रवार को अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि किसी घुसपैठिए के लिए भारत अब 'खाला' (मौसी) का घर नहीं होगा। मौर्य ने अपने आधिकारिक एक्स खाते पर एक पोस्ट में कहा कि अवैध तरीके से घुसपैठ करने वाले किसी घुसपैठिए के लिए भारत अब कोई 'खाला' का घर नहीं होगा। उपमुख्यमंत्री ने इसी पोस्ट में कहा, यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में नए भारत की नई आव्रजन नीति ने अंग्रेजों के जमाने के आव्रजन संबंधी कानून का चोला उतार दिया है। नए भारत की नई आव्रजन नीति देश के लिए गौरव की बात है। मौर्य ने कहा, 'माननीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी इसे अंजाम तक पहुंचाने के लिए बधाई के पात्र हैं। राष्ट्र की सुरक्षा के लिए यह बहुत जरूरी था। घुसपैठ कराने वाले विपक्षी दल इस नई नीति से हक्का-बक्का रह गए हैं।' केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को लोक सभा में आप्रवास और विदेशियों से संबंधित विधेयक, 2025 पर चर्चा का जवाब दिया। चर्चा के बाद सदन ने इस विधेयक को पारित कर दिया।

### अमित शाह शनिवार को बिहार के दो दिवसीय दौरे पर आएंगे

**पटना :** केंद्रीय गृह मंत्री शनिवार को दो दिवसीय दौरे पर बिहार आएंगे और इस दौरान वे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत भरतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राजग नेताओं से मुलाकात करेंगे और कुछ समारोहों को संबोधित करेंगे। शाह के इस दौरे के बारे में भाजपा की बिहार इकाई के अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने शुक्रवार को कहा, 'अमित शाह के शाम 7.45 बजे पटना हवाई अड्डे पर पहुंचने की संभावना है। वे पार्टी विधायकों से बातचीत के लिए सीधे भाजपा मुख्यालय जाएंगे। इसके बाद देर रात पार्टी कोर कमेटी की बैठक होगी।' उन्होंने कहा, रविवार को पटना में सहकारिता विभाग के एक समारोह को संबोधित करने के बाद शाह गोपालगंज जिले में एक रैली के लिए रवाना होंगे। बिहार भाजपा अध्यक्ष ने कहा, गोपालगंज से लौटने के बाद शाह राजग की महत्वपूर्ण बैठक के लिए मुख्यमंत्री के आवास पर जाएंगे, उसके बाद वह अपनी वापसी की उड़ान भरेंगे। भाजपा के पूर्व अध्यक्ष का यह दौरा बिहार विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले हो रहा है और इस बैठक में उनकी पार्टी भाजपा, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जद(यू) के साथ-साथ केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) तथा जीतन राम मांझी की हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा शामिल होंगे।

### वाराणसी में नवरात्र के अवसर पर मांस-मछली की दुकानें बंद रहेंगी

**वाराणसी (उप्र):** उत्तर प्रदेश के वाराणसी में नवरात्र के अवसर पर मांस-मछली की सभी दुकानें बंद रहेंगी। वाराणसी नगर निगम की कार्यकारिणी की बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया है। महापौर ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। वाराणसी नगर निगम के महापौर अशोक तिवारी ने बताया कि नवरात्र में धर्मनगरी काशी के प्रति श्रद्धालुओं की आस्था और धार्मिक भावनाओं को ध्यान में रखते हुए मांस-मछलियों की दुकानों को बंद रखने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि इस प्रस्ताव को नगर निगम की कार्यकारिणी की बैठक में सर्वसम्मिति से पारित किया गया है। तिवारी ने कहा कि यदि कोई दुकानदार इस आदेश का उल्लंघन करता पाया जाएगा तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं, कार्यकारिणी के फैसले का अलईपुर वार्ड की पार्षद राजिया विरोध किया। उन्होंने कहा पूरे नौ दिन किसी का व्यवसाय बंद कर देने का निर्णय कहीं से सही नहीं है। इससे हजारों लोगों के व्यवसाय का नुकसान होगा। राजिया ने कहा कि नवरात्र में मांस मछली की दुकानों को बंद करने का निर्णय अभी निगम की कार्यकारिणी के 12 सदस्यों और महापौर का है।

## मंत्रिमंडल ने बिहार में पटना-सासाराम गलियारा परियोजना को मंजूरी दी

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को बिहार में 3,712.40 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत वाली चार लेन की पटना-सासाराम गलियारा परियोजना को मंजूरी दे दी। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने कहा कि वर्तमान में सासाराम, आरा और पटना के बीच संपर्क मौजूदा राज्य राजमार्गों (एसएच-2, एसएच-12, एसएच-81 और एसएच-102) पर निर्भर है और भारी भीड़भाड़ के कारण इसमें तीन-चार घंटे लगते हैं। मंत्रालय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने पटना से बिहार में सासाराम (120.10 किमी) तक चार-लेन वाली पटना-आरा-सासाराम गलियारा के निर्माण को मंजूरी दे दी है। इस परियोजना पर 3,712.40 करोड़ रुपये की कुल लागत आने का अनुमान है। इसे 'हाइब्रिड एन्युटी मोड' (एचएएम) पर विकसित किया जाएगा। परियोजना के तहत मौजूदा पुराने राजमार्ग के 10.6 किलोमीटर के उन्नत किये जाने के साथ एक नया गलियारा विकसित किया जाएगा। इससे बढ़ती भीड़ को कम किया जा सकेगा और आरा, ग्राहिणी, पीरो, बिक्रमगंज, मोकर और सासाराम जैसे स्थानों में घनी आबादी वाले क्षेत्रों की जरूरतों को पूरा किया जा सकेगा। यह परियोजना राष्ट्रीय राजमार्ग-19, राष्ट्रीय राजमार्ग-319, राष्ट्रीय राजमार्ग-922, राष्ट्रीय राजमार्ग-131 जी और राष्ट्रीय राजमार्ग-120 सहित प्रमुख परिवहन गलियारों के साथ एकीकृत होकर औरंगाबाद, कैमूर और पटना को निर्बाध संपर्क सुविधा प्रदान करेगी। इसके अतिरिक्त, परियोजना दो हवाई अड्डों (पटना के जय प्रकाश नारायण अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे और आगामी बिहटा हवाई अड्डे) को भी जोड़ता है। यह चार प्रमुख रेलवे स्टेशनों (सासाराम, आरा, दानापुर और पटना) और एक अंतर्देशीय जल टर्मिनल (पटना) को जोड़ेगा और पटना रिंग रोड तक सीधी पहुँच बढ़ाएगा, जिससे माल और यात्रियों की तेज आवाजाही होगी।

### बलिया में पेड़ से लटकी मिली युवती; हत्या और आत्महत्या के अलग-अलग दावे

**बलिया (उप्र) :** उत्तर प्रदेश में बलिया जिले के नगरा थाना क्षेत्र के सरयां गुलाब राय गांव में जामुन के एक पेड़ से लटकी मिली 20 वर्षीय युवती की मौत का मामला 'हत्या और आत्महत्या' के विवाद में उलझ गया है। पुलिस ने यद्यपि आत्महत्या का दावा किया है, लेकिन परिवार का आरोप है कि युवती की हत्या की गयी है। पुलिस को गत 23 मार्च को यह सूचना प्राप्त हुई कि नगरा थाना के अंतर्गत सरयां गुलाब राय गांव में एक युवती का शव पेड़ पर लटका हुआ है। युवती की शिनाख्त पूजा चौहान (20) के रूप में हुई। पुलिस अधीक्षक (एसपी) ओमवीर सिंह ने शुक्रवार को दावा किया कि युवती ने यूट्यूब वीडियो देखकर फांसी लगायी थी, हालांकि युवती के परिजनों ने पुलिस अधीक्षक के दावे को खारिज करते हुए कहा कि उसके साथ पहले दरिंदगी की गयी और फिर हत्या कर शव को पेड़ पर लटका दिया गया। ओमवीर सिंह ने शुक्रवार को बताया कि लड़की ने यूट्यूब वीडियो देखने के बाद आत्महत्या कर ली।

## पुलिस ने संभल में किया तांत्रिक गिरोह का भंडाफोड़, धोखाधड़ी और शोषण के आरोप में 14 गिरफ्तार




**संभल :** उत्तर प्रदेश के संभल में लोगों को तांत्रिक अनुष्ठानों के जरिए 'धन वर्षा' का झांसा देकर ठगने और महिलाओं तथा लड़कियों का यौन शोषण करने वाले एक गिरोह का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। संभल के पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि एटा, आगरा और फिरोजाबाद में पिछले सात-आठ वर्षों से सक्रिय इस गिरोह के 14 सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि मामला 21 मार्च को तब सामने आया जब राजपाल नामक व्यक्ति धनारी पुलिस स्टेशन पहुंचा। विश्नोई ने कहा, राजपाल ने हमें बताया कि एक समूह उसे तांत्रिक अनुष्ठान के बहाने किसी अज्ञात स्थान पर ले गया था। वह बड़ी मुश्किल से जान बचा कर वहां से भाग निकला है। राजपाल की शिकायत के बाद पुलिस ने अपहरण और हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया। उन्होंने बताया कि जांच में पता चला कि गिरोह नकदी से भरे कमरों के फर्जी वीडियो दिखाकर लोगों को लालच देता था और कथित अलौकिक साधनों के जरिए उन्हें पांच करोड़ से 35 करोड़ रुपये तक वापस देने का वादा करता था। पुलिस ने बताया कि वित्तीय धोखाधड़ी के अलावा गिरोह के लोग अनुष्ठान के बहाने महिलाओं और युवतियों का यौन शोषण भी करते थे।

# समीक्षा व्यापार

## न्यूज इन ब्रीफ

### देश का विदेशी मुद्रा भंडार 4.53 अरब डॉलर बढ़कर 658.8 अरब डॉलर पर

मुंबई : देश का विदेशीमुद्रा भंडार 21 मार्च को समाप्त सप्ताह में 4.53 अरब डॉलर बढ़कर 658.8 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इसके एक सप्ताह पहले देश का विदेशी मुद्रा भंडार 30.5 करोड़ डॉलर बढ़कर 654.27 अरब डॉलर हो गया था। यह लगातार तीसरा सप्ताह है जब विदेशीमुद्रा भंडार में वृद्धि हुई है। हाल ही में पुनर्मूल्यांकन और रुपये में उतार-चढ़ाव को कम करने के लिए रिजर्व बैंक के हस्तक्षेप के कारण इसमें गिरावट देखी गई थी।

### भारत, जापान ने 191.73 अरब येन की छह परियोजनाओं के लिए समझौते किए

नयी दिल्ली : भारत और जापान ने 191.74 अरब जापानी येन के ऋण समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। ये कर्ज समझौते जापान की आधिकारिक विकास सहायता (ओडीए) के तहत छह परियोजनाओं के लिए किए गए हैं। वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि भारत और जापान ने बृहस्पतिवार को वन प्रबंधन, जल आपूर्ति, शहरी परिवहन, जलीय कृषि, जैव विविधता संरक्षण और निवेश संवर्धन में छह परियोजनाओं के लिए 191.74 अरब जापानी येन के ऋण समझौतों पर हस्ताक्षर किए। छह ऋण समझौतों में तमिलनाडु निवेश संवर्धन कार्यक्रम (चरण तीन) (टीएनआईपीपी-तीन) (36.114 अरब जापानी) के लिए एक समझौता शामिल है।

# एटीएम से तय सीमा से अधिक बार निकासी पर लगेगा ज्यादा शुल्क



मुंबई : बैंक ग्राहकों को एटीएम से नि:शुल्क निकासी की मासिक सीमा खत्म होने के बाद पैसे निकालने पर एक मई से प्रति लेन-देन 23 रुपये देने होंगे। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को बैंकों को एटीएम से पैसा निकालने पर वसूले जाने वाले शुल्क को दो रुपये बढ़ाकर 23 रुपये प्रति लेनदेन करने की मंजूरी दे दी। यह शुल्क माह में नि:शुल्क निकासी की सीमा समाप्त होने के बाद एटीएम से पैसा निकालने पर लगेगा। ग्राहक अपने बैंक के एटीएम से हर महीने पांच नि:शुल्क लेनदेन (वित्तीय एवं गैर-वित्तीय लेनदेन सहित) के लिए पात्र हैं। ग्राहक अन्य बैंकों के एटीएम से भी सीमित संख्या में मुफ्त लेनदेन के लिए पात्र हैं। महानगरों में वे तीन निःशुल्क लेनदेन और अन्य स्थानों पर पांच निःशुल्क लेनदेन कर सकते हैं। इससे अधिक लेनदेन करने पर बैंक शुल्क वसूलते हैं। आरबीआई ने एक परिपत्र में कहा, 'मुफ्त लेनदेन के अलावा ग्राहक से प्रति लेनदेन अधिकतम 23 रुपये का शुल्क लिया जा सकता है। यह एक मई 2025 से प्रभावी होगा।' वर्तमान में, बैंकों को ग्राहक द्वारा मुफ्त लेनदेन सीमा समाप्त होने के बाद प्रति लेनदेन 21 रुपये का शुल्क लेने की अनुमति है। आरबीआई ने कहा कि ये निर्देश, यथावश्यक परिवर्तनों के साथ 'कैश रिसाइक्लर मशीन' (नकद जमा लेनदेन के अलावा) पर किए गए लेनदेन पर भी लागू होंगे। आरबीआई ने एटीएम लेनदेन के लिए इंटरचेंज शुल्क संरचना पर भी निर्देश जारी किए हैं। परिपत्र में कहा गया है कि एटीएम इंटरचेंज शुल्क को एटीएम नेटवर्क तय करेगा। सभी केंद्रों में वित्तीय लेनदेन के लिए वर्तमान इंटरचेंज शुल्क प्रति लेनदेन 17 रुपये और गैर-वित्तीय लेनदेन के लिए छह रुपये है।

### एलआईसी कार्यालय शनिवार, रविवार और सोमवार को खुले रहेंगे

**नयी दिल्ली :** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने शुक्रवार को कहा कि पॉलिसीधारकों को अपना प्रीमियम जमा करने की सुविधा देने के लिए उसकी शाखाएं सप्ताहांत और सोमवार को भी खुली रहेंगी। सोमवार को देश के कई हिस्सों में ईद के कारण अवकाश है। एलआईसी ने एक बयान में कहा कि पॉलिसीधारकों को किसी भी कठिनाई से बचाने के लिए 29 मार्च, 30 मार्च और 31 मार्च को एलआईसी के कार्यालय आधिकारिक कार्य समय के अनुरूप सामान्य परिचालन के लिए खुले रहेंगे। यह कदम भारतीय बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) के 12 मार्च, 2025 को जारी परामर्श के अनुरूप उठाया गया है।

## न्यूज अपडेट

### देश का सेवा निर्यात फरवरी में घटकर 31.62 अरब डॉलर पर

**मुंबई :** देश का सेवा निर्यात फरवरी में लगातार दूसरे महीने घटकर 31.62 अरब डॉलर रहा जबकि आयात कम होकर 14.5 अरब डॉलर पर आ गया। भारतीय रिजर्व बैंक के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, जनवरी में सेवा निर्यात 34.72 अरब डॉलर रहा था जबकि दिसंबर 2024 में यह 36.96 अरब डॉलर था। जनवरी में सेवा आयात 16.7 अरब डॉलर रहा था। हालांकि सालाना आधार पर फरवरी में सेवा निर्यात में 11.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई जबकि आयात में 4.8 प्रतिशत की गिरावट आई। इस बीच, आरबीआई ने 'दिसंबर 2024 के अंत के लिए भारत की अंतरराष्ट्रीय निवेश स्थिति' पर जारी एक विज्ञप्ति में कहा कि भारत में प्रवासियों के शुद्ध दावों में 2024-25 की तीसरी तिमाही के दौरान 11 अरब डॉलर की वृद्धि हुई और दिसंबर 2024 में यह 364.5 अरब डॉलर हो गया।

### एसबीआई के शेट्टी भारतीय बैंक संघ के चेयरमैन नियुक्त

**मुंबई :** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के चेयरमैन सी. एस. शेट्टी को शुक्रवार को भारतीय बैंक संघ (आईबीए) का प्रमुख चुना गया। आधिकारिक बयान के अनुसार, बैंकों के समूह की प्रबंध समिति ने एसबीआई के शेट्टी को अगली वार्षिक आम बैठक तक आईबीए का चेयरमैन चुना है। इसके अलावा यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी ए. मणिमेखलाई, पंजाब एंड सिंध बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी स्वरूप कुमार साहा और बैंक ऑफ बहरीन एंड कुवैत के क्षेत्रीय प्रमुख एवं मुख्य कार्यकपाल अधिकारी (भारत) माधव नायर डिप्टी चेयरमैन चुने गये हैं। आधिकारिक बयान में कहा गया है कि निजी क्षेत्र के करूर वैश्य बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) बी. रमेश बाबू को आईबीए का मानद सचिव नियुक्त किया गया है।

### भारतीय आइसक्रीम बाजार तीन वर्षों में 45,000 करोड़ रुपये हो जाने की उम्मीद: आईआईसीएमए

**नयी दिल्ली :** पिछले दशक में भारतीय आइसक्रीम के बाजार में चार गुना की बढ़ोतरी हुई है और अगले तीन वर्षों में इसके 45,000 करोड़ रुपये तक पहुंच जाने की उम्मीद है। उद्योग निकाय ने शुक्रवार को यह संभावना जताई। भारतीय आइसक्रीम विनिर्माण संघ (आईआईसीएमए) के आंकड़ों के मुताबिक, आइसक्रीम बाजार मौसमी प्रकृति का होने के बावजूद लोगों की खर्च-योग्य आय में वृद्धि, उपभोक्ता पसंद में बदलाव और वितरण चैनलों के विस्तार की वजह से आइसक्रीम के बाजार में भारी वृद्धि देखी गई है। आईआईसीएमए ने एक बयान में कहा, 'भारत में पिछले दस वर्षों में आइसक्रीम की खपत में चार गुना वृद्धि देखी गई है। वास्तव में, इस क्षेत्र के अगले तीन वर्षों में 45,000 करोड़ रुपये और अगले आठ वर्षों में 90,000 करोड़ रुपये से अधिक तक पहुंच जाने का अनुमान है।' इसके अलावा, ठोस दूध उत्पादों और पैकेजिंग सामग्री की कीमतों में स्थिरता ने आइसक्रीम निर्माताओं को प्रतिस्पर्धी मूल्य रखने और लाभप्रदता बढ़ाने में सक्षम बनाया है। उद्योग निकाय ने कहा, 'उपभोक्ता प्रीमियम, स्वास्थ्य-उन्मुख और अभिनव स्वादों की ओर तेजी से आकर्षित हो रहे हैं, जिससे ब्रांड प्लांट-आधारित, कम चीनी और उच्च प्रोटीन वाली आइसक्रीम की पेशकश कर रहे हैं।' इसके अलावा, सरकार खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में निवेश पर प्रोत्साहन भी दे रही है। यह रणनीतिक दृष्टिकोण भारत को बढ़ते आइसक्रीम बाजार का लाभ उठाने के इच्छुक घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय निवेशकों के लिए एक आकर्षक गंतव्य के रूप में स्थापित करता है।

## कमजोर वैश्विक संकेतों से स्थानीय बाजार गिरा, वित्त वर्ष में सेंसेक्स पांच प्रतिशत चढ़ा



**मुंबई :** भारतीय आयात पर अमेरिका में दो अप्रैल से जवाबी सीमा शुल्क लगाने से जुड़ी अनिश्चितताओं के बीच वित्त वर्ष 2024-25 के अंतिम कारोबारी दिवस पर शुक्रवार को स्थानीय बाजारों में गिरावट हावी रही। सेंसेक्स में 191 अंकों की गिरावट आई जबकि निफ्टी करीब 73 अंक फिसला। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स उतार-चढ़ाव भरे कारोबारी सत्र में 191.51 अंक यानी 0.25 प्रतिशत की गिरावट के साथ 77,414.92 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 420.81 अंक गिरकर 77,185.62 पर आ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी 72.60 अंक यानी 0.31 प्रतिशत गिरकर 23,519.35 पर आ गया। इसके साथ ही वित्त वर्ष 2024-25 का आखिरी कारोबारी दिन गिरावट के साथ बंद हुआ। उतार-चढ़ाव से भरे इस वित्त वर्ष में सेंसेक्स कुल 3,763.57 अंक यानी 5.10 प्रतिशत उछला जबकि निफ्टी 1,192.45 अंक यानी 5.34 प्रतिशत चढ़ा। शेयर बाजार ईद-उल-फितर के मौके पर सोमवार को बंद रहेंगे।

### दिल्ली हवाई अड्डे पर अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए विकास शुल्क बढ़ा, घरेलू यात्रियों को राहत

**नयी दिल्ली :** भारतीय हवाईअड्डा आर्थिक नियामकीय प्राधिकरण (एईआरए) ने दिल्ली हवाई अड्डे पर अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए उपयोगकर्ता विकास शुल्क में 16 अप्रैल से वृद्धि को मंजूरी दे दी है जबकि घरेलू यात्रियों के लिए शुल्क अपरिवर्तित रहेगा। एईआरए ने शुक्रवार को एक विज्ञप्ति में एक अप्रैल, 2024 से 31 मार्च, 2029 की अवधि के लिए इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआईए) को लेकर अंतिम शुल्क आदेश को मंजूरी दे दी। प्राधिकरण ने कहा कि उसने घरेलू यात्रियों पर लगने वाले 129 रुपये के उपयोगकर्ता विकास शुल्क (यूडीएफ) में कोई बदलाव नहीं करने का फैसला किया है। इसकी वजह यह है कि घरेलू यात्रियों की इस हवाई अड्डे पर कुल यातायात में 80 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

## रुपया 24 पैसे उछलकर 85.50 प्रति डॉलर पर

**मुंबई :** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया शुक्रवार को 24 पैसे उछलकर 85.50 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी संस्थागत निवेशकों के पूंजी प्रवाह बढ़ने से रुपये की विनिमय दर में मासिक वृद्धि पिछले छह वर्षो में सबसे अधिक है। इस साल मार्च में रुपये में 2.17 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो नवंबर 2018 के बाद से सबसे ज्यादा है। उस समय रुपये में पांच प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज की गयी थी। चालू वित्त वर्ष में रुपया दो प्रतिशत से अधिक कमजोर हुआ है। दो अप्रैल, 2024 को यह डॉलर के मुकाबले 83.42 पर था। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि पूंजी बाजार में एफआईआई के मजबूत पूंजी प्रवाह से रुपये को समर्थन मिला। विदेशी निवेशकों ने पिछले छह कारोबारी सत्रों में 32,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है। हालांकि, कमजोर घरेलू बाजार और डॉलर की मजबूती ने रुपये के तेज उछाल पर रोक लगाया। इसके अलावा, निवेशक बढ़ती वैश्विक व्यापार चिंताओं के संभावित आर्थिक प्रभाव से भी जूझ रहे हैं। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 85.64 पर खुला। कारोबार के दौरान यह ऊंचे में 85.40 प्रति डॉलर तथा नीचे में 85.70 प्रति डॉलर तक आया। अंत में यह डॉलर के मुकाबले 85.50 पर बंद हुआ जो पिछले बंद से 24 पैसे की तेजी है। रुपया बृहस्पतिवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले पांच पैसे कमजोर होकर 85.74 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।

## न्यूज इन ब्रीफ

### आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने राष्ट्रपति मुर्मू से मुलाकात की



**नयी दिल्ली :** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को यहां राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। राष्ट्रपति कार्यालय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर बैठक की एक तस्वीर साझा की। राष्ट्रपति कार्यालय ने बताया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा से राष्ट्रपति भवन में मुलाकात की। मल्होत्रा ने पिछले साल 11 दिसंबर को भारतीय रिजर्व बैंक के 26वें गवर्नर के रूप में कार्यभार संभाला था।

### फरवरी में 47 दवाएं 'मानक गुणवत्ता की नहीं' पाई गईं

**नयी दिल्ली :** केन्द्रीय औषधि प्रयोगशालाओं ने फरवरी के लिए अपने मासिक औषधि अलर्ट में विभिन्न कम्पनियों द्वारा निर्मित 47 औषधि नमूनों को मानक गुणवत्ता (एनएसक्यू) के अनुरूप नहीं पाया है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इसके अलावा, राज्य औषधि परीक्षण प्रयोगशालाओं ने 56 औषधि नमूनों की पहचान एनएसक्यू के रूप में की है। नियमित विनियामक निगरानी गतिविधि के अनुसार, एनएसक्यू दवाओं की सूची हर महीने केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) पोर्टल पर प्रदर्शित की जाती है।

### दिल्ली पुलिस ने छह अवैध बांग्लादेशी पकड़े

**नयी दिल्ली :** दिल्ली के जहांगीरपुरी इलाके से पुलिस ने छह संदिग्ध अवैध बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया जो पहचान छिपाने के लिए 'ट्रांसजेंडर' बने हुए थे। एक पुलिस अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि उन्होंने अपना हुलिया बदलने और स्थानीय ट्रांसजेंडर समुदाय में घुलने-मिलने के लिए छोटी-मोटी सर्जरी और हार्मोनल उपचार भी कराया। पुलिस ने बताया कि वे बांग्लादेश में अपने परिवार से संपर्क करने के लिए एक प्रतिबंधित ऐप का इस्तेमाल करते पाए गए। सभी छह अवैध बांग्लादेशियों को निर्वासन कार्यवाही के लिए आर.के.पुरम स्थित विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) को सौंप दिया गया।

### हवाई अड्डों पर निशुल्क पेयजल के लिए वाटर कूलर की व्यवस्था की जाए: बिरला

**नयी दिल्ली :** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शुक्रवार को नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू से कहा कि वह हवाई अड्डों पर वाटर कूलर की व्यवस्था करें, ताकि यात्रियों को निशुल्क पेयजल उपलब्ध हो सके। सदन में गैर-सरकारी कामकाज के तहत कांग्रेस सांसद शफी परम्बिल के 'देश में हवाई यात्रा किराये के विनियमन के लिए उचित उपाय' संबंधी निजी संकल्प पर चर्चा के दौरान बिरला ने यह टिप्पणी की। चर्चा के दौरान, आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के सांसद चंद्रशेखर ने हवाई अड्डों पर पानी की बोतल अत्यधिक कीमतों पर उपलब्ध होने का उल्लेख किया।

### यूट्यूब शो विवाद: कॉमेडियन समय रैना दूसरी बार महाराष्ट्र पुलिस के साइबर प्रकोष्ठ के समक्ष पेश हुए

**मुंबई :** 'कॉमेडियन' समय रैना यूट्यूब पर अपने एक शो के दौरान सोशल मीडिया 'इंफ्लुएंसर' रणवीर इलाहाबादिया द्वारा की गईं विवादास्पद टिप्पणियों को लेकर दर्ज मामले में शुक्रवार को महाराष्ट्र पुलिस के साइबर प्रकोष्ठ के सामने पेश हुए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने कहा कि रैना इस सप्ताह दूसरी बार, दोपहर के समय दक्षिण मुंबई में वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में स्थित जांच एजेंसी के कार्यालय में पेश हुए और उनका बयान दर्ज किया जा रहा है।

# इंदिरा गांधी के मन में आदिवासी समुदायों के प्रति अपार सम्मान था: प्रियंका गांधी

**वायनाड (केरल) :** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने आदिवासी समुदायों के प्रति अपनी दादी और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के अपार सम्मान को याद किया। वाद्रा वायनाड जिले के सुल्तान बाथरी में आदिवासी समुदायों के लिए एक सांस्कृतिक केंद्र का उद्घाटन करने के बाद बोल रही थीं, जहां आदिवासी आबादी काफी है। वायनाड लोकसभा क्षेत्र से सांसद वाद्रा ने कहा, वह (इंदिरा गांधी) कहा करती थीं कि उनके मन में आदिवासी समुदायों के लिए बहुत अधिक और गहरा सम्मान है। वह हमें यानी राहुल और मुझे, आपके



(आदिवासी) तौर-तरीकों के बारे में बताती थीं कि आप प्रकृति के साथ किस तरह सामंजस्य बिठाकर रहते हैं। उन्होंने यह भी याद किया कि उनकी दादी आदिवासी समुदायों से उपहार के रूप में प्राप्त सभी हस्तनिर्मित शिल्पों की बड़े प्यार से देखभाल करती थीं और ये संग्रहालय बन चुके उनके आवास में आज भी देखे जा सकते हैं। वाद्रा ने कहा, उन्होंने हमें समझाया और सिखाया कि आपकी परंपराएं मानव जाति की मूल परंपराएं हैं। उन्होंने कहा कि बाकी दुनिया को आपसे सीखना चाहिए। वाद्रा ने कहा कि आदिवासी आबादी को प्रभावित करने वाली विभिन्न समस्याओं में से एक जंगली जानवरों का हमला है और वह इससे बचाव के लिए 'क्रैश-गार्ड' बाड़ लगाने की उनकी मांग से अवगत हैं। कांग्रेस सांसद ने कहा कि धनराशि को मंजूरी मिलने के बावजूद बाड़ अभी तक नहीं बनाई गई है और अब एक रिपोर्ट सामने आई है जिसमें कहा गया है कि लटकती बाड़ एक बेहतर विकल्प है। उन्होंने कहा, ''मैं समझती हूं कि आप लटकती बाड़ से खुश नहीं हैं। मैं समझती हूं कि आप अधिक स्थायी संरचना क्यों चाहते हैं। बेशक, इन स्थायी संरचनाओं पर बहुत अधिक पैसा खर्च होता है, यही वजह है कि ज्यादातर समय सरकार उन्हें मंजूरी देने की इच्छुक नहीं होती।

## मोदी सरकार ने विदेश में कैद करीब 10 हजार भारतीयों की रिहाई सुनिश्चित की

**नयी दिल्ली :** मोदी सरकार ने 2014 में सत्ता में आने के बाद से अबतक विभिन्न आरोपों में विदेशों में कैद 10,000 से अधिक भारतीयों की रिहाई और क्षमादान के लिए सक्रिय एवं सतत कूटनीतिक प्रयास किये, जिसकी वजह से इनकी स्वदेश वापसी हुई। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) द्वारा इस्लामी पवित्र महीने रमजान में लगभग 500 भारतीय कैदियों को माफ करने से भारत और खाड़ी देश के बीच मजबूत द्विपक्षीय संबंधों का पता चलता है। एक अधिकारी ने कहा, ''प्रधानमंत्री (नरेन्द्र) मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने 2014 में आने के बाद से विदेश में भारतीय नागरिकों के कल्याण को प्राथमिकता दी, तथा कूटनीतिक वार्ता और उच्च-स्तरीय हस्तक्षेप के माध्यम से विदेशों में कैद लगभग 10,000 भारतीयों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित की।'' अधिकारियों ने बताया कि राजनयिक प्रयासों के कारण भारतीय नागरिकों की रिहाई के प्रमुख उदाहरणों में 2022 में यूएई से 2,783 भारतीय कैदियों की रिहाई और सऊदी अरब के युवराज मोहम्मद बिन सलमान द्वारा 2019 में अपनी भारत यात्रा के दौरान 850 भारतीय कैदियों की रिहाई का आदेश देना शामिल है। सूत्रों ने बताया कि कतर द्वारा 2023 में मौत की सजा पाए भारतीय नौसेना के पूर्व सैनिकों को रिहा किया जाना भारतीय कैदियों की रिहाई की एक अहम घटना रही।

## राहुल गांधी ने युवाओं के बीच मादक पदार्थों की लत के बढ़ते चलन को लेकर चिंता जताई

**नयी दिल्ली :** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने युवाओं के बीच नशीले पदार्थों की लत के बढ़ते चलन को लेकर शुक्रवार को चिंता जताई और आरोप लगाया कि सरकार इस संकट के निपटने में अनिच्छुक अथवा असमर्थ है। राहुल गांधी से केरल के कुछ चिकित्सकों के एक प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद कांग्रेस नेता ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''पूरे भारत में हमारे युवा नशे की चपेट में आ रहे हैं। भारत में 2.3 करोड़ ओपिओइड और लगभग एक करोड़ इनहेलेंट उपयोगकर्ता हैं, जो हरियाणा की पूरी आबादी से अधिक है। ऐसा लगता है कि सरकार इस भयावह संकट से निपटने में अनिच्छुक या असमर्थ है जो एक पूरी पीढ़ी को नष्ट कर सकता है।'' उन्होंने कहा कि नशीले पदार्थों से संबंधित बढ़ते अपराधों से लड़ना अत्यावश्यक है, लेकिन युवाओं को नशे की ओर ले जाने वाले मूल आर्थिक, सामाजिक और मानसिक स्वास्थ्य संबंधी कारकों जैसे बेरोज-गारी, निराशा और सामाजिक दबाव से भी निपटना होगा। राहुल गांधी ने कहा, ''मैंने आज केरल के चिकित्सकों और प्रभावशाली लोगों के एक प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की, जहां मादक पदार्थों का खतरा हजारों युवाओं को जहर दे रहा है, जिससे अपराध, चिकित्सा आपात स्थिति और मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों में वृद्धि हो रही है। उन्होंने मुझसे राज्य में बढ़ती मादक पदार्थों की समस्या से निपटने के लिए जागरूकता अभियान, नशा मुक्ति केंद्रों और परामर्शदाताओं की तत्काल आवश्यकता के बारे में बात की।''

## लोकसभा ने समुद्री मालवहन विधेयक को दी मंजूरी, 100 साल पुराने कानून में होगा संशोधन

**नयी दिल्ली :** पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्वानंद सोनोवाल ने शुक्रवार को लोकसभा में कहा कि ''समुद्र द्वारा माल वहन विधेयक, 2024'' माल भेजने वालों और ढुलाई करने वालों के बीच बेहतर तालमेल कायम करेगा और विश्वसनीयता को बढ़ाएगा। सदन ने विधेयक पर चर्चा के बाद, कुछ सरकारी संशोधनों के साथ इसे ध्वनिमत से पारित कर दिया। यह विधेयक, कानून का रूप लेने के बाद 'समुद्र द्वारा मालवहन अधिनियम, 1925' की जगह लेगा। नये विधेयक में भारत में एक बंदरगाह से दूसरे बंदरगाह या दुनिया के किसी भी बंदरगाह तक माल की ढुलाई की जिम्मेदारियों, देनदारियों, अधिकार और छूट से संबंधित



प्रावधान किए गए हैं। मंत्री ने विधेयक पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए कहा, ''यह विधेयक 100 साल पुराने और स्वतंत्रता पूर्व के अधिनियम की जगह लेगा। नया विधान औपनिवेशिक मानसिकता को त्यागने की दिशा में उठाया गया एक कदम है।'' उन्होंने कहा, ''समुद्र द्वारा माल वहन के क्षेत्र में देश को वैश्विक स्तर पर अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए हमें (पुराने अधिनियम में) बदलाव लाने की जरूरत थी, इसलिए यह विधेयक लाया गया।'' मंत्री ने कहा कि सभी हितधारकों के साथ विस्तृत चर्चा के बाद इसे लाया गया।

### गुजरात उच्च न्यायालय ने चिकित्सकीय आधार पर आसाराम को तीन माह की जमानत दी

**अहमदाबाद :** गुजरात उच्च न्यायालय ने बलात्कार के एक मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे स्वयंभू संत आसाराम को शुक्रवार को तीन महीने के लिए अस्थायी जमानत दे दी। उच्चतम न्यायालय ने सात जनवरी को गुजरात पुलिस द्वारा दर्ज बलात्कार के मामले में आसाराम को 31 मार्च तक अंतरिम ज़मानत दी थी। फिलहाल वह राजस्थान के जोधपुर में आयुर्वेदिक उपचार करा रहे हैं। सोमवार को तीन महीने की अवधि समाप्त होने वाली थी, इसलिए उनके वकीलों ने गुजरात उच्च न्यायालय में तीन महीने के लिए अतिरिक्त जमानत प्रदान करने का अनुरोध किया।

### कर्नाटक के कोदागु में एक ही परिवार के चार सदस्य मृत पाए गए

कोदागु (कर्नाटक) : पोन्नमपेट तालुका में शुक्रवार को एक परिवार के चार सदस्य अपने घर में मृत पाए गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान महिला नागी (32), उसकी सात वर्षीय बेटी कावेरी, नागी के पिता करिया (75) और नागी की माता गौरी (70) के रूप में हुई है। पुलिस को संदेह है इन हत्याओं में नागी के पति गिरीश (35) की संलिप्ता हो सकती है, क्योंकि वह फिलहाल फरार है। पुलिस के अनुसार, यह घटना तब प्रकाश में आई जब 'कॉफी एस्टेट' में काम करने वाले नागी और गिरीश कई दिनों से काम पर नहीं गए, जिसके कारण उनके साथ काम करने वाले अन्य लोग उनकी तलाश में निकले।

## जनवरी से अब तक अमेरिका से 636 भारतीय नागरिकों को निर्वासित किया गया: सरकार

**नयी दिल्ली :** सरकार ने शुक्रवार को कहा कि जनवरी 2025 से अब तक 636 भारतीय नागरिकों को अमेरिका से भारत निर्वासित किया गया है। विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, ''इनमें से 341 विशेष उड़ानों से आए, 55 वाणिज्यिक उड़ानों से पनामा के रास्ते आए और 240 अलग-अलग वाणिज्यिक उड़ानों से आए।'' तृणमूल कांग्रेस के सांसद यूसुफ पठान ने सवाल किया था कि क्या सरकार ने अमेरिका से 18,000 अवैध भारतीय प्रवासियों को वापस लाने की पेशकश की है? सिंह ने कहा, ''यह सभी देशों का दायित्व है कि यदि उनके नागरिक विदेश में अवैध रूप से रहते पाए जाते हैं तो उन्हें वापस ले जाएं। हालांकि, यह उनकी राष्ट्रीयता के स्पष्ट सत्यापन के अधीन है। यह ऐसी नीति नहीं है जो केवल भारत द्वारा अपनाई जाती है। यह अंतरराष्ट्रीय संबंधों में आम तौर पर स्वीकृत सिद्धांत है।''

### देश से फलों का निर्यात पांच साल में 47 प्रतिशत बढ़ा

सरकार ने शुक्रवार को राज्यसभा में बताया कि पिछले पांच साल में देश से फलों के निर्यात में 47.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने उच्च सदन में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि संयुक्त अरब अमीरात और ऑस्ट्रेलिया के साथ हुए मुक्त व्यापार समझौतों से भी निर्यात को बढ़ावा मिला है। उन्होंने कहा कि समझौतों के बाद संयुक्त अरब अमीरात और ऑस्ट्रेलिया को फलों के निर्यात में क्रमशः 27 प्रतिशत और छह प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

# पिछले 10 वर्षों में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग हब बनकर उभरा : अश्विनी वैष्णव

### केंद्रीय मंत्री का दावा, 5 गुणा हुई इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली :** केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग हब बनकर उभरा है। 10 वर्षों में 5 गुणा इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग की बढ़ोतरी हुई है।अब पैसिव कंपोनेंट की मैन्युफैक्चरिंग का निर्णय लिया गया है। इससे रोज़गार बढ़ेगा। आज 25 लाख रोज़गार इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में हैं, इसे बढ़ाकर 60 लाख की तरफ लेकर जाना है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने हमेशा सुनिश्चित किया है कि किसानों पर बोझ न पड़े। डीएपी की कीमत 1350 रुपये प्रति 50



किलोग्राम बैग पर बनी रहे, यह सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार ने 37,216.15 करोड़ रुपए की एनबीएस सब्सिडी को मंजूरी दी है। इससे करोड़ों किसानों को फायदा होगा। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने हाइब्रिड एन्युटी मोड पर बिहार में 4-लेन ग्रीनफील्ड और ब्राउनफील्ड पटना-आरा-सास-राम कॉरिडोर (एनएच-119ए) (120.10 किमी) के निर्माण को मंजूरी दी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि यह परियोजना पटना-आरा-सासाराम को जोड़ेगी। यह परियोजना 5 राष्ट्रीय राजमार्गों और 4 राज्य राजमार्गों को जोड़ेगी।इससे बिहार में भीड़भाड़ काफी कम हो जाएगी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि कोसी नदी पूरे बिहार राज्य में बहने वाले पानी का एक प्रमुख स्रोत है और कोसी नदी के पानी को मेची नदी से जोड़ने के लिए 6,282 करोड़ रुपए की एक बड़ी परियोजना को मंजूरी दी गई है।इस परियोजना से भारी आर्थिक लाभ होगा और आपदा प्रबंधन में महत्व-पूर्ण सहायता मिलेगी।

## मंत्रिमंडल ने 22,919 करोड़ रुपये की इलेक्ट्रॉनिक कलपुर्जा विनिर्माण योजना को मंजूरी दी

**नयी दिल्ली :** सरकार ने इलेक्ट्रॉनिक्स कलपुर्जा विनिर्माण में भारत को आत्मनिर्भर बनाने, इस क्षेत्र में बड़े निवेश को आकर्षित करने और रोजगार सृजित करने के लिए शुक्रवार को 22,919 करोड़ रुपये की योजना को मंजूरी दी। यह देश में पहली ऐसी योजना है जो निष्क्रिय इलेक्ट्रॉनिक घटकों के विनिर्माण को बढ़ावा देने पर केंद्रित है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इलेक्ट्रॉनिक्स कलपुर्जा विनिर्माण परिवेश में बड़े पैमाने पर वैश्विक एवं घरेलू निवेश को आकर्षित करके एक मजबूत आपूर्ति शृंखला का विकास करने के मकसद से 'इलेक्ट्रॉनिक्स कलपुर्जा विनिर्माण योजना' को मंजूरी दी। इस पहल से क्षमता एवं योग्यता विकसित कर और भारतीय कंपनियों को वैश्विक मूल्य शृंखलाओं (जीवीसी) के साथ एकीकृत करके घरेलू मूल्यवर्धन (डीवीए) में भी वृद्धि होने की उम्मीद है। इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों का घरेलू उत्पादन वित्त वर्ष 2014-15 के 1.90 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 2023-24 में 9.52 लाख करोड़ रुपये हो गया है। यह सालाना 17 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर को दर्शाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल बैठक में लिए गए इस फैसले की जानकारी इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दी। वैष्णव ने संवाददाताओं से कहा, इलेक्ट्रॉनिक्स कलपुर्जा विनिर्माण योजना के तहत निष्क्रिय घटकों को मंजूरी दी गई है। इसका कुल पैकेज 22,919 करोड़ रुपये का है। यह छह साल में पूरी होगी। उन्होंने कहा कि इस योजना से 91,600 लोगों के लिए प्रत्यक्ष रोजगार पैदा होगा और लगभग 59,350 करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित होगा।

### मंत्रिमंडल ने फॉस्फेट, पोटाश उर्वरकों पर 37,216 करोड़ रुपये सब्सिडी को मंजूरी दी

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को इस साल खरीफ (ग्रीष्मकालीन) सत्र के लिए फॉस्फेट एवं पोटाश (पीएंडके) आधारित उर्वरकों पर 37,216 करोड़ रुपये की सब्सिडी देने को मंजूरी दी। सरकार की तरफ से दी जाने वाली यह सब्सिडी उचित दर पर मृदा को पोषक तत्व उपलब्ध कराने के प्रयासों का हिस्सा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल ने फॉस्फेट और पोटाश (पीएंडके) आधारित उर्वरकों पर एक अप्रैल, 2025 से 30 सितंबर, 2025 तक के लिए पोषक-तत्व आधारित सब्सिडी (एनबीएस) की दरें तय करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी।

## डल्लेवाल ने पानी पीकर अनिश्चितकालीन अनशन समाप्त किया: पंजाब सरकार ने न्यायालय से कहा

**नयी दिल्ली :** पंजाब सरकार ने उच्चतम न्यायालय को बताया कि किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल कर रहे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने शुक्रवार की सुबह पानी पीकर अनशन समाप्त कर दिया। पंजाब के महाधिवक्ता गुरमिंदर सिंह ने न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ से कहा कि प्रशासन ने खनौरी और शंभू बॉर्डर पर प्रदर्शनकारी किसानों को तितर-बितर कर दिया है और सभी अवरुद्ध सड़कों एवं राजमार्गों को यातायात के लिए खोल दिया गया है। पीठ ने डल्लेवाल के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि वह एक सच्चे किसान नेता हैं जिनका कोई राजनीतिक एजेंडा नहीं है। पीठ ने कहा, ''हम जानते हैं कि कुछ लोग किसानों की शिकायतों का निपटारा नहीं चाहते। हम स्थिति से अनभिज्ञ नहीं हैं। हम सब कुछ जानते हैं।'' पीठ ने पंजाब और हरियाणा सरकार से जमीनी हालात के बारे में स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने को कहा। शीर्ष अदालत ने किसानों की शिकायतों पर गौर करने के लिए गठित उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली उच्चाधिकार प्राप्त समिति को एक पूरक स्थिति रिपोर्ट भी दाखिल करने को कहा।

## महाराष्ट्र : नासिक में 2027 में होने वाले कुंभ मेले के नाम को लेकर अखाड़ों में मतभेद

**नासिक :** मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के 23 मार्च को हुए दौरे के बाद महाराष्ट्र के नासिक में वर्ष 2027 में होने वाले सिंहस्थ कुंभ मेले की तैयारियों में तेजी आ गई है, लेकिन इस विशाल मेले के नाम को लेकर मतभेद पैदा हो गए हैं। मुख्यमंत्री के दौरे के दौरान त्र्यंबकेश्वर अखाड़ों के प्रतिनिधियों ने मांग की थी कि इस उत्सव को त्र्यंबकेश्वर-नासिक सिंहस्थ कुंभ मेला कहा जाए। हालांकि नासिक नगर निगम मुख्यालय में अधिकारियों के साथ हाल ही में हुई बैठक के दौरान नासिक अखाड़ों के नेताओं ने इस बात पर जोर दिया कि नाम नासिक कुंभ मेला ही रखा जाना चाहिए। नासिक अखाड़ों के साधुओं और महंतों ने यह भी मांग की कि उन्हें राज्य सरकार द्वारा स्थापित किए जाने वाले सिंहस्थ कुंभ मेला प्राधिकरण में शामिल किया जाए तथा कुंभ के लिए 500 एकड़ से अधिक भूमि स्थायी रूप से आरक्षित की जाए।

## आरेडिका में 45वीं अखिल भारतीय रेलवे महिला हॉकी प्रतियोगिता 2025 का समापन

**रायबरेली :** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में सात दिवसीय हुए 45वीं अखिल भारतीय रेलवे महिला हॉकी प्रतियोगिता 2025 का भव्य समापन आज पूरे उत्साह के साथ महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा एवं आरेडिका महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा भारती मिश्रा एवं उच्च अधिकारियों की उपस्थिति में हुआ। 7 दिन चली इस प्रतियोगिता में रेलवे जोन, प्रोडक्शन यूनिटों सहित कुल 9 टीमों के खिलाड़ी तथा रेलवे बोर्ड के ऑब्जर्बर, टेक्निकल ऑफिशियल, एथलेटिक फेडरेशन एवं रेलवे बोर्ड स्पोर्टस प्रमोशन बोर्ड के पदाधिकारी सहित कुल 200 लोग ने शामिल हुए। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला मध्य रेलवे बम्बई और रेल कोच फैक्ट्री कपूरथला के मध्य खेला गया। इस में दोनों टीमें 2-2 गोल के साथ बराबरी पर रहीं एवं पेनल्टी सूट के आधार पर निर्णय हुआ जिसमें मध्य रेलवे बम्बई 2-1 से विजेता रहीं वहीं रेल कोच फैक्ट्री कपूरथला की टीम उप विजेता रही। महाप्रबंधक महोदय ने विजेता टीमों को विजय ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया एवं सभी खिलाड़ियो को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की। 45वीं अखिल




भारतीय रेलवे महिला हॉकी प्रतियोगिता 2025 में खेले कई खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर खेल चुके हैं, और वर्तमान में भी प्रतिभाग करते हैं। आरेडिका खेल-कूद संघ के अध्यक्ष एवं प्रधान वित सलाहकार बीएल मीना ने बताया कि आगुन्तक खिलाड़ियों, कोचों, टेक्नीकल ऑफिशियल और रेलवे बोर्ड के अधिकारियों के लिए आरेडिका के खेलकूद संघ द्वारा रहने-खाने की उचित व्यवस्था की गयी। खिलाड़ियों के उचित मार्गदर्शन हेतु एक नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गयी। जिससे खिलाडियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा और प्रतियोगता का सफल अयोजन हो सका। इस अवसर पर आरेडिका खेलकूद संघ के अध्यक्ष तथा प्रधान वित्त सलाहकार बीएल मीना, प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता विवेक खरे, प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक राजीव खण्डेलवाल, प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रमेश चन्द्रा, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी रूपेश आरेडिका खेल-कूद विशेष अधिकारी पदमश्री एवं अर्जुन आवार्डी सुधा सिंह, आरेडिका खेलकूद संघ के सचिव एवं वित सलाहकार एवं मुख्य लेखा अधिकारी अरविन्द कुमार, आरेडिका खेलकूद संघ के सभी सदस्यों सहित उच्चाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## प्रयागराज में विद्युत कर्षण के 100 वर्ष के उपलक्ष्य में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

**प्रयागराज :** केंद्रीय रेल विद्युतीकरण खेल-कूद संघ (रेसा) द्वारा विद्युत कर्षण के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रयागराज स्थित कोर मुख्यालय के मैत्री क्लब में एक भव्य खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में क्रिकेट, टेबल टेनिस (टीटी), बैडमिंटन, शतरंज, कैरम, और बिलियर्ड्स जैसे खेलों का आयोजन किया गया। जिसमें कोर मुख्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में मुख्य प्रशासनिक अधिकारी यतेंद्र कुमार ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई दी। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कोर के महाप्रबंधक संजय कुमार श्रीवास्तव के आगमन पर संजय सिंह नेगी, मुख्य बिजली इंजीनियर (पीएंडडी) और वंदना श्रीवास्तव, अध्यक्ष/रेल विद्युतीकरण महिला कल्याण संगठन (रीवो) ने चंचला, कोषाध्यक्ष/रीवो



द्वारा पौधा भेंट कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर उपेंद्र कुमार, मुख्य बिजली इंजीनियर (कार्य) और कोर मुख्यालय के सभी विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, विजेता, उपविजेता और प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ी भी उप-स्थित रहे। कोर के महाप्रबंधक एवं रीवो के अध्यक्षा ने खेल प्रतियोगिता में विजेता और उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किया और सांस्कृतिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागियों को भी सम्मानित किया। महाप्रबंधक ने विजेता और उपविजेता टीमों को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं हमें यह सिखाती हैं कि हमें अंतिम क्षण तक हिम्मत नहीं हारनी चाहिए और बिना परिणाम की चिंता किए हमें अपना शत-प्रतिशत देना चाहिए। इस समारोह का संचालन रेसा के कोषाध्यक्ष प्रदीप तिवारी और धन्यवाद ज्ञापन रेसा के सचिव कल्याण सिंह ने किया।

युगाब्द ५१२७ | सृष्टि सम्वत् १९५५८८५१२६ | विक्रम सम्वत् २०८२

# सुस्वागतम् भारतीय नववर्ष

## चैत्र शुक्ल प्रतिपदा - विक्रम सम्वत् २०८२ की पूर्व संध्या पर
## चैत्र कृष्ण अमावस्या २९ मार्च २०२५ (शनिवार)





## भव्य शोभायात्रा

**समय** : सायं ४.०० बजे से
**स्थान** : पाथुरिया घाट स्ट्रीट, कोलकाता (बिन्नानी धर्मशाला के पास) से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए भूतनाथ मन्दिर के पास समापन।

## माँ गंगा महाआरती

(निर्मल गंगा चेतना मंच के द्वारा)

**समय** : सायं ७.०० बजे से
**स्थान** : भूतनाथ मन्दिर के पास

| | | |
|---|---|---|
| उद्घाटनकर्ता | : | श्री सजन कुमार बंसल, विशिष्ट समाज सेवी |
| दीप प्रज्वलनकर्ता | : | श्री सत्यनारायण देवरालिया, विशिष्ट समाजसेवी |
| प्रधान वक्ता | : | श्री प्रमोद गुप्ता, विशिष्ट समाजसेवी |
| कार्यक्रम अध्यक्ष | : | श्री बसंत सेठिया, विशिष्ट समाजसेवी |
| प्रधान अतिथि | : | श्री बिनय दुबे, विशिष्ट समाजसेवी |
| विशिष्ट अतिथिगण | : | श्री मुकुंद दास राठी, विशिष्ट समाजसेवी |
| | | श्री विजय उपाध्याय, पार्षद - वार्ड २० |
| | | श्री बिमल कुमार बिड़ला, विशिष्ट समाजसेवी |
| | | श्री किशन किल्ला, विशिष्ट समाजसेवी |
| कार्यक्रम संयोजक | : | श्री सुभाष मुरारका, विशिष्ट समाजसेवी |

### स्वागत समिति

| | |
|---|---|
| श्री देवकी नंदन तोदी | श्री सुशील धेलिया |
| श्री राजेश सारडा | श्री विकास धनानिया |
| श्री तिनकोडी दत्ता | श्री आनंद मूंधड़ा |
| श्री नीरज सांगानेरिया | श्री अमित चौधरी |
| श्रीमती पूर्णिमा कोठारी | श्री बीरेन्द्र मोदी |
| श्रीमती मीना देवी पुरोहित | श्री शंभु मोदी |
| श्री विजय ओझा | श्री संदीप चौधरी |
| श्री अजय जालान | श्री नीतीश अग्रवाल |
| श्री विभास मजूमदार | श्री हिमांशु रस्तोगी |
| श्री शशि प्रकाश नारसरिया | श्री तेज बहादुर सिंह |
| श्री ब्रह्मानंद बंग | श्री राजेश अग्रवाल (लाला) |
| श्री अशोक अग्रवाल | श्री विजय हरभजनका |
| श्री सुनील खेतान | श्री संजय रस्तोगी |
| श्री चंद्रमोहन अग्रवाल | श्री राजेश गुप्ता |
| श्री अशोक डागा | श्री सुशील मूंधड़ा |
| श्री अमित भालोटिया | श्री राम तापड़िया |
| श्री मीनू पिलानीवाला | श्री अजीत वर्मा |
| श्री प्रकाश किल्ला | श्री देवेंद्र बंसल |

### मार्गदर्शक मंडल

श्री लक्ष्मीकान्त तिवारी, श्री विश्वनाथ सेकसरिया, श्री रमेश सरावगी, श्री जयंत पाल

**संरक्षकगण :**
श्री भोजराज सरावगी, श्री महावीर बजाज, श्री कैलाश विनोद सुल्तानिया

**अध्यक्ष :**
आचार्य राकेश कुमार पाण्डेय

**उपाध्यक्ष :**
संजय मंडल, राजकुमार भाला, महेश केडिया, अजय धोना, बृजेश झा

**मंत्री :**
शैलेश कुमार बागड़ी

**उप मंत्री :**
राजू लाठ, आर्य नितिन

**कोषाध्यक्ष :**
कमल साह

**संपर्क :**
बृजेश बागड़ी, आनंद नारसरिया, जतिन सेवक

**प्रचार :**
अपूर्वा पांडेय, यश बिनानी, प्रीति सेठिया

**कार्यक्रम व्यवस्थापक :**
कुसुम मोदी, प्रमोद बागड़ी, शिव सोनकर, पवन गुप्ता, कौशिक घोष, हिमांशु सोनी, सुरेश साव, दिनेश केडिया
विनय त्रिपाठी, जसवीर सिंह नरूला, अमित तिवारी, रोहित शर्मा, राकेश रावत

**विशेष :** चैत्र शुक्ल की प्रतिपदा (एकम्) से प्रातः ७ कोमल नीम की पत्ती, १ काली मिर्च एवं रस्सी वाली मिश्री के साथ ९ दिन सेवन करने से त्वचा एवं अनेक व्याधियों से रक्षा होती है।

### आयोजक

## भारतीय संस्कृति संवर्द्धन समिति, कोलकाता

२८, ताराचन्द दत्त स्ट्रीट, २तल्ला, कोलकाता - ७०००७३, दूरभाष : ९९०३०१४३३२, ९४३३०५१६८७, ९३३९५५८२७१

### सहयोगी संस्थाएं

निर्मल गंगा चेतना मंच, श्याम मंदिर (आलम बाज़ार), संस्कृति प्रचार समिति, विश्व हिन्दू परिषद, गायत्री परिवार, श्याम प्रेम मंडल (काठगोला), स्वर्णिम फाउंडेशन, श्री मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार महिला समिति

**सौजन्यः** SKIPPER Limited | Saraogi | MACHO SPORTO | We Carry With Care | Happy Healing

वर्ष 9, पूर्णांक 4190 अंक 340, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in